निष्पक्ष एवं निर्भीक हिन्दी दैनिक

# नवबिहार टाइम्स

• बोकारो, गुरुवार, 26 जून 2025 • वर्ष : 09 • अंक : 40 • पृष्ठ : 12 • मूल्य : 3.00 रु. • RNI No. : JHAHIN2017/72655 • बोकारो व औरंगाबाद से प्रकाशित


### देश और दुनिया के इतिहास में आज की प्रमुख घटनाएं

**1498:** चीन में पहला टूथ ब्रश बना।

**1714:** स्पेन और नीदरलैंड ने व्यापार एवं शांति समझौते पर हस्ताक्षर किए।

**1945:** सैन फ्रांसिस्को में 50 देशों ने संयुक्त राष्ट्र घोषणा पत्र पर हस्ताक्षर किए।

**1949:** बेल्जियम के चुनाव में महिलाओं को मतदान का अधिकार मिला।

**1982:** एयर इंडिया का पहला बोईंग विमान 'गौरीशंकर' दुर्घटनाग्रस्त।

### केंद्र की नरेन्द्र मोदी कैबिनेट ने झारखंड को दी बड़ी सौगात

# झरिया संशोधित मास्टर प्लान के लिए 5940 करोड़ मंजूर

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**नयी दिल्ली।** केंद्र सरकार ने बुधवार को कैबिनेट बैठक में तीन अहम फैसलों पर मुहर लगाई। आपातकाल की 50वीं बरसी के मौके पर कैबिनेट ने एक प्रस्ताव पास किया। इस प्रस्ताव में 1975 में लगे आपातकाल को 'लोकतंत्र की हत्या' बताया गया और इसकी कड़ी निंदा की गई। इसके साथ ही आगरा में एक अंतरराष्ट्रीय आलू केंद्र बनाने और पुणे मेट्रो के फ़ेज-2 को मंजूरी दी गई। इसके अलावा केंद्रीय मंत्रिमंडल ने अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ला के अंतरिक्ष मिशन के सफल प्रक्षेपण का स्वागत करते हुए प्रस्ताव पारित किया। केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बुधवार को कैबिनेट ब्रीफिंग के दौरान आपातकाल की घोषणा के 50 वर्ष पूर्ण होने पर केंद्रीय मंत्रिमंडल का प्रस्ताव पढ़ा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में आज केंद्रीय मंत्रिमंडल ने आपातकाल से लड़ने वाले अनगिनत लोगों के बलिदानों का स्मरण करने का संकल्प लिया। केंद्रीय मंत्रिमंडल ने संविधान की हत्या के प्रयास को असफल करने वाले इन प्रजातंत्रों के प्रति सम्मान व्यक्त किया। कैबिनेट ने पुणे मेट्रो रेल परियोजना चरण-2 को मंजूरी दी है। वनज से चांदनी चौक (कॉरिडोर 2ए)



और रामवाड़ी से वाघोली/विट्ठलवाड़ी (कॉरिडोर 2बी), मौजूदा पुणे मेट्रो चरण-1 (वनज-रामवाड़ी) का विस्तार है। ये दो एलिवेटेड कॉरिडोर 12.75 किलोमीटर तक फैले होंगे और इनमें 13 स्टेशन शामिल होंगे, जो चांदनी चौक, बावधन, कोथरुड, खराडी और वाघोली जैसे तेजी से विकसित हो रहे उपनगरों को जोड़ेंगे। परियोजना को चार साल के भीतर पूरा करने की योजना है। सरकार ने झारखंड के कोयला क्षेत्र झरिया में भूमिगत आग से निपटने और प्रभावित परिवारों के पुनर्वास के लिए बुधवार को 5,940 करोड़ रुपये के संशोधित झरिया मास्टर प्लान (जेएमपी) को मंजूरी दी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में हुई केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में इस फैसले को मंजूरी दी गई। संशोधित योजना के कार्यान्वयन के लिए कुल वित्तीय परिव्यय 5,940.47 करोड़ रुपये है। संशोधित मास्टर प्लान में प्रभावित क्षेत्रों से पुनर्वासित किए जा रहे परिवारों के लिए सतत आजीविका सृजन पर विशेष बल दिया गया है। इसके तहत लक्षित कौशल विकास कार्यक्रम चलाए जाएंगे और पुनर्वास वाले परिवारों की आर्थिक आत्मनिर्भरता सुनिश्चित करने के लिए आय-सृजन के अवसर भी पैदा किए जाएंगे। झारखंड के धनबाद जिले में आग, भूस्खलन और पुनर्वास से निपटने के लिए झरिया मास्टर प्लान को केंद्र सरकार ने अगस्त, 2009 में मंजूरी दी थी। इसकी कार्यान्वयन अवधि 10 वर्ष और कार्यान्वयन-पूर्व अवधि दो वर्ष रखी गई थी। इसपर 7,112.11 करोड़ रुपये का अनुमानित निवेश किया गया था। हालांकि, पिछली मास्टर प्लान योजना वर्ष 2021 में खत्म हो गई थी।

# सीबीएसई 2026 से साल में दो बार लेगी 10वीं की बोर्ड परीक्षा

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**नयी दिल्ली।** सीबीएसई ने 2026 से साल में दो बार कक्षा 10 की बोर्ड परीक्षा आयोजित करने के मानदंडों को मंजूरी दी। यह जानकारी परीक्षा नियंत्रक संयम भारद्वाज ने दी है। सीबीएसई कक्षा 10वीं की बोर्ड परीक्षाएं वर्ष में दो बार आयोजित करेगा। पहला चरण फरवरी में आयोजित किया जाएगा और दूसरा चरण मई में होगा। कक्षा 10 के छात्रों के लिए बोर्ड परीक्षा के पहले चरण में उपस्थित होना अनिवार्य, दूसरा चरण वैकल्पिक रहेगा। आंतरिक मूल्यांकन केवल एक बार किया जाएगा। इस फैसले के बाद छात्रों को अपने अंकों में सुधार का मौका मिल पाएगा। यदि किसी छात्र के अंक पहले चरण में कम रह जाते हैं तो वह दूसरे चरण में अच्छा प्रदर्शन करके सुधार कर सकेगा। केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड ने कक्षा 10वीं के लिए वर्ष में दो बार बोर्ड परीक्षा आयोजित करने के मानदंडों को मंजूरी दे दी है, जो नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) में अनुशंसित एक कदम है। सीबीएसई परीक्षा नियंत्रक संयम भारद्वाज ने कहा कि पहला चरण फरवरी में और दूसरा मई में आयोजित किया जाएगा। दोनों चरणों के परिणाम क्रमशः अप्रैल और जून में घोषित किए जाएंगे। छात्रों के लिए पहले चरण में शामिल होना अनिवार्य होगा जबकि दूसरा चरण वैकल्पिक होगा। छात्रों को विज्ञान, गणित, सामाजिक विज्ञान और भाषाओं में से किसी तीन विषयों में अपने प्रदर्शन को बेहतर बनाने की अनुमति होगी। स्वीकृत मानदंडों के अनुसार, शीतकालीन सत्र में भाग लेने वाले स्कूलों के कक्षा 10वीं के छात्रों को किसी भी चरण में बोर्ड परीक्षा में बैठने का विकल्प मिलेगा। शैक्षणिक सत्र के दौरान आंतरिक मूल्यांकन केवल एक बार किया जाएगा।सीबीएसई ने फरवरी में मसौदा मानदंडों की घोषणा की थी। बाद में इनपर हितधारकों की प्रतिक्रिया के लिए इसे सार्वजनिक डोमेन में रखा गया था। यह निर्णय नई शिक्षा नीति की सिफारिशों के अनुरूप है, जिसके अनुसार बोर्ड परीक्षाओं के उच्च-दांव पहलू को खत्म करने के लिए, सभी छात्रों को किसी भी स्कूल वर्ष के दौरान दो मौकों पर परीक्षा देने की अनुमति दी जाएगी।

## संक्षिप्त समाचार

### स्कूल से लौट रहे बच्चे की मौत

**कोडरमा(नबिटा ब्यूरो)।** जिले के जेजे कॉलेज के पास दर्दनाक सड़क हादसे में पांच वर्षीय बच्चे की मौत हो गई। मृतक की पहचान विनिल हांसदा के रूप में हुई है। वह जीवन ज्योति स्कूल में नर्सरी का छात्र था। घटना उस समय हुई जब विनिल स्कूल से छुट्टी के बाद एक पड़ोसी महिला के साथ घर लौट रहा था। सड़क की दूसरी ओर उसकी मां खड़ी थी। बच्चे ने मां को देखते ही बिना रुके सड़क पार करने की कोशिश की और सीधे टोटो के सामने आ गया।

### कर्ज से परेशान होकर युवक ने की आत्महत्या

**धनबाद(नबिटा ब्यूरो)।** जिले के दूहाटांड़ में रहने वाले 25 वर्षीय विकास कुमार ने ऑनलाइन गेम में रुपए हार जाने के बाद कर्ज से परेशान होकर फांसी लगा ली। उसका शव घर में फंदे से लटका मिला। मौके से एक पेज का सुसाइड नोट भी परिजनों को मिला। उसमें लिखा था कि कर्ज से तंग आकर जान दे रहा हूं। सब मेरी गलती है। शोर मचाने पर आसपास के लोग जुटे। पुलिस भी आई और शव को फंदे से उतारकर पोस्टमॉर्टम हाउस भेज दिया गया। सुसाइड नोट पुलिस ने जब्त कर लिया है।

### रेलवे लाइन से शव बरामद

**रामगढ़ (नबिटा ब्यूरो)।** जिले के बरकाकाना रेलमार्ग पर भदानीनगर चैनगढ़ा स्थित रेलवे लाइन पर एक अज्ञात व्यक्ति का क्षत-विक्षत शव मिला है। शव पिलर नंबर 109/5 के पास से बरामद किया गया। घटना की सूचना मिलते ही रेल पुलिस और भदानीनगर पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस शव की पहचान करने का प्रयास कर रही है। अभी तक यह पता नहीं चल पाया है कि मृतक कौन है और कहां का रहने वाला है। पुलिस सभी पहलुओं पर जांच कर रही है। भदानीनगर पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है।

### मुठभेड़ में घायल

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** राजधानी पटना में एक बार फिर पुलिस और अपराधियों के बीच मुठभेड़ हुई है। बुधवार दोपहर बाद गंगा नदी के किनारे स्थित जेपी गंगा पथ पर बिहार पुलिस की स्पेशल टास्क फोर्स और बदमाशों के बीच यह एनकाउंटर हुआ। इस दौरान मोहम्मद राजा नामक एक वांछित अपराधी पुलिस की गोली से घायल हो गया। उसे पैर में गोली लगी है। उसे फिलहाल इलाज के लिए पीएमसीएच में भर्ती कराया गया है।

### बहस के दौरान कोर्ट में बुजुर्ग की मौत

**मधुबनी(नबिटा ब्यूरो)।** कोर्ट परिसर में एक बुजुर्ग व्यक्ति की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। मृतक की पहचान खजौली थाना क्षेत्र निवासी महेश्वर सिंह के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि घटना तब हुई जब महेश्वर सिंह भूमि विवाद से जुड़े एक मामले में कोर्ट आए हुए थे।

# सूकर व्यवसायी दो भाइयों को मारी गोली

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**हजारीबाग।** जिले के केरेडारी प्रखंड में बुधवार को अपराधियों ने सूकर व्यवसायी दो भाइयों को गोली मार दी। घटना के पीछे रंगदारी ना देना कारण माना जा रहा है। घायल कालेश्वर बेदिया और बैजू बेदिया बड़कागांव के लुनगा गांव के रहने वाले हैं। दोनों बीजीआर कंपनी से अपशिष्ट भोजन लेकर ऑटो से अपने फार्म लौट रहे थे। इसी दौरान उन पर फायरिंग की गई। जख्मी बैजू ने बताया कि तीन बाइक से 6 लड़के आए थे और गोली मार दी। जख्मी बैजू ने बताया कि पतरा पुल के पास तीन बाइक से आए छह अपराधियों ने उन्हें ओवरटेक कर रोका और दोनों भाइयों पर तीन राउंड फायरिंग कर दी। घायल कालेश्वर की पत्नी रीना देवी के अनुसार करीब 20-25 दिन पहले कुछ लोगों ने उनसे 5 लाख रुपए की रंगदारी मांगी थी। धमकी को नजरअंदाज करने के बाद यह हमला हुआ। वहीं, स्थानीय लोगों की मदद से दोनों घायलों को शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया है। उनकी हालत अब स्थिर है। इधर, सीकरी थाना पुलिस ने इलाके की घेराबंदी कर जांच शुरू कर दी है। थाना प्रभारी ने बताया कि अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस काम कर रही है।

# कोयल नदी में डूबने से बड़े भाई की मौत, छोटे को बचाया

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**मेदिनीनगर (पलामू)।** रेहला थाना के सिगसिगी गांव के समीप कोयल नदी के गहरे पानी में डूबने से नवीं कक्षा के एक छात्र 15 वर्षीय साकेत राज सिंह की मौत हो गई। मृतक के छोटे भाई को वहां मछली मार रहे मछुआरों ने किसी तरह बचा लिया। जानकारी के अनुसार सिगसिगी के सहायक शिक्षक ॠतुराज सिंह की पत्नी, उनके दो बेटे व साला बुधवार को कोयल नदी की तरफ घूमने गए थे। इसी बीच दोनों बच्चे कोयल नदी में नहाने लगे। नहाने के क्रम में जब छोटा भाई सन्निराज सिंह गहरे पानी में डूबने लगा तब बड़े भाई साकेत राज सिंह ने उसे बचाने की कोशिश की। छोटे भाई को बचाने के दौरान वह खूद गहरे पानी में चला गया व डूब गया। परिजनों के शोरगुल सुनकर वहां मछली मार रहे गांव के प्रमोद चौधरी ने दौड़कर मृतक के छोटे भाई को किसी तरह पानी से बाहर निकाला। अचेत अवस्था में उसे गढ़वा सदर अस्पताल भेजा गया। चिकित्सक ने जांचोपरांत उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक रेहला ज्ञान निकेतन में आठवीं कक्षा में पढ़ता था। ज्ञान निकेतन के निदेशक अमित कुमार सिंह उर्फ बाबुल सिंह ने बताया कि साकेत राज काफी मेधावी छात्र थे। आठवी बोर्ड की परीक्षा में बेहतर अंक लाकर उत्तीर्ण हुए थे। इधर घटना के बाद परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

# बाइक चोर गिरोह का पर्दाफाश

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**धनबाद।** पुलिस ने बाइक चोर गिरोह का भंडाफोड़ कर दिया है। पुलिस ने 21 चोरी की बाइक और 2 मोबाइल फोन बरामद किया है। इस मामले में 5 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। पकड़े गए आरोपियों में धनबाद के मो. आरिफ अंसारी उर्फ आरिफ गद्दी और छोटू कुमार उर्फ छोटू पंडित शामिल हैं। बिहार के लखीसराय से सूरज कुमार, जामताड़ा से मो. असलम और धनबाद से जागो उर्फ जगदीश भुईया को गिरफ्तार किया गया है। एसएसपी प्रभात कुमार ने बताया कि जिले में बढ़ती बाइक चोरी की घटनाओं के मद्देनजर विशेष टीम बनाई गई थी। सिंदरी एसडीपीओ और झरिया थाना प्रभारी के नेतृत्व में पांच अलग-अलग स्थानों पर छापेमारी की गई। झरिया क्षेत्र से बरामद की गई बाइक के इंजन और चेसिस नंबर बदले गए थे। इन्हें फर्जी कागजात के साथ झारखंड और बिहार में बेचा जाना था।

# वैज्ञानिक तरीके से की जायेगी वनों की मौसमी निगरानी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**रांची।** झारखंड में अब वनों की मौसमी निगरानी उपग्रह और फ़ेनोकैम तकनीक के माध्यम से वैज्ञानिक तरीके से की जा सकेगी। इसके लिए मंगलवार को बिरला इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी, मेसरा, नेशनल रिमोट सेंसिंग सेंटर, हैदराबाद और झारखंड वन विभाग के बीच एक त्रिपक्षीय समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए। इस समझौते के अंतर्गत एक साझा शोध परियोजना की शुरुआत की जाएगी, जिसका उद्देश्य है फ़ेनोलॉजिकल मॉनिटरिंग यानी वनस्पतियों में मौसमी बदलावों की सटीक पहचान और अध्ययन करना। इस परियोजना के अंतर्गत झारखंड के वनों में फ़ेनोकैम आधारित फ़ेनोलॉजी मॉनिटरिंग प्रोग्राम शुरू किया जाएगा। इसमें सेटेलाइट



रिमोट सेंसिंग डाटा और ग्राउंड-बेस्ड फ़ेनोकैम टेक्नोलॉजी का समन्वित उपयोग किया जाएगा। इस तकनीक की मदद से जंगलों में पत्तों के उगने, फूलों के खिलने और झड़ने जैसे मौसमी बदलावों को सटीक रूप से कैप्चर किया जा सकेगा, जिससे वनों की मौसमी स्थिति और स्वास्थ्य की निगरानी वैज्ञानिक आधार पर संभव हो सकेगी। फ़ेनोकैम एक स्थायी डिजिटल कैमरा प्रणाली है, जिसे जंगलों में स्थापित किया जाता है। यह नियमित अंतराल पर पेड़-पौधों की तस्वीरें लेता है, जो मौसमी बदलावों को रिकॉर्ड करने में अत्यंत उपयोगी है। जब इन तस्वीरों को सेटेलाइट डाटा के साथ जोड़ा जाता है तो यह जलवायु परिवर्तन के प्रारंभिक संकेतों को पहचानने, वनों के स्वास्थ्य का विश्लेषण करने और उपग्रह आंकड़ों का जमीनी सत्यापन करने में भी मददगार होता है। समझौता हस्ताक्षर समारोह का आयोजन बीआइटी मेसरा के परिसर में हुआ। समझौते के औपचारिक आदान-प्रदान में सूरज सिंह, डॉ सुनीप दास और एनआरएससी के वैज्ञानिकों की उपस्थिति रही। इस अवसर पर डॉ सी जगनाथन, रवि रंजन, एसआर नटेश समेत विभिन्न डीन, फैकल्टी सदस्य और वन विभाग के अधिकारी भी उपस्थित थे।

# ब्राउन शुगर के साथ दो तस्कर गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**रांची।** नशे के तस्करों के खिलाफ रांची पुलिस का ऑपरेशन लगातार जारी है। इसी क्रम में डीआईजी सह रांची एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा को मिली गुप्त सूचना के आधार पर रांची के अरगोड़ा इलाके से 400 पुड़िया ब्राउन शुगर के साथ दो ड्रग्स पैडलर्स को गिरफ्तार किया गया है। डीआईजी सह रांची एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा को गुप्त सूचना मिली थी कि अरगोड़ा इलाके में कुछ नशे के तस्कर किराए के मकान में रह कर मादक पदार्थों का कारोबार कर रहे हैं। सूचना की पुष्टि होने के बाद सिटी एसपी के निर्देश पर हटिया डीएसपी के नेतृव में एक टीम का गठन किया गया। गठित टीम के द्वारा अरगोड़ा के अशोक कुंज स्थित कश्यप विहार में किराए के मकान में छापेमारी की गई। छापेमारी के दौरान मकान से दिनेश कुमार राम और शिवम कुमार को हिरासत में लिया गया। जब उनके कमरे की तलाशी ली गई तो वहां से 400 पुड़िया ब्राउन शुगर बरामद किया गया। गिरफ्तारी के बाद दोनों आरोपियों ने अपने तीन अन्य साथियों के नाम का भी खुलासा किया है। तीनों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस द्वारा छापेमारी की जा रही है। एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा ने बताया कि नशे के तत्वों के खिलाफ नो टॉलरेंस नीति के तहत लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में दो तस्करों को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तारी के दौरान मौके से भारी मात्रा में ब्राउन शुगर की पुड़िया बरामद की गई है। एसएसपी ने कहा कि गिरफ्तार तस्कर दिनेश का पुराना आपराधिक इतिहास भी रहा है। एसएसपी ने कहा कि राउरकेला में भी उसे मादक पदार्थों की खरीद बिक्री की वजह से गिरफ्तार कर जेल भेजा गया था।

# झारखंड में अब शोभायात्रा के दौरान नहीं कटेगी बिजली

## जेबीभीएनएल के एसओपी का पालन नहीं करने पर होगी कार्रवाई

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**रांची।** झारखंड में त्योहारों की शोभायात्रा के दौरान अब बिजली आपूर्ति बाधित नहीं होगी। हाईकोर्ट के निर्देश पर झारखंड बिजली वितरण निगम लिमिटेड यानी जेबीभीएनएल ने एसओपी जारी कर दिया है। आमतौर पर रामनवमी, सरहुल और मुहर्रम की शोभा यात्रा के दौरान बिजली काटना जरूरी हो जाता था क्योंकि बड़े-बड़े और ऊंचे महावीरी पताके, ताजिया और सरना झंडा के बिजली तार के संपर्क में आने से दुर्घटना की संभावना बनी रहती थी। अब इससे बचने के लिए एसओपी जारी हो गया है, जिसका पालन सभी आयोजकों, समितियों, श्रद्धालुओं और नागरिकों को करना होगा। इसका उल्लंघन करने पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। जेबीभीएनएल के एसओपी के अनुसार जुलूस और शोभायात्रा के दौरान झंडे, वाहन, साउंड सिस्टम और झांकियों की ऊंचाई 4 मीटर यानी 13 फीट से ज्यादा नहीं होनी चाहिए। बसों या किसी भी बड़े वाहन की छत पर किसी तरह का झंडा या ऊंची सामग्री लेकर बैठने पर रोक रहेगी, जिसकी कुल ऊंचाई 4 मीटर से अधिक हो। जुलूस के दौरान झंडा खड़ा करने पर इस बात का ध्यान रखना है कि वह किसी भी सूरत में बिजली तार के संपर्क में ना आए, जिससे कोई अप्रिय घटना घट जाए। जुलूस या शोभायात्रा के दौरान समितियों को पर्याप्त संख्या में वॉलंटियर्स तैनात करने होंगे, जो इस बात का ख्याल रखेंगे कि कोई भी झंडा बिजली तार के संपर्क में ना आए। शोभायात्रा के दौरान विद्युत विभाग की ओर से 24 घंटे चलने वाले विद्युत कंट्रोल रूम का गठन होगा। इसमें पर्याप्त संख्या में पदाधिकारी और कर्मी तैनात रहेंगे। यह लिस्ट आयोजन समितियों और जिला प्रशासन को मुहैया कराई जाएगी। साथ ही अखबारों और अन्य माध्यमों से इसका प्रचार-प्रसार भी किया जाएगा। किसी भी शोभायात्रा से पहले संबंधित रूट पर विद्युत के झुके हुए पोल, झुले हुए तार, ट्रांसफॉर्मर समेत अन्य विद्युत उपकरणों का मेंटेनेंस करवाया जाएगा। जेबीवीएनएल के एसओपी का अनुपालन सुनिश्चित कराने के लिए आयोजन समितियों को पूर्व में ही सूचित करते हुए जागरूक किया जाएगा। शोभायात्रा वाले रूट पर पर्याप्त संख्या में विद्युत कर्मी तैनात रहेंगे। शोभायात्रा के रूट में पड़ने वाले ट्रांसफॉर्मर और अन्य विद्युत उपकरणों को चेतावनी वाले साइन के साथ अस्थायी रूप से बैरिकेड किया जाएगा। शोभायात्रा के दौरान ऊंचे वाहनों के इस्तेमाल पर रोक रहेगी। दरअसल, त्योहार के दौरान शोभायात्रा की वजह से 10-10 घंटे बिजली काटे जाने पर हाईकोर्ट ने स्वतः संज्ञान लिया था। इस दौरान आम लोगों को होने वाली परेशानी से निजात के लिए हाईकोर्ट ने वैकल्पिक उपाय को लेकर जवाब मांगा था। कोर्ट ने कहा था कि गर्मी में बिजली कटने से बुजुर्ग, बीमार, गर्भवती महिलाएं, छोटे बच्चे, परीक्षार्थी पर ज्यादा असर पड़ता है। बिजली के अभाव में व्यापारिक प्रतिष्ठान बंद होने से राजस्व का नुकसान होता है। अस्पताल भी प्रभावित होते हैं।


FOR REGISTRATION : ISO, TRADE MARK, PATENT
DESIGN AND COPYRIGHT, ATTORNEY
GLOBAL VISION
(A Complete Solution in Professional Services)
: Regd. Office/ Head Office :
Manaitand, Near Water Tank
Dhanbad, Jharkhand- 826001
Command Office : Jagat Trade Centre, Patna
Contact No.- 9835333441, 8210823092
E-Mail : globalvision96@yahoo.in

## संक्षिप्त समाचार

### अहियापुर व सदर थाना क्षेत्र से पांच छात्राएं लापता

**मुजफ्फरपुर, एजेंसी।** अहियापुर और सदर थाना क्षेत्र के अलग-अलग मोहल्लों से पांच छात्राएं लापता हो गई हैं। उनके परिजनों ने अपहरण की आशंका जताते हुए एफआईआर दर्ज कराई है। पुलिस मोबाइल कॉल डिटेल के आधार पर उनकी तलाश में जुटी है। मीनापुर थाना के मूल निवासी छात्रा के पिता ने पुलिस को बताया कि 16 जून को 18 वर्षीय पुत्री घर से अपना तमाम शैक्षणिक प्रमाणपत्र और 12 हजार कैश लेकर गायब हो गई। पिता ने अपनी ससुराल के गांव के आकाश कुमार पर पुत्री के अपहरण की आशंका जताई है। बताया है कि दोनों मोबाइल पर अकसर बात करते थे। सीतामढ़ी के महिंदवारा थाना इलाके के एक व्यक्ति ने पुलिस को बताया कि 17 वर्षीय पुत्री इंटर में पढ़ाई करती है। वह शहबाजपुर में किराये पर रहने वाले एक युवक से मोबाइल पर बात करती थी। 20 जून से बेटी गायब है। आशंका है कि मोबाइल पर बात करने वाला युवक सिद्धार्थ कुमार ने बहला फुसलाकर उसका अपहरण किया है। अहियापुर के हरपर लहौरी गांव में नानी के घर में पढ़ाई के लिए रह रही इंटर की छात्रा 22 जून से लापता है। उसके मामा ने पुलिस में केस दर्ज कराया है। पुलिस को एक मोबाइल नंबर देते हुए बताया है कि छात्रा इसी नंबर पर अकसर बात करती थी। सदर थाना के रामदयालु नगर निवासी एक महिला ने अपनी 17 वर्षीय पुत्री के अपहरण का केस दर्ज कराया है। पुलिस को बताया है कि 20 जून को वह बेटी को अकेले घर पर छोड़कर बाजार गई थी। लौटी तो पुत्री घर में नहीं थी। उसका कोई सुराग नहीं मिल रहा है। इधर, सरैया की एक छात्रा सदर थाना के यादव नगर स्थित एक लाइब्रेरी में पढ़ने आती थी। 21 जून को वह वापस घर नहीं लौटी। विलंब होने पर घर वालों ने कॉल किया तो मोबइल नहीं उठाया। तब परिजन लाइब्रेसी पहुंचे। वहां छात्रा का मोबाइल मिला। परिजनों ने अनहोनी की आशंका जताते हुए अपहरण का केस दर्ज कराया है। पुलिस यादव नगर का सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है।

### चेंकिंग के दौरान पुलिसकर्मियों को थार से कुचलने की कोशिश

**पटना, एजेंसी।** पटना में चितकोहरा पुल के पास एक थार चालक ने ट्रैफिक पुलिसकर्मियों को कुचलने की कोशिश की। मंगलवार को दिन के एक बजे एक थार पटेल गोलंबर की ओर से आ रही थी। पुलिसकर्मियों ने चेकिंग के लिए रोकना चाहा तो चालक ने गाड़ी नहीं रोकी। पुलिसकर्मी आ गए, लेकिन चालक ने गाड़ी नहीं रोकी और कुचलने की कोशिश की। हालांकि सभी बाल-बाल बच गए। पुलिस ने मोबाइल से गाड़ी के रजिस्ट्रेशन नंबर का फोटो खींचना चाहा, लेकिन चालक ने मौका नहीं दिया। उसके बाद थार चालक गर्दनीबाग की ओर भाग गया। फौरन किसी ने ट्रैफिक पुलिस के अधिकारियों को इसकी सूचना दे दी। टैफिक पुलिस ने कंट्रोल रूम से मैसेज फ्लैश कराया कि काले रंग की थार गर्दनीबाग की ओर गई है। उसे पकड़ें। उसके बाद गर्दनीबाग, कोतवाली, सचिवालय, जक्कनपुर समेत आस-पास की थानों की पुलिस एक्टिव हो गई, लेकिन थार निकल गई। इधर, पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज खंगाला, लेकिन थार का पता नहीं लगा। ट्रैफिक एएसपी कुमार ने बताया कि थार का पता लगाया जा रहा है। 12 जून को वाहन चेकिंग के दौरान अटल पथ पर एसकेपुरी थाने के तीन पुलिसकर्मियों को स्कॉर्पियो ने रौंद दिया था, जिसमें महिला पुलिसकर्मी कोमल कुमारी की मौत हो गई थी,जबकि एसआई दीपक मणि और एएसआई अवधेश कुमार घायल हो गए थे।

## पटना में पूर्वी प्रक्षेत्र के राज्यों के ऊर्जा मंत्रियों का सम्मेलन

# केंद्रीय मंत्री खट्टर ने कहा- बिहार में न्यूक्लियर पावर प्लांट लगेगा

**पटना, एजेंसी।** केंद्रीय ऊर्जा मंत्री मनोहर लाल खट्टर ने कहा कि बिहार में न्यूक्लियर पावर प्लांट लगाया जाएगा। इस पर राज्य सरकार काम शुरू करे। इसमें केंद्र पूरी मदद करेगा। वर्ष 2034-35 तक बिजली की मांग 446 गीगावाट तक पहुंच सकती है। इसके लिए हर राज्य में कम से कम एक परमाणु बिजली संयंत्र स्थापित किया जाएगा। पहले चरण में ऐसे 6 प्लांट लगाए जाएंगे, जिसमें बिहार शामिल है। वे पटना में मंगलवार को पूर्वी प्रक्षेत्र के राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों के ऊर्जा मंत्रियों के सम्मेलन की अध्यक्षता करने के बाद मीडिया से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि भारत ने मई 2024 में 250 गीगावाट और 2025 में 242 गीगावाट की अधिकतम बिजली मांग को पूरा किया। इस साल के अंततक मांग 270 गीगावाट तक पहुंच सकती है। सभी राज्यों को मांग के अनुरूप बिजली मिल रही है। जिस राज्य में बिजली की कमी होगी, वहां केंद्रीय कोटा से दी जाएगी। अभी भारत भूटान, म्यांमार,



बांग्लादेश और नेपाल को बिजली निर्यात कर रहा है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि सम्मेलन में वर्ष 2035 तक पावर सेक्टर के लिए विजन तैयार किया गया है। बिहार ने 80 लाख स्मार्ट मीटर लगाकर रिकॉर्ड बनाया है। बिहार से बिजली स्टोरेज के लिए 1000 मेगावाट की मांग की गई है। अगले 6 महीने में अतिरिक्त 500 मेगावाट की सप्लाई कर दी जाएगी। इस साल अगस्त तक सरकारी कार्यालयों और कॉलोनियों, नवंबर तक वाणिज्यिक और औद्योगिक उपभोक्ताओं के लिए प्री-पेड स्मार्ट मीटर लगाने का लक्ष्य रखा गया है। केंद्रीय राज्य मंत्री श्रीपद येसो नाइक ने पीएम कुसुम योजना को दिसंबर 2025 तक पूरा करने और पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना को तेजी से लागू करने की अपील की। इस मौके पर बिहार के ऊर्जा मंत्री बिजेंद्र प्रसाद यादव, ओडिशा के उपमुख्यमंत्री कनक वर्धन सिंहदेव, झारखंड के शहरी विकास और आवास मंत्री सुदीव्य कुमार समेत वरीय अधिकारी मौजूद थे।

### सम्मेलन में बिहार की मांग

ऊर्जा मंत्री बिजेंद्र प्रसाद यादव ने 2000 मेगावाट क्षमता की बैटरी ऊर्जा भंडारण प्रणाली के लिए वायबिलिटी गैप फंडिंग की स्वीकृति, स्काडा प्रणाली के लिए 617.73 करोड़ रुपए की अनुमानित लागत को मंजूरी देने की मांग की। भूटान से बिहार को आवंटित 206 मेगावाट बिजली की जल्द आपूर्ति करने, तीस्ता, दिबांग, रैटल तथा किरू एचईपी परियोजनाओं से अतिरिक्त संयुक्त आवंटन की मांग की। जलविद्युत परियोजनाओं से 3,926 मेगावाट की स्वीकृति के बावजूद महज 159 मेगावाट बिजली मिलने पर चिंता जताई। नबीनगर पावर जनरेटिंग स्टेशन को पावर सिस्टम डेवलपमेंट फंड से वित्तपोषित करने, आरडीएसएस योजना के तहत लगाए जा रहे सिस्टम मीटरिंग से संबंधित खर्च को आरईसी से देने की मांग की गई है।

### हमारा गठबंधन टेस्टेड और ट्रस्टेड, हासिल करेंगे सत्ता - राजेश राम

**मुजफ्फरपुर, एजेंसी।** कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष राजेश कुमार राम ने कहा कि हमारा गठबंधन पांच दलों का है। एनडीए समर्थित सरकार को रोकेंगे। हम बिहार में पुनः सत्ता हासिल करेंगे। पार्टी हाई कमान सीट शेयरिंग पर निर्णय लेंगे। वे मंगलवार को तिलक मैदान स्थित जिला कांग्रेस कार्यालय में पत्रकारों को संबोधित कर रहे थे। बिहार में अकेले दम पर चुनाव लड़ने की जन सुराज के सूत्रधार प्रशांत किशोर की चुनौती पर प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि हम उनकी सलाह को तवज्जो नहीं देते है। वे जिस दल के साथ थे, पहले उन्हें सलाह दें। हमारा गठबंधन टेस्टेड और ट्रस्टेड है। इससे पहले उन्होंने माई बहिन मान योजना की समीक्षा की और कार्यकर्ताओं से फीडबैक लिया। कहा कि महागठबंधन की सरकार बनती है तो इसमें दामाद आयोग का गठन नहीं होगा। कार्यकर्ताओं को जगह दी जाएगी। मौके पर जिलाध्यक्ष अरविंद कुमार मुकुल ने कहा पिछली बार यहां की तीन सीटों में से एक हमारी झोली में आयी। दो कम अंतर से हारे। इस बार पांच से अधिक सीटें मिली तो हम और अधिक मजबूत होंगे।

## वार्ड सदस्य की गोली मारकर हत्या



**मुंगेर, एजेंसी।** मुंगेर के बरियारपुर थाना क्षेत्र में एक वार्ड सदस्य की गोली मारकर हत्या कर दी गई। मंगलवार शाम 6 बजे की यह घटना काली स्थान विजय नगर के पास की है। ईटहरी पंचायत के वार्ड 17 के सदस्य सर्वजीत कुमार उर्फ प्रेमजीत कुमार (32) वार्ड में पानी की सप्लाई का निरीक्षण करने गए थे। इसी दौरान एक अज्ञात व्यक्ति ने पीछे से उनके सिर में गोली मार दी। घायल प्रेमजीत को परिजन मुंगेर सदर अस्पताल ले गए। चिकित्सकों ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया।

**हमलावर की नहीं हुई पहचान :** परिजनों का कहना है कि उनकी किसी से कोई दुश्मनी नहीं है। हमलावर की पहचान भी नहीं हो पाई है। मृतक की शादी 2 महीने पहले भागलपुर जिले के घोघा गांव की विनिता कुमारी से हुई थी। वह तीन भाइयों में सबसे बड़े थे। घटना की सूचना मिलते ही सदर एसडीपीओ अभिषेक आनंद, मुफसिल थानाध्यक्ष और बरियारपुर थानाध्यक्ष सहित कई थानों की पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस टीम घटनास्थल की जांच कर रही है। साथ ही सदर अस्पताल में परिजनों से पूछताछ कर घटना के कारणों का पता लगाया जा रहा है। सदर डीएसपी अभिषेक आनंद खुद मौके पर पहुंचकर जांच का नेतृत्व कर रहे हैं।

**मामले की जांच जारी :** घटना का कारण पारिवारिक विवाद बताया जा रहा है विजयनगर चौक पर सब्जी का मार्केट लगता है जिस वक्त घटना घटी उस वक्त बड़ी संख्या में लोगों की उपस्थिति रहती है घटनास्थल पर चप्पल एवं एयरफोन बरामद किया गया है पुलिस मामले की छानबीन में जुटी हुई है।

विदित हो की थाना क्षेत्र के महदेवा हटिया के समीप एनएच पर पडिया निवासी आशीष कुमार की हत्या गोली मारकर 15 जून को रविवार को कर दी गई थी मात्र 9 दिन के बाद पुनः विजयनगर चौक एनएच पर अपराधियों ने विजयनगर निवासी परमजीत कुमार की गोली मारकर हत्या कर दी, अपराधियों का मनोबल बढ़ा हुआ है थाना क्षेत्र में लगातार हो रही हत्या से लोगों का बीच चर्चा का विषय बना हुआ है।

## रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह से मिले सांसद पप्पू यादव

### पूर्णिया में सैनिक स्कूल बनाने की मांग, अपनी जमीन पर केंद्रीय विद्यालय शुरू करने का आग्रह

**पूर्णिया, एजेंसी।** पूर्णिया से सांसद पप्पू यादव ने रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह से दिल्ली में मुलाकात की है। केंद्रीय मंत्री से मुलाकात में पूर्णिया समेत सीमांचल की सामरिक और शैक्षणिक आवश्यकताओं को लेकर सेंट्रल मिनिस्टर राजनाथ सिंह से आग्रह किया है। निर्दलीय सांसद ने पूर्णिया में सैनिक स्कूल की स्थापना, सेना भर्ती पूर्व-प्रशिक्षण केंद्र, सैनिक कल्याण बोर्ड के विस्तार सहित केन्द्रीय स्कूल पूर्णिया के लिए भूमि आवंटन और अपना भवन निर्माण की दिशा में ठोस कदम उठाने का अनुरोध किया है। सांसद पप्पू यादव ने रक्षा मंत्री को अवगत कराया कि पूर्णिया सामरिक, रणनीतिक और सामाजिक रूप से अत्यंत संवेदनशील है। यह इलाका नेपाल सीमा से सटा है और राष्ट्रीय सुरक्षा की दृष्टि से इसकी अहम भूमिका है। इस क्षेत्र के युवा लंबे समय से सेना में भर्ती होकर देश की सेवा करते आ रहे हैं, लेकिन उचित प्रशिक्षण सुविधाओं और आधारभूत ढांचे की कमी के कारण कई बार योग्य अभ्यर्थी पीछे रह जाते हैं।



### प्रारंभिक स्तर से ही मिलेगा सैन्य अनुशासन

उन्होंने रक्षा मंत्री से पूर्णिया में सैनिक स्कूल की स्थापना की विशेष मांग करते हुए कहा कि इससे युवाओं को प्रारंभिक स्तर से ही सैन्य अनुशासन और राष्ट्र सेवा की भावना के साथ शिक्षा मिल सकेगी। साथ ही, सेना भर्ती पूर्व प्रशिक्षण केंद्र खोलने का भी आग्रह किया, जिससे सीमांचल, झारखंड, बंगाल और असम के ग्रामीण युवा बेहतर तरीके से भारतीय सेना की तैयारियों में भाग ले सकें। सांसद ने ये भी बताया कि पूर्णिया के वायुसेना स्थल पर 2005 में स्थापित केंद्रीय विद्यालय आज भी किराए के भवन में संचालित हो रहा है। क्योंकि अब तक स्कूल के लिए भूमि का आवंटन वायुसेना की ओर से नहीं किया गया। उन्होंने रक्षा मंत्री से आग्रह किया कि इस स्कूल के लिए तुरंत भूमि आवंटित कर विद्यालय भवन निर्माण की प्रक्रिया शुरू कराई जाए, ताकि हजारों बच्चों की शिक्षा बाधित न हो। पप्पू यादव ने ईसीएचएस पॉलीक्लिनिक, सैन्य कैंटीन (सीएसडी), डीआरडीओ फील्ड यूनिट और एनसीसी इन्फ्रास्ट्रक्चर के विकास की भी मांग की। उन्होंने कहा कि इस क्षेत्र में शहीद स्मारक या वीर स्मृति स्थल की स्थापना भी की जानी चाहिए, ताकि नई पीढ़ी को प्रेरणा मिल सके। उन्होंने कहा कि ये मांगें केवल विकास नहीं, बल्कि राष्ट्र की सुरक्षा और सीमांचल क्षेत्र के गौरव से जुड़ी हैं। सांसद ने उम्मीद जताई कि रक्षा मंत्रालय जल्द ही इन प्रस्तावों पर गंभीरता से विचार करेगा और ठोस कार्रवाई करेगा।

## पासपोर्ट सत्यापन में देश में पहले नंबर पर बिहार, मिला ' सर्टिफिकेट ऑफ रेकोग्नेशन ' अवार्ड

**पटना, एजेंसी।** पासपोर्ट सत्यापन के मामले में बिहार पुलिस देश के सर्वश्रेष्ठ राज्य पुलिस बलों में से एक चुनी गयी है। सालाना पांच लाख से कम पासपोर्ट निर्गत करने वाले राज्यों की श्रेणी में बिहार पुलिस ने पहली बार विदेश मंत्रालय के पासपोर्ट सेवा परियोजना सम्मेलन में प्रतिष्ठित ' सर्टिफिकेट ऑफ रेकोग्नेशन ' पुरस्कार प्राप्त किया है। आईजी (विशेष शाखा) राकेश राठी ने विदेश राज्यमंत्री पबित्रा मार्गेरिटा से यह सम्मान ग्रहण किया। मंगलवार को बिहार पुलिस की विशेष शाखा के एडीजी सुनील कुमार ने प्रेस वार्ता में बताया कि वर्तमान में बिहार पुलिस औसतन 12 दिनों में एक पासपोर्ट का सत्यापन कर रही है।

बिहार पुलिस एवं क्षेत्रीय पासपोर्ट कार्यालय का लक्ष्य इस औसत को सिंगल डिजिट यानी 10 दिन से कम में लाना है। 2024 में क्षेत्रीय पासपोर्ट कार्यालय पटना ने बिहार पुलिस को 4,78,805 आवेदन सत्यापन को भेजे थे। एडीजी सुनील कुमार ने बताया कि पासपोर्ट सत्यापन के एवज में पिछले पांच वर्षों में बिहार पुलिस को करीब 20 करोड़ रुपये मिले हैं।





**सीवान में 20 दिन, खगड़िया में पांच दिन में सत्यापन :** एडीजी (विशेष शाखा) ने बताया कि जिलों से पासपोर्ट आवेदन में भिन्नता के चलते उसके सत्यापन का समय भी भिन्न है। राज्य में सबसे अधिक पासपोर्ट के आवेदन गोपालगंज, सीवान, पटना, पूर्वी चंपारण, पश्चिम चंपारण आदि जिलों से मिले हैं। इसकी वजह से सीवान में पासपोर्ट सत्यापन में औसतन 20 दिन, जबकि खगड़िया में सबसे कम पांच दिन का समय लग रहा है।अधिक आवेदन वाले जिलों में सत्यापन अवधि कम करने के लिए डिजिटल सिग्नेचर वाले पदाधिकारियों की संख्या बढ़ाई गई है। एडीजी सुनील कुमार ने बताया कि 12 मई से पूरे बिहार में आवेदकों को चिप युक्त पासपोर्ट की सेवा दी जा रही है।

## गयाजी के इमामगंज में भारी बारिश, घरों में घुसा पानी

**गयाजी, एजेंसी।** गयाजी के इमामगंज में मंगलवार को बारिश हुई। इससे जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। शहर की सड़कों पर कीचड़ और जलजमाव ने लोगों की परेशानी बढ़ा दी है। निचले इलाकों में कई घरों और दुकानों में पानी घुस गया है। इससे लोगों की नींद उड़ गई है। बारिश के पानी से लोग परेशान हैं। सड़क पर पानी का बहाव देर रात तक बना रहा। बाजार के दुकानदार भी भारी बारिश की वजह से परेशान हैं। लोकनाचक गांव के कसौरिया आहर व खेत, पोखरा में पानी भरकर झील बन चुके हैं। सोरहर नदी का पानी गांव में घुस गया है। इमामगंज की दोनों नदियां काफी उफान पर हैं। नतीजा ये कि कई कच्चे पक्के घरों में बारिश व नाली का पानी भर गया है। राहत की बात है कि जिन घरों में पानी घुसा है, उनमें लोग नहीं रह रहे। फिर भी ग्रामीणों में डर बना हुआ है। डर इस बात का है कि कहीं उनके घरों में पानी न घुस जाए। लोगों का कहना है कि नगर पंचायत की लापरवाही से हर साल यही हाल होता है। इस बार की बारिश ने भी परेशानी में डाल रखा है। लोग प्रशासन से जल निकासी की मांग कर रहे हैं। प्रशासन बारिश आए सम्भावित खतरे पर नजर बनाए हुए है। मध्य स्कूल गेंजना में दो फीट तक पानी भर गया है। स्कूल पहुंचने वाले बच्चों को जूते हाथ में लेकर आवाजाही करनी पड़ रही है। परिसर में जमा पानी से विषैले कीड़े-मकोड़े का डर बना हुआ है। बच्चे फिसलते हैं, गिरते हैं।



# नवविवाहिता की हत्या, शव को गंडक में फेंकने का प्रयास

### ग्रामीणों की नजर पड़ने पर भागे आरोपी, चाची बोली- एक लाख रुपए के लिए मार डाला



**समस्तीपुर, एजेंसी।** समस्तीपुर में एक नवविवाहिता की मौत हो गई है। एक साल पहले इसकी शादी हुई थी। मृतका के ससुराल वालों पर दहेज के लिए मर्डर का आरोप है। परिजनों का आरोप है कि विवाहिता के शव को नदी में फेंकने का भी प्रयास किया। हालांकि, ग्रामीणों की नजर पड़ने पर मामला उजागर हो गया। उन्होंने हमें सूचना दी। ससुराल वाले घर छोड़कर फरार हो गए। मृतका गांव के मिथिलेश कुमार की पत्नी पूजा कुमारी (20) बताई गई है। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने विवाहिता का शव जब्त कर मंगलवार रात पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेजा।

मामला लरझाघाट थाना क्षेत्र के भटगामा गांव का है। खगड़िया के अलौली थाना क्षेत्र के मोरकाही गांव निवासी विवाहिता की चाची इंदिरा देवी ने बताया कि पिछले साल 3 जून को 95 हजार रुपया दहेज देकर उन्होंने अपनी भतीजी की शादी की थी। लड़की का पति कम कमाता है और देवर ज्यादा कमाता है। इस कारण पति ने रुपए मायके से मांग कर लाने के लिए कहा था। शादी के दो-तीन महीने बाद ही उसका पति देवर और ससुराल वाले एक लाख रुपए और दहेज में देने की मांग करने लगे। जब पूजा ने दहेज में और राशि देने की बात से इनकार किया, तो उसके साथ मारपीट करने लगे।

#### पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा

सभी लोग भटगामा गांव पहुंचे तो पता चला की पूजा की गला घोंट कर हत्या कर दी गई है। काफी देर तक गांव के लोगों ने मामला सुलझाने के लिए कई तरह से कोशिश की।

पहले मामले को खत्म करने और अंतिम संस्कार के लिए 5 लाख का ऑफर दिया गया, फिर 3 लाख, फिर डेढ़ लाख और बाद में एक लाख रुपए देने की बात करने लगे। मायके वालों ने मामले की जानकारी स्थानीय पुलिस को दे दी । मौके पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा बनाकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया।

#### दहेज के लिए पूजा की गला घोंट कर हत्या

रोसरा की डीएसपी सोनल कुमारी ने बताया कि परिवार वालों का आरोप है कि एक साल पहले ही शादी हुई थी। ससुराल वाले दहेज के लिए लगातार दबाव दे रहे थे। दहेज के लिए पूजा की गला घोंट कर हत्या कर दी गई है। शव को जब्त कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है, ताकि स्पष्ट हो सके कि यह मामला हत्या का है, या आत्महत्या का है। पीड़ित परिवार की ओर से आवेदन मिल गया है। आरोपितों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है।

#### दोनों परिवारों में कई बार हुई बैठक

मामले को लेकर दोनों परिवार में कई बार बैठक भी हुई। फरवरी के महीने में मामला शांत करने के लिए 10 हजार रुपए दिया भी गया। बावजूद स्थिति में सुधार नहीं हुआ। इस बीच सूचना मिली कि पूजा के ससुराल वालों ने उसकी हत्या कर दी है। शव को बूढ़ी गंडक नदी में फेंकने के लिए ले जा रहे थे। लेकिन गांव के लोगों की नजर पड़ गई। उन्होंने हमें सूचना देने के लिए कहा है। परिवार के लोग शव छोड़ कर फरार हो गए हैं। लड़की के गले पर रस्सी के निशान है। लड़की के पिता मजदूर है और उनकी पैसे देने की हैसियत नहीं थी।

### अब दीघा से कोईलवर के बीच वसूला जाएगा टोल टैक्स

**पटना, एजेंसी।** जेपी गंगापथ परियोजना के तहत दीघा से शेरपुर होते बिहटा में कोईलवर पुल तक फोर लेन सड़क पर टोल टैक्स की वसूली होगी। इस योजना को हाइब्रिड एन्युटी मॉडल (हैम) पर स्वीकृति दी गयी। बिहार सरकार की पहली परियोजना होगी, जिसे इस मॉडल से बनाया जाएगा। कैबिनेट विभाग के अपर मुख्य सचिव डॉ. एस सिद्धार्थ ने बताया कि जेपी गंगा पथ का 36.65 किलोमीटर लंबाई में विस्तारीकरण होना है। हैम मॉडल पर योजना लागू करने से शुरुआत में राज्य सरकार को भूअर्जन व अन्य मद की राशि को छोड़ लगभग 40 फीसदी राशि ही वहन करनी होगी। शेष 60 फीसदी राशि एजेंसी लगाएगी। इस राशि की वसूली राज्य सरकार टोल टैक्स और बजट के माध्यम से योजना समाप्त होने के 15 वर्षों तक किस्तों में वहन किया जाएगा।

# कांग्रेस ने कुचला संविधान, आपातकाल लोकतंत्र पर था हमला : मंगल पांडे



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**दरभंगा।** प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडे ने 1975 में लगाए गए आपातकाल को भारतीय लोकतंत्र पर सबसे बड़ा हमला बताते हुए कहा कि कांग्रेस ने संविधान को कुचलकर सत्ता की लालसा में लोकतंत्र की हत्या की थी। उन्होंने कहा कि 25 जून 1975 को तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने बिना कैबिनेट की स्वीकृति के आपातकाल लागू कर देश को तानाशाही के अंधेरे में धकेल दिया। बुधवार को डीएमसीएच ऑडिटोरियम, दरभंगा में आयोजित सेमिनार में स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि आज उस काले अध्याय को याद करना जरूरी है ताकि फिर कभी कोई दल सत्ता के लिए देश के लोकतांत्रिक ढांचे को नुकसान न पहुंचा सके। कार्यक्रम की शुरुआत श्यामा प्रसाद मुखर्जी, दीनदयाल उपाध्याय और अटल बिहारी वाजपेयी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर की गई। मंत्री ने कहा कि जेपी आंदोलन ने ही लोकतंत्र को जीवित रखा, और अगर जयप्रकाश नारायण उस दौर में नहीं होते, तो देश में लोकतंत्र शायद बचता नहीं। उन्होंने लालू यादव पर निशाना साधते हुए कहा कि जेपी के आंदोलन से निकले लालू अब उसी कांग्रेस के साथ खड़े हैं जिसने जेपी को जेल में डाल कर अपमानित किया था। उन्होंने कहा कि नीतीश कुमार भी जेपी आंदोलन की उपज हैं, जिन्होंने न सिर्फ सरकार, बल्कि व्यवस्था बदलने का कार्य किया। हमारा लक्ष्य सत्ता नहीं, व्यवस्था परिवर्तन है, उन्होंने जोर देकर कहा। मंत्री मंगल पांडे ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की तारीफ करते हुए कहा कि मोदी जी सबका साथ, सबका विकास की नीति पर कार्य कर रहे हैं। मिथिलांचल को मखाना उत्पादन के लिए विशेष पहचान दी गई है और मखाना बोर्ड की स्थापना इसी सोच का हिस्सा है।सेमिनार को भू-राजस्व मंत्री संजय सरावगी ने भी संबोधित किया। उन्होंने कहा कि आपातकाल की यातनाओं के सबसे बड़े गवाह जेपी सेनानी हैं, जिन्हें आज मंच पर सम्मानित किया गया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने लोकतंत्र और संविधान को रौंदकर सत्ता चलाई और अब वही पार्टी संविधान की दुहाई देती फिर रही है। कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा जिला अध्यक्ष आदित्य नारायण चौधरी मन्ना ने की। मौके पर हायाघाट विधायक रामचंद्र प्रसाद, जेपी सेनानी अरुण पाठक, सवर्ण आयोग के सदस्य जयकृष्ण झा, लोजपा अध्यक्ष देवेंद्र झा, 20 सूत्री उपाध्यक्ष गोपाल मंडल, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य पवन शांडिल्य, वरिष्ठ भाजपा नेता मदन यादव, प्रकाश चंद्र मिश्र पप्पू, लक्ष्मण झा और कन्हैया चौधरी समेत बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## एलएनएमयू में फॉरेंसिक साइंस की पढ़ाई की राह हुई आसान

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**दरभंगा।** ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय (एलएनएमयू) में फॉरेंसिक विज्ञान शिक्षा की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल की गई है। कुलपति प्रो. संजय कुमार चौधरी की अध्यक्षता में विश्वविद्यालय के एडवांस्ड रिसर्च सेंटर और आईक्यूएसी प्रकोष्ठ के संयुक्त तत्वावधान में अनलॉकिंग द फ्यूचरः फिजिबिलिटी ऑफ फॉरेंसिक साइंस एजुकेशन एंड रिसर्च विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का सफल आयोजन किया गया। कार्यशाला का आयोजन जन्तुविज्ञान विभाग के सम्मेलन हॉल में हुआ, जहां फॉरेंसिक साइंस की शिक्षा और इसके कार्यान्वयन की संभावनाओं पर गहन मंथन हुआ। इस अवसर पर पूर्व डीजीपी (गुजरात) डॉ. केशव कुमार, फॉरेंसिक गुरु फरीदाबाद के सीईओ समीर दत्त, एनएसआईटी के वाइस प्रेसिडेंट धर्मेश भाई वंद्रा और शेरलॉक इंस्टीट्यूट ऑफ फॉरेंसिक साइंस के सीईओ रंजीत सिंह ने विषय से संबंधित अपने विशेषज्ञ विचार साझा किए। सभी विशेषज्ञों ने एलएनएमयू के शैक्षणिक परिवेश और संरचनात्मक सुविधा को फॉरेंसिक साइंस के पाठ्यक्रम के लिए उपयुक्त बताया। कार्यशाला में नई शिक्षा नीति 2020 के अनुरूप साइबर फॉरेंसिक, मोबाइल फॉरेंसिक, बैलिस्टिक्स, डीएनए विश्लेषण जैसे कौशल आधारित डिप्लोमा पाठ्यक्रमों की शुरुआत पर सहमति बनी। इस अवसर पर राष्ट्रीय कौशल विकास परिषद और राष्ट्रीय जैव प्रौद्योगिकी प्रशिक्षण परिषद से मान्यता प्राप्त अल्पकालिक व्यावसायिक प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू करने का प्रस्ताव भी रखा गया, जिस पर विशेषज्ञों ने सहयोग का आश्वासन दिया। कुलपति प्रो. संजय चौधरी ने अपने संबोधन में विशेषज्ञों के बहुमूल्य सुझावों के लिए आभार प्रकट किया और विश्वविद्यालय में स्थायी शिक्षकों के प्रशिक्षण हेतु विशेषज्ञ आउटसोर्सिंग की आवश्यकता पर बल दिया।

## एक नजर

### तैलिक साहु सभा के जिला कमिटी का गठन

**तुरकौलिया (पूर्वी चम्पारण)।** पूर्वी चंपारण तैलिक साहू सभा के संगठन विस्तार करते हुए जिला कमिटी का गठन किया गया है। उक्त जानकारी तैलिक साहु सभा के जिलाध्यक्ष रघुवर प्रसाद ने देते हुए बताया कि गोपालजी प्रसाद व शिवशंकर प्रसाद को उपाध्यक्ष बनाया गया है वही नवलकिशोर प्रसाद को महामंत्री, कुंवर प्रसाद साह को कोषाध्यक्ष, शैलेन्द्र कुमार गुप्ता व लखींद्र साह को सहायक मंत्री, ललन प्रसाद को अंकेक्षक बनया गया है। ललन प्रसाद आजाद, ओमनारायण प्रसाद, रमेश प्रसाद, जटाशंकर प्रसाद, दीपलाल प्रसाद, शिववचन साह, सुमन कुमार, शंभू प्रसाद को कार्यसमिति का सदस्य बनाया गया है। जिलाध्यक्ष रघुवर प्रसाद ने बताया कि दुसरे चरण का भी संगठन विस्तार शीघ्र किया जाएगा।

### नगर पंचायत चुनाव हेतु बनाए गए 29 बूथ

**पकड़ीदयाल (पूर्वी चम्पारण)।** नगर पंचायत चुनाव हेतु 29 बूथ बनाए गए हैं। जिसमें से म वि बालक पकड़ीदयाल को आदर्श बूथ बनाया गया है वहीं एक बूथ को पिंक बूथ बनाया गया है। जहां सभी मतदान कर्मी महिला होगी। निर्वाची पदाधिकारी सह एसडीओ अविनाश कुमार ने बताया कि चुनाव हर हाल में निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण होगा। प्रत्येक बूथ पर पी फोर्स एवं सेक्टर पदाधिकारी,जोनल दंडाधिकारी,सुपर जोनल दंडाधिकारी मौजूद रहेंगे। वहीं किसी भी समस्या को त्वरित निष्पादन के लिए कंट्रोल रूम बनाया गया है।जिसका नं 06259 -283428 है। निर्वाची पदाधिकारी श्री कुमार ने मतदाताओं से बढ़ चढ़ कर मतदान करने को कहा है। विदित हो कि नगर पंचायत का चुनाव 28 जून को है और मतगणना तीस जून को है। मतगणना का कार्य सुबह आठ बजे से श्री राम अयोध्या सिंह उच्च विद्यालय बड़कागांव में किया जाएगा।

### भाजपा जिला उपाध्यक्ष सोहन प्रसाद उर्फ कक्कू जी के निधन पर जहानाबाद में दौड़ी शोक की लहर

**जहानाबाद/नबिटा ब्यूरो।** जिले में बुधवार की सुबह भारतीय जनता पार्टी के जिला उपाध्यक्ष एवं प्रसिद्ध व्यवसायी सोहन प्रसाद उर्फ कक्कू का अचानक निधन हो गया। बताया जा रहा है कि स्नान के दौरान अचानक उनकी तबीयत बिगड़ गई और वे बेहोश हो गए। परिजनों ने उन्हें तुरंत सदर अस्पताल जहानाबाद पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। उनके असामयिक निधन की खबर से जिले भर में शोक की लहर दौड़ गई है। धर्म, समाज और राजनीति में समान रूप से सक्रिय थे कक्कू जी। कक्कू जी न केवल भाजपा के एक समर्पित नेता थे, बल्कि वह एक सफल व्यवसायी और समाजसेवी के रूप में भी जाने जाते थे। जहानाबाद के पूर्व सांसद चंदेश्वर प्रसाद चंद्रवंशी, वर्तमान विधायक सुदय यादव, पूर्व सांसद डॉ. अरुण कुमार समेत जिले के सभी प्रमुख नेताओं ने उनके आवास पहुंचकर परिजनों से मिलकर गहरी संवेदना व्यक्त की। नेताओं ने कहा कि सोहन प्रसाद जी एक समाजसेवी, कर्मठ नेता और हर कार्य में सबसे आगे रहने वाले जिंदा दिल इंसान थे।

### जन सुराज पार्टी ने बिहार में बदलाव का दिया संदेश

**कल्याणपुर (पूर्वी चंपारण)।** कल्याणपुर प्रखंड के वृंदावन पंचायत स्थित नरदरवा राजकीय नवीन प्राथमिक विद्यालय, बाबू टोला के प्रांगण में बुधवार को जन सुराज पार्टी द्वारा सही लोग, सही सोच, सामूहिक प्रयास - बिहार बदलाव जनसभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष राधेश्याम यादव ने की, जबकि संचालन संजय कुमार मेहता ने किया। सभा को संबोधित करते हुए कल्याणपुर विधानसभा के संभावित प्रत्याशी सुबोध कुमार तिवारी ने कहा कि जनता ही मेरा परिवार है। बिहार को बदलने की जरूरत है जहां युवाओं को रोजगार, बुजुर्गों को सम्मान, और बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिल सके। सभा में प्रदेश महासचिव नंद किशोर प्रसाद कुशवाहा, प्रमंडल सदस्य राम शरण यादव, मोनिका शर्मा, प्रभात सिंह, मुकेश सिंह, अजीत सिंह सहित कई नेताओं ने संबोधन दिया।

### राकेश यादव बने रोगी कल्याण समिति के सदस्य

**चिरैया (पूर्वी चंपारण)।** राज्य सरकार द्वारा गठित रोगी कल्याण समिति के शासी निकाय में पूर्वी चंपारण जिले से भाजपा नेता राकेश कुमार यादव को सदस्य नामित किया गया है। यह जानकारी बुधवार को जारी की गई सूची के माध्यम से मिली। राकेश यादव गोढ़िया हराज गांव निवासी हैं और भाजपा संगठन जिला ढाका के जिला महामंत्री भी हैं। उनके मनोनयन पर उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी समेत कई जनप्रतिनिधियों ने बधाई दी। श्री यादव ने कहा कि समिति का उद्देश्य उत्तरदायित्व, पारदर्शिता और जन भागीदारी के साथ टिकाऊ एवं गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवा सुनिश्चित करना है। इस अवसर पर चिरैया विधायक लालबाबू प्रसाद गुप्ता, भाजपा नेता नीरज गुप्ता, अरविंद कुमार सिंह, गांधी यादव, मिथलेश यादव समेत कई गणमान्य लोगों ने उन्हें बधाई दी।

### चाकूबाजी मामले में दो युवक गिरफ्तार

**घोड़ासहन (पूर्वी चंपारण)।** थाना क्षेत्र के कचहरिया बरवा गांव में दो पक्षों के बीच हुई मारपीट व चाकूबाजी की घटना में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए दो आरोपितों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार युवकों की पहचान नंदकिशोर कुमार और चंदन कुमार के रूप में की गई है। थानाध्यक्ष अनुज कुमार पांडेय ने बताया कि इस घटना में नुरशैद मियां के पुत्र रिजवान को चाकू से गंभीर रूप से घायल किया गया था, जिसे प्राथमिक इलाज के बाद बेहतर इलाज के लिए रेफर कर दिया गया।

## लूट के मामले में त्वरित कार्रवाई कर अपराधियों की हुई गिरफ्तारी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मखदुमपुर (जहानाबाद)।** जहानाबाद जिले के टेहटा थाना क्षेत्र के चिलोरी गांव के समीप हथियार का भय दिखा कर अपराधियो ने भारत फाइनेंस कम्पनी के कलेक्शन एजेंट से 55 हजार रूप की लूट की घटना को अंजाम दिया है। फाइनेंसियल कम्पनी के एजेंट विक्रांत कुमार ने बताया कि वे गांव से पैसा कलेक्शन कर लौट रहे थे। तभी चिलोरी गांव के समीप दो मोटरसाइकिल पर सवार तीन लोग उनकी मोटरसाइकिल रुकवा कर हथियार का भय दिखा कर 55 हज़ार रुपये लूट लिया साथ ही इस दौरान आई कार्ड एवं कुछ अन्य दस्तावेज भी उनसे छीन लिया गया। इस सम्बंध में एसडीपीओ ने बताया कि लूट की सूचना पाकर जिले के सभी थाना क्षेत्र में सघन वाहन जांच अभियान चलाया गया, जिसमें शकुराबाद थाना क्षेत्र में तीनों अपराधियों की गिरफ्तारी की गई है। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार लोगो मे शकुराबाद थाना क्षेत्र के पाण्डेचक गांव निवासी शशि कुमार, एवं सुमन कुमार तथा टेहटा थाना क्षेत्र के सेरथुआ गांव निवासी नन्दलाल कुमार को पुलिस ने गिरफ्तार किया है।

## आपातकाल लोकतंत्र पर काला धब्बा : अनुराग ठाकुर




**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मोतिहारी।** पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं भाजपा के वरिष्ठ नेता अनुराग ठाकुर ने 1975 में लगे आपातकाल को भारतीय लोकतंत्र पर एक ऐसा काला धब्बा बताया जिसे देश कभी नहीं भुला सकता। उन्होंने कहा कि तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने नेहरू-गांधी परिवार के इशारे पर संविधान को कुचलते हुए रातों-रात आपातकाल लागू किया था, जो तानाशाही का सबसे बड़ा उदाहरण है। वे मंगलवार को मोतिहारी शहर के एक निजी होटल में आयोजित प्रेसवार्ता में पत्रकारों को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने कहा कि, उस दौर में प्रेस की स्वतंत्रता खत्म कर दी गई, 1.40 लाख से अधिक विपक्षी नेताओं को जेल में डाल दिया गया और संविधान की गरिमा को रौंदा गया।

ठाकुर ने कांग्रेस पर तीखा हमला करते हुए कहा कि कांग्रेस का हाल आज बिना पानी की मछली जैसा है, जो सत्ता के लिए तड़प रही है। राहुल गांधी संविधान को जेब में रखकर चल रहे हैं, जबकि उनकी दादी इंदिरा गांधी उसे ताक पर रखकर चलती थीं। उन्होंने आरोप लगाया कि नेहरू ने सबसे पहले संविधान को कुचलने की शुरुआत की थी और कांग्रेस 70 वर्षों तक सत्ता में रहकर अब संवैधानिक संस्थाओं पर सवाल उठा रही है।

अनुराग ठाकुर ने कहा कि इंदिरा गांधी की तानाशाही के खिलाफ जयप्रकाश नारायण ने आवाज बुलंद की थी, जिसमें नीतीश कुमार और लालू प्रसाद यादव जैसे नेता शामिल थे। लेकिन आज लालू यादव जेपी के समाजवाद का मजाक बनाकर कांग्रेस की गोद में बैठे हैं और बाबा साहब अंबेडकर के विचारों को दरकिनार कर रहे हैं।

## जवाहर नवोदय विद्यालय पिपरा कोठी में कक्षा 6 में नामांकन के लिए ऑनलाइन आवेदन प्रारंभ



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मोतिहारी।** पूर्वी चंपारण जिले के पिपरा कोठी स्थित पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय में शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए कक्षा 6वीं में नामांकन हेतु ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया प्रारंभ हो गई है। इच्छुक अभ्यर्थी 29 जुलाई 2025 तक आवेदन कर सकते हैं। जिलाधिकारी सह विद्यालय अध्यक्ष सौरभ जोरवाल एवं विद्यालय की प्राचार्या सुष्मिता सिंह ने बताया कि 80 सीटों पर प्रवेश के लिए योग्य छात्र-छात्राओं से आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। प्रवेश के लिए लिखित चयन परीक्षा का आयोजन 13 दिसंबर 2025 को किया जाएगा। प्राचार्या ने बताया कि पूर्वी चंपारण जिले के सभी पात्र छात्र-छात्राएं इस प्रवेश प्रक्रिया के लिए आवेदन कर सकते हैं। आवेदन से संबंधित विस्तृत जानकारी विद्यालय कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है या मोबाइल नंबर 9471005168 पर संपर्क किया जा सकता है। नवोदय विद्यालयों में गुणवत्तापूर्ण आवासीय शिक्षा की व्यवस्था होती है और यह प्रवेश पूरी तरह निःशुल्क एवं मेरिट आधारित होता है। अभिभावकों से अपील की गई है कि वे समय रहते आवेदन कर बच्चों के भविष्य को सशक्त बनाने की दिशा में पहल करें।

## जल संरक्षण में पूर्वी चंपारण ने रचा कीर्तिमान, देश में मिला दूसरा स्थान



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**मोतिहारी।** जल संरक्षण एवं संवर्द्धन के क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रयास करते हुए पूर्वी चंपारण जिले ने राष्ट्रीय स्तर पर दूसरा स्थान प्राप्त कर एक बार फिर पूरे बिहार को गौरवान्वित किया है। जिले द्वारा करीब 9,000 जल संरक्षण योजनाओं की प्रविष्टि जल शक्ति अभियान और जेसेए सीटीआर पोर्टल पर की गई है।

इस उपलब्धि की जानकारी उप विकास आयुक्त (डीडीसी) डॉ. प्रदीप कुमार ने दी। उन्होंने बताया कि गुजरात के बांसकांठा जिले ने 11,000 योजनाओं की प्रविष्टि कर पहला स्थान प्राप्त किया है, जबकि पूर्वी चंपारण दूसरे पायदान पर है। वहीं, मुजफ्फरपुर ने मात्र 650 योजनाएं और पश्चिमी चंपारण ने अब तक कोई भी योजना पोर्टल पर अपलोड नहीं की है।

डीडीसी ने बताया कि जल संरक्षण से जुड़े सोख्ता, तालाब, पईन, आहर जैसे परंपरागत स्रोतों सहित कई योजनाओं को कैंप लगाकर मात्र पांच दिनों में पोर्टल पर अपलोड किया गया। यह कार्य राजेन्द्र भवन में आयोजित विशेष शिविर के माध्यम से संपन्न हुआ, जहां डाटा ऑपरेटरों को लॉगिन पासवर्ड उपलब्ध कराकर प्रशिक्षण दिया गया। डॉ. कुमार ने कहा कि इस समर्पित प्रयास के चलते जिले को राष्ट्रीय जल पुरस्कार मिलने की प्रबल संभावना है। पुरस्कार के अंतर्गत प्रशस्ति पत्र के साथ 25 लाख रुपये की राशि भी प्रदान की जा सकती है। यह पुरस्कार वर्ष 2024-25 के कार्यों के मूल्यांकन के आधार पर दिया जाएगा। गौरतलब है कि पूर्वी चंपारण को इससे पहले भी पूर्व जिलाधिकारी एस.के. अशोक के कार्यकाल में यह प्रतिष्ठित पुरस्कार मिल चुका है। डीडीसी ने इस सफलता का श्रेय जिलेवासियों, सभी संबंधित विभागों और समर्पित टीम को दिया है। उन्होंने कहा कि आगे भी जिले में जल संरक्षण और संवर्द्धन से जुड़े कार्यों को और गति दी जाएगी, जिससे पूर्वी चंपारण सतत रूप से राष्ट्रीय पटल पर अपनी पहचान बनाए रखे।

## महात्मा गांधी केंद्रीय विश्वविद्यालय और आईसीडब्ल्यूए के बीच शैक्षणिक सहयोग हेतु एमओयू पर हस्ताक्षर

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मोतिहारी।** महात्मा गांधी केंद्रीय विश्वविद्यालय (एमजीसीयूबी), मोतिहारी और इंडियन काउंसिल ऑफ वर्ल्ड अफ़ेयर्स (आईसीडब्ल्यूए), नई दिल्ली के बीच अंतरराष्ट्रीय संबंधों और भारतीय विदेश नीति के क्षेत्र में शैक्षणिक सहयोग को लेकर एक महत्वपूर्ण समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गए हैं। यह एमओयू 25 जून 2025 को आईसीडब्ल्यूए के नई दिल्ली स्थित मुख्यालय में आयोजित एक औपचारिक समारोह के दौरान एमजीसीयूबी के कुलपति प्रो. संजय श्रीवास्तव और आईसीडब्ल्यूए की कार्यकारी महानिदेशक सुश्री नूतन कपूर महावर द्वारा हस्ताक्षरित किया गया। इस समझौते के तहत दोनों संस्थाएं अंतरराष्ट्रीय मामलों और विदेश नीति से संबंधित विषयों पर संयुक्त रूप से संगोष्ठियों, सेमिनारों, शोध परियोजनाओं और संवादात्मक कार्यक्रमों का आयोजन करेंगी। साथ ही, एमजीसीयूबी के विद्यार्थियों को आईसीडब्ल्यूए में इंटर्नशिप के अवसर भी मिलेंगे, जिससे उन्हें विदेश नीति और थिंक टैंक रिसर्च के क्षेत्र में व्यावहारिक अनुभव प्राप्त होगा। इस अवसर पर कुलपति प्रो. संजय श्रीवास्तव ने कहा कि यह एमओयू विश्वविद्यालय की वैश्विक सहभागिता और शैक्षणिक उत्कृष्टता के प्रति प्रतिबद्धता का प्रतीक है। इससे छात्रों को विश्व मामलों के विशेषज्ञों से प्रत्यक्ष संवाद का अवसर मिलेगा और उनके करियर की संभावनाएं व्यापक होंगी वहीं, आईसीडब्ल्यूए की कार्यकारी महानिदेशक सुश्री नूतन कपूर महावर ने कहा, ल्लहम एमजीसीयूबी के साथ मिलकर ऐसा अकादमिक वातावरण निर्मित करना चाहते हैं जो विदेश नीति और वैश्विक विषयों पर विमर्श को प्रोत्साहित करे तथा विद्यार्थियों के बौद्धिक विकास में सहायक हो।

## मतदाता सूची में सुधार को लेकर दरभंगा डीएम की पहल - योग्य मतदाता छूटे नहीं, अयोग्य जुड़ें नहीं



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**दरभंगा।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश पर मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण को लेकर दरभंगा में जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-जिलाधिकारी कौशल कुमार की अध्यक्षता में राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ महत्वपूर्ण बैठक आयोजित हुई। बैठक में डीएम कौशल कुमार ने कहा कि हमारा लक्ष्य है कि कोई भी योग्य मतदाता सूची से वंचित न रहे और कोई भी अयोग्य व्यक्ति सूची में शामिल न हो। मतदाता सूची को शुद्ध और त्रुटिरहित बनाना जरूरी है। उन्होंने सभी राजनीतिक दलों से सहयोग की अपेक्षा जताते हुए कहा कि निर्वाचन प्रक्रिया में पारदर्शिता और विश्वसनीयता बनाए रखना हम सभी की जिम्मेदारी है। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार बीएलओ (बूथ लेवल ऑफिसर) का तबादला नहीं किया जाएगा और वे मतदाता सूची के कार्य को सर्वोच्च प्राथमिकता देंगे।

उप निर्वाचन पदाधिकारी ने जानकारी दी कि बिहार में पिछली बार गहन पुनरीक्षण वर्ष 2003 में हुआ था। तब से लेकर अब तक शहरीकरण, प्रवासन, नई उम्र सीमा पूरी करने वाले युवा, मृत्यु का अद्यतन न होना और अवैध विदेशी नागरिकों के नाम दर्ज होना जैसी स्थितियों ने मतदाता सूची की विश्वसनीयता पर प्रश्नचिन्ह खड़ा किया है। इसलिए इस बार यह गहन पुनरीक्षण अत्यंत आवश्यक हो गया है। इस अभियान के तहत बीएलओ घर-घर जाकर सत्यापन करेंगे और मतदाता सूची में नाम जोड़ने, हटाने तथा सुधार की प्रक्रिया को पारदर्शी ढंग से पूरा किया जाएगा। डीएम कौशल कुमार ने सभी मतदाताओं और राजनीतिक दलों से स्वस्थ लोकतंत्र के निर्माण में सहयोग देने की अपील करते हुए कहा कि सशक्त और निष्पक्ष मतदान के लिए शुद्ध मतदाता सूची पहली शर्त है।

### आज पहुंचेंगी राष्ट्रीय महिला आयोग की अध्यक्ष विजया रहाटकर

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**जहानाबाद।** राष्ट्रीय महिला आयोग की अध्यक्ष विजया रहाटकर एक दिवसीय दौरे पर आज जहानाबाद पहुंचेंगी। इस दौरान उनका जिला में भ्रमण कार्यक्रम प्रस्तावित है। इस अवसर पर वे जिला प्रशासन के साथ बैठक कर महिलाओं से संबंधित विभिन्न मुद्दों पर चर्चा करेंगी। इस दौरान मीडिया प्रतिनिधियों के साथ उनके एक विशेष वार्ता का आयोजन किया गया है, जो अपराह्न 01:00 बजे से समाहरणालय स्थित ग्राम प्लेक्स भवन, जहानाबाद में आयोजित होगी।महिला आयोग की राष्ट्रीय अध्यक्ष बनने के बाद विजया रहाड़कर जी का जहानाबाद जिले में यह पहला दौरा होगा।

## लोजपा नेत्री इंदु कश्यप ने दूसरे दिन भी जहानाबाद में चलाया जन संपर्क अभियान




**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**जहानाबाद।** बिहार लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) द्वारा इस माह के 29 तारीख को राजगृह में आयोजित होने वाले बहुजन भीम संकल्प समागम को लेकर जिले में तैयारियां जोरों पर हैं। इसी क्रम में लोजपा नेत्री डॉ इंदु कश्यप ने लगातार दूसरे दिन जहानाबाद जिले के विभिन्न गांवों का दौरा कर लोगों को इस समागम में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया।

इस दौरान लोजपा की महिला मोर्चा की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डॉ इंदु कश्यप ने कहा कि हमारे नेता चिराग पासवान बहुजन समाज के उत्थान और प्रगति के लिए समागम का आयोजन राजगीर में आयोजित कर रहे हैं। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे गांव-गांव जाकर लोगों को चिराग पासवान के विचारों और पार्टी की नीतियों से अवगत कराएं।लोजपा नेत्री ने कहा कि समागम न केवल एक राजनीतिक कार्यक्रम है, बल्कि यह बिहार की राजनीति की दशा और दिशा तय करेगा। इंदु कश्यप ने बताया कि यह बिहार में बहुजन समाज का अबतक का सबसे बड़ा समागम होगा, जिसे इतिहास के पन्नों में स्वर्ण अक्षरों में लिख जायेगा। उन्होंने बताया कि इसके लिए पार्टी कार्यकर्ता पंचायत स्तर तक जनसंपर्क अभियान चला रहे हैं और सम्मेलन को ऐतिहासिक बनाने की दिशा में हम सभी जुटे हुए हैं। उन्होंने उम्मीद जताया कि यह समागम अविस्मरणीय और अकल्पनीय होगी। यह समागम आने वाले दिनों में बिहार की राजनीतिक दशा और दिशा तय करने में महत्वपूर्ण होगी।

लोजपा नेत्री इंदु कश्यप ने लोगों को कार्यक्रम में भाग लेने के लिए आमंत्रित करते हुए कहा कि लोजपा कार्यकर्ता बूथ से लेकर पंचायत स्तर तक जनजागरूकता अभियान चलाकर 29 जून के समागम को सफल बनाएं और चिराग पासवान के नेतृत्व में पार्टी को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने का संकल्प लें। बुधवार को लोजपा नेत्री डॉ इंदु कश्यप ने लगातार दूसरे दिन जहानाबाद जिले के कई गांवों का दौरा किया।

## समान ग्रेड पे और वेतन की मांग को लेकर जहानाबाद में बिहार अनुसचिवीय कर्मचारी संघ ने किया धरना-प्रदर्शन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**जहानाबाद।** बिहार अनुसचिवीय कर्मचारी संघ की जिला शाखा जहानाबाद द्वारा जोरदार आवाज बुलंद करते हुए धरना-प्रदर्शन आयोजित किया गया। प्रदर्शन में बड़ी संख्या में निम्न वर्गीय लिपिक शामिल हुए। कर्मचारियों ने राज्य सरकार पर भेदभाव का आरोप लगाते हुए समान ग्रेड पे और वेतनमान की मांग की। प्रदर्शनकारी कर्मचारियों का कहना था कि पंचायत सचिव, राजस्व कर्मचारी और निम्न वर्गीय लिपिक सभी एक ही परीक्षा से चयनित होकर सेवा में आए हैं, फिर भी तीनों वर्गों के साथ भिन्न व्यवहार किया जा रहा है। जहां पंचायत सचिव और राजस्व कर्मचारी को अधिक ग्रेड पे (2800) दिया गया है, वहीं निम्न वर्गीय लिपिकों को इससे कम ग्रेड पे दिया जा रहा है। इससे कर्मचारियों में असंतोष व्याप्त है।

**राज्य स्तरीय लिपिक संवर्ग के प्रस्ताव का विरोध**

कर्मचारियों ने राज्य सरकार द्वारा प्रस्तावित राज्य स्तरीय लिपिक संवर्ग बनाने की योजना का भी विरोध किया। उन्होंने कहा कि इससे जिला स्तर पर कार्यरत कर्मियों की स्वायत्तता और सेवा शर्तों पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा। संघ का कहना है कि बिना कर्मचारियों की सहमति के इस प्रकार के निर्णय कर्मचारियों के हित में नहीं हैं।संघ ने ऐलान किया है कि सभी कर्मचारी 25 जून से तीन दिनों तक काले बिल्ले लगाकर कार्य करेंगे और विरोध दर्ज कराएंगे। इसके बाद आंदोलन का तीसरा चरण 28 जून को होगा, जब कर्मचारी जिला पदाधिकारी के माध्यम से राज्य के मुख्य सचिव को अपनी मांगों से संबंधित ज्ञापन भेजेंगे।

New page 4_page 12 29.05.2025.qxd 25-06-2025 21:55 Page 1



# सनकी ने पत्नी के बाद खुद को भी मारी गोली

## पत्नी की मौत, खुद गंभीर
## दुनाली एवं तीन खोखा बरामद

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रोहतास।** थाना क्षेत्र के सरांव गांव में बुधवार की सुबह आपसी विवाद में सनकी पति ने अपनी पत्नी को गोली मारकर मौत के घाट उतार दिया। बाद में खुद को भी गोली मार गंभीर रूप से जख्मी हो गया। मृतका की पहचान 32 वर्षीय पूनम देवी सरांव निवासी सुगंध सिंह की पत्नी के रूप में हुई है।

घटना की सूचना सुगंध के छोटे भाई सोनू ने पुलिस को दी। सूचना मिलते ही पुलिस ने मौके पर पहुंच घटना की जानकारी ली।

इस दौरान घर से एक दुनाली अवैध बंदूक, एक जिंदा व तीन खोखा कारतूस बरामद किया। शव को पुलिस ने अपने कब्जे में ले अंत्यपरीक्षण कराने तथा खून से लथपथ जख्मी सुगंध सिंह को पुलिस अभिरक्षा में पीएचसी दिनारा में प्राथमिक उपचार के बाद सासाराम सदर अस्पताल भेज दिया। सासाराम सदर अस्पताल द्वारा बेहतर इलाज के लिए पीएमसीएच पटना भेज दिया गया है। पुलिस के अनुसार, जख्मी सुगंध सिंह की शादी 10 वर्ष पूर्व संझौली थाना क्षेत्र के तेंदुआ निवासी स्व. पदारथ सिंह की पुत्री पूनम के साथ हुई थी।

शादी के बाद से ही उसने अपनी पत्नी को मायके में जाने नहीं दिया। वो अपनी सास पर डायन होने का आरोप लगाता रहता था। पूनम डेढ़ माह पूर्व पति से बिना बताए अपने दोनों पुत्र व एक पुत्री को लेकर मामा के घर हसनबाजार के खोराबर गांव में शादी समारोह में शामिल होने चली गई। जिससे खफा सुगंध उसे लाने नहीं जा रहा था।

अपने चाचा गामा सिंह के काफी समझाने बुझाने पर विगत 23 जून को जाकर अपनी पत्नी को घर लाया। इसके दो दिन बाद ही पत्नी की हत्या कर दी तथा खुद को भी गोली मार जख्मी हो गया। सूचना मिलते ही एसडीपीओ बिक्रमगंज कुमार संजय ने मौके पर पहुंच घटना के बारे में जानकारी प्राप्त की।

उन्होंने बताया कि ग्रामीणों के अनुसार सुगंध सिंह सनकी प्रवृति का व्यक्ति है। शादी के बाद से ही पति पत्नी में विवाद चल रहा था। घायल सुगंध को सदर अस्पताल से पुलिस अभिरक्षा में बेहतर इलाज के लिए पटना पीएमसीएच में ले जाया गया है।

थानाध्यक्ष अजीत कुमार ने बताया कि इस संबंध में अभी तक किसी तरह का आवेदन प्राप्त नहीं हुआ है। सुगंध का आपराधिक इतिहास रहा है।

इसके विरुद्ध नटवार, संझौली तथा नासरीगंज थाना द्वारा आरोप पत्र गठित किया जा चुका है। इसके तीनों बच्चें अपने दादा के पास घर पर हैं। शव का अंत्यपरीक्षण करा स्वजनों को सौंप दिया गया।

## ट्रेन से कटकर युवक ने की आत्महत्या

**बांका।** भागलपुर-मंदारहिल रेलखंड के टेकनी हॉल्ट के पास एक युवक ने ट्रेन से कटकर आत्महत्या कर ली। शव की पहचान नहीं हो सकी है। जानकारी के अनुसार, भागलपुर की ओर से बांका इंटरसिटी ट्रेन आ रही थी। उसी समय युवक पटरी के बगल में खड़ा था। जैसे ही ट्रेन पास आई, युवक ने सिर पटरी पर रख दिया। लोको पायलट ने युवक को देखा और ब्रेक लगाया, लेकिन तब तक देर हो चुकी थी। युवक की मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद अफरा-तफरी मच गई। ट्रेन का परिचालन कुछ देर के लिए बाधित हो गया। सूचना मिलते ही रेलवे जीआरपीएफ और थाना के अपर थानाध्यक्ष रवि कुमार ने पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचकर शव को पटरी से हटाकर ट्रेन को फिर से रवाना किया। पुलिस ने आसपास के लोगों से पूछताछ की, लेकिन युवक की पहचान नहीं हो सकी। इसके बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए बांका सदर अस्पताल भेज दिया है। अभी तक शव की पहचान नहीं हो सकी है।

ज्ञात हो कि पिछले सप्ताह उक्त जगह ही एक युवक की ट्रेन से कटकर मौत हुई थी।

# खतरे में पूर्वी बिहार की लाइफलाइन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**भागलपुर।** पूर्वी बिहार का लाइफलाइन कहे जाने वाले विक्रशिला सेतु पर खतरा मंडराने लगा है। इसके कुछ एक्सपेंशन ज्वाइंट नौ माह पहले ही खराब हो चुके थे, कुछ खराब हो रहे हैं। विशेषज्ञों के निरीक्षण के इंतजार और ओवरलोड वाहनों के दबाव से पिछले नौ-दस माह में गैप और चार से पांच इंच तक बढ़ गया है।

इसके लिए पिछले 10 माह में छह से सात बार मुख्यालय को पत्र लिखा गया, इसके बाद भी जांच के लिए विशेषज्ञों को नहीं भेजा गया। स्थिति यह कि अगर तत्काल मरम्मत कार्य शुरू नहीं कराया गया तो सेतु के अस्तित्व खतरे में पड़ जाएगा। सेतु की सड़क भी जर्जर हो चुकी है। जिसके कारण वाहनों का संतुलन बिगड़ने से आए दिन हादसे हो रहे हैं। इसके कारण जाम भी लग रहा है।

दो दिन पूर्व भी पुल पर दो वाहनों में टक्कर हो गई थी। जिसमें आधा दर्जन लोग जख्मी हो गए थे। सेतु के बियरिंग पर भी असर सेतु की बियरिंग भी खराब हो गई है। एनएच के कार्यपालक अभियंता के आग्रह पर मुख्य अभियंता ने पुल निर्माण निगम से सेतु की जांच कर रिपोर्ट करने के लिए कहा था, लेकिन पुल निर्माण निगम के अधिकारियों ने निदेशों की अनदेखी कर जांच कर रिपोर्ट नहीं दी।

रिमांडर भेजने के बाद भी टीम ने जांच नहीं की है। 13 से अधिक जगहों पर बढ़ गया है गैपसेतु के पोल संख्या 89, 113, 125, 141, 148, 128 सहित 13 से अधिक जगहों पर एक्सपेंशन ज्वाइंट का गैप ज्यादा बढ़ गया है। जिस कारण ज्वाइंट के गैप से गंगा और जमीन का हिस्सा दिखने लगा है। इस परेशानी का मुख्य कारण पुल की बियरिंग का खराब होना बताया जाता है। जिसके कारण एक्सपेंशन ज्वाइंट का गैप बढ़ रहा है। इससे वाहनों के पुल पर से गुजरने पर धड़ाम-धड़ाम की आवाज होती है। वाहनों के बैठे यात्रियों को उछाल महसूस होता है। भारी वाहनों के चलने पर पुल पर ज्यादा कंपन महसूस होता है। जरूरत से ज्यादा कंपन होना पुल के लिए अच्छा संकेत नहीं है।

एक्सपेंशन ज्वाइंट में बढ़ते गैप की वजह से रेलिंग के बीच भी गैप बढ़ गया है। इसकी वजह से सेतु पर गाड़ियों में बार-बार ब्रेक लगाना पड़ता है। इससे यातायात पर असर पड़ता है। बार-बार ब्रेक लगाने, जाम लगने और एक ही जगह पर घंटों वाहनों के खड़े रहने से सेतु पर प्रतिकूल असर पड़ रहा है। अस्थि-पंजर ढीले हो चुके इस पुल पर आए दिन गाड़ियां खराब हो जाती हैं।

24 साल पहले शुरू हुए इस सेतु की वर्ष 2016 में 15 करोड़ की लागत से मुंबई की एक एजेंसी से दुरुस्तीकरण कराई गई थी। यह काम पुल निर्माण निगम, खगड़िया की देखरेख में हुआ था। एक्सपेंशन ज्वाइंट, बियरिंग बदलने के साथ ही खोद कर नए सिरे से सेतु सड़क का निर्माण भी कराया गया था। सड़क में मास्टिक बिछाई गई थी।

दावा किया गया था कि अब 20 साल तक सेतु में कुछ नहीं होगा। 10 साल तक सड़क की मरम्मत की जरूरत नहीं पड़ेगी। लेकिन अभियंताओं के दावा की हवा निकल गई। छह साल में ही सेतु को दुरुस्तीकरण की दरकार पड़ गई। वर्तमान में हालत यह है कि इस पुल पर जरा सी भी चूक निकल सकती है चीख।

# रेल टिकट के अवैध कारोबारी गिरफ्तार



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गयाजी।** आरपीएफ इंस्पेक्टर बनारसी यादव के नेतृत्व में आरपीएफ-सीआइबी की संयुक्त टीम ने मंगलवार को गया जंक्शन स्थित आरक्षण टिकट काउंटर पर छापेमारी कर रेल टिकट का अवैध कारोबार करने वाले एक दलाल को गिरफ्तार किया।

आरपीएफ इंस्पेक्टर बनारसी यादव ने बताया कि गया जंक्शन स्थित आरक्षण टिकट काउंटर पर छापेमारी कर तत्काल आरक्षण के दौरान एक टिकट दलाल को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार टिकट दलाल की पहचान नालंदा जिले के तेलहारा थाना क्षेत्र के लिवरी निवासी ओम प्रकाश कुमार के रूप में की गई है।

गिरफ्तार टिकट दलाल के पास से एक तत्काल टिकट, भरा हुआ आरक्षण डिमांड फार्म व मोबाइल फोन बरामद किया गया है। इस मामले में गिरफ्तार टिकट दलाल को रेल न्यायिक दंडाधिकारी गयाजी के न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

छापेमारी टीम में सब इंस्पेक्टर मोनिका कुमारी, एएसआइ संजय कुमार सिंह, सिपाही मुकेश कुमार, विकास कुमार व आलोक कुमार सक्सेना तथा सीआइबी गया के इंस्पेक्टर चंदन कुमार, सिपाही नवीन कुमार के अलावा आरपीएफ-सीआइबी के अधिकारी व जवान शामिल थे।

# नौकरी दिलाने के नाम पर ठग गिरोह का पुलिस ने किया भंड़ाफोड़

## गिरोह के तीन लोग चढ़े पुलिस के हत्थे
## मोबाइल सहित मोटरसाइकिल बरामद

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बाढ़।** पटना जिले के बाढ़ अनुमंडल क्षेत्र में नौकरी दिलाने के नाम पर ठगी करने वाले एक गिरोह का भंडाफोड़ हुआ है। पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी कर इस गिरोह के तीन सदस्यों को गिरफ्तार किया है। साथ ही इनके पास से तीन मोबाइल फोन और एक पैशन प्रो मोटरसाइकिल भी बरामद की गई है।

पुलिस के मुताबिक, यह गिरोह पिछले छह महीनों से सक्रिय था। गिरोह के सदस्य बेरोजगार युवाओं को इंश्योरेंस सेक्टर में नौकरी दिलाने का झांसा देकर इंटरव्यू के नाम पर बुलाते थे। इंटरव्यू के दौरान उनसे मोबाइल फोन, एटीएम और क्रेडिट कार्ड ले लेते थे। इसके बाद उनके खातों से पैसे निकाल लिए



जाते थे, और यदि खातों में पैसे नहीं होते थे तो उनके नाम पर ऑनलाइन लोन स्वीकृत करवाकर रकम ठग ली जाती थी।

शिकायतों के आधार पर बाढ़ थाने की पुलिस ने इस मामले की गंभीरता को देखते हुए एक विशेष टीम का गठन किया। तकनीकी जांच के बाद पुलिस ने गिरोह के मुख्य सरगना अमित कुमार को नालंदा जिले के शोभा बीघा गांव से गिरफ्तार किया। अमित कुमार की निशानदेही पर गिरोह के दो अन्य सदस्यों को भी गिरफ्तार किया गया।

सहायक पुलिस अधीक्षक राकेश कुमार ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी अधिकतर युवाओं को इंश्योरेंस कंपनियों में नौकरी दिलाने का लालच देते थे। इंटरव्यू के लिए बुलाए गए लोगों के साथ मारपीट कर उनका सामान लूट लेते थे। इन अपराधियों के खिलाफ भदौर, बख्तियारपुर, पंडारक और बाढ़ थानों में पहले से कई मामले दर्ज हैं। पुलिस जांच में यह भी खुलासा हुआ है कि गिरोह का सरगना अमित कुमार किसी निजी कंपनी में 9 लाख रुपए सालाना के पैकेज पर काम करता था। लेकिन उसे ऑनलाइन सट्टा की लत लग गई थी। इस लत को पूरा करने के लिए वह अपराध की दुनिया में उतर गया। पुलिस गिरोह के अन्य फरार सदस्यों की तलाश में जुटी हुई है।

# ईआरओ के साथ हुई बैठक

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**अररिया।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्गत विशेष गहन पुनरीक्षण 2025 से संबधित विस्तृत दिशा निर्देश के आलोक में बुधवार को जिला निर्वाचन कार्यालय अररिया में सभी राजनैतिक दलों के प्रतिनिधि एवं सभी विधान सभा के ईआरओ के साथ बैठक आहूत किया गया।

इस बैठक में बताया गया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा अर्हता तिथि 01.07.2024 के आधार पर विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम प्राप्त हुआ है जिसके अंतर्गत मतदान केंद्रों के युक्तिकरण एवं वोटर पंजीकरण आदि हेतु विशेष अभियान चलाया जाएगा। 1200 निर्वाचकों के मानक के अनुसार मतदान केंद्रों का युक्तिकरण होना है जो 25 जून से शुरू होकर 26 जुलाई 2025 तक चलेगा। इस अवधि में सत्यापन का कार्य, ड्राफ्ट सूची का निर्माण, दावा आपत्ति आदि निर्धारित है।

सभी उपस्थित पदाधिकारी को निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित समय सीमा के अंदर कार्य निष्पादित करने एवं सभी निदेशों का अक्षरशः अनुपालन करने का निर्देश दिया गया।

बैठक में वरीय प्रभारी निर्वाचन सह एडीएम पीजीआरओ अररिया श्री अजय कुमार ठाकुर, उप निर्वाचन पदाधिकारी अररिया डॉ राम बाबू कुमार, अनुमंडल पदाधिकारी अररिया सदर, डीसीएलआर अररिया एवं फारबिसगंज सहित राजनैतिक दलों के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

## स्कार्पियो में निकला सांप

**जमुई।** जिले से एक चौंकाने वाली घटना सामने आई है। बीए पार्ट थर्ड की परीक्षा देने जा रहे एक दंपति की स्कॉर्पियो कार में अचानक सांप निकल आने से अफरा-तफरी मच गई। गनीमत रही कि दोनों समय रहते कार से कूदकर सुरक्षित बाहर निकल आए। घटना जमुई टाउन थाना क्षेत्र के अंतर्गत महिसौड़ी के पास की है। बताया जा रहा है कि दंपति सतगामा गांव से जमुई के एकलव्य कॉलेज में परीक्षा देने जा रहे थे। पति स्वयं गाड़ी चला रहे थे और पत्नी बगल की सीट पर बैठी थीं। इसी दौरान महिसौड़ी के पास पत्नी को गर्दन के पास कुछ रेंगने और फुसफुसाने जैसी आवाज का आभास हुआ। जब उन्होंने मुड़कर पीछे देखा तो सीट पर गेहुएं रंग का एक सांप नजर आया।

# आखिर क्या है बाबूलाल मरांडी और रघुवर दास की मुलाकात के मायने?

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रांची।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष और नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी की पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास से रविवार को दुमका में मुलाकात हुई। दोनों दुमका परिसदन में ठहरे थे तो ऐसे में यह मुलाकात स्वाभाविक भी लग सकती है। लेकिन भाजपा की राजनीति में सक्रिय लोग इसे संयोग नहीं बल्कि प्रयोग मान रहे हैं। सप्ताह भर पहले केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह से मिलने बाबूलाल मरांडी दिल्ली गए थे। उसी दिन पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को पत्र लिखकर आदिवासी परंपरा को सम्मान देने के लिए राज्य में पेसा लागू करने की मांग कर दी।

रघुवर की पेसा मामले में सक्रियता के बाद कांग्रेस पार्टी ने भी इसे लेकर विमर्श प्रारंभ कर दिया है। बताया जा रहा है कि गृहमंत्री

## राजनीतिक गलियारे में तरह-तरह के चर्चे

अमित शाह से बाबूलाल मरांडी से राज्य में रघुवर दास की सक्रियता को संगठन से जोड़ने का निर्देश दिया।

विधानसभा चुनाव में मिली पराजय और प्रमुख नेताओं के चुनाव हारने के बाद भाजपा कार्यकर्ताओं के पास कोई ऐसा नेता नहीं है जो आक्रामक तरीके से पार्टी की बात रख पाए। बाबूलाल मरांडी, अर्जुन मुंडा, चम्पाई सोरेन सौम्य राजनीति के लिए जाने जाते हैं।

ऐसे में रघुवर दास को सक्रिय करने के लिए अमित शाह और केंद्रीय नेतृत्व ने प्रदेश अध्यक्ष को मनाया और उसके बाद दुमका की यह मुलाकात हुई। दोनों ही नेताओं ने इस मुलाकात की जानकारी इंटरनेट मीडिया पर देते हुए लिखा कि इसमें संगठन के बारे में चर्चा हुई। 10 जुलाई को केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह पूर्वी क्षेत्र परिषद की बैठक में शामिल होने रांची आ रहे हैं।

रांची दौरे में अमित शाह भाजपा नेताओं से मिलेंगे। इसमें प्रदेश भाजपा आने वाले एक साल के लिए कार्यक्रम का प्रजेंटेशन अमित शाह के सामने रखेगी।

आदिवासी राजनीति के साथ भाजपा के ओबीसी और सामान्य मतदाताओं के बीच आउटरीच कार्यक्रम की इसमें जानकारी दी जाएगी। अमित शाह के दौरे के आसपास ही झारखंड भाजपा को प्रदेश अध्यक्ष भी मिलना है। ऐसे में अमित शाह रघुवर दास की सक्रियता और बाबूलाल मरांडी की रणनीति का भाजपा की राजनीति पर होने वाले असर से भी परिचित होंगे।

# पंचायत प्रतिनिधियों को शस्त्र लाइसेंस देने का मार्ग हुआ प्रशस्त

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** राज्य के जिला परिषद अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, मुखिया, सरपंच जैसे पंचायती राज से जुड़े जन-प्रतिनिधियों को अब शस्त्र लाइसेंस के लिए लंबा इंतजार नहीं करना होगा।

विधानसभा चुनाव से पहले ऐसे इच्छुक जन-प्रतिनिधियों को शस्त्र लाइसेंस जारी करने की तैयारी है। गृह विभाग ने इस बाबत सभी जिलों के डीएम-एसपी को विशेष आदेश जारी किया है।

गृह विभाग के अवर सचिव मनोज कुमार सिन्हा की ओर से जिलों को जारी आदेश में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की घोषणा का हवाला देते हुए कहा गया है कि पंचायत प्रतिनधियों के शस्त्र लाइसेंस के आवेदन को जिला पदाधिकारी निर्धारित समय-सीमा के अंदर नियमानुसार निष्पादित करने की कार्रवाई करेंगे।

राज्य में पंचायती राज व्यवस्था से जुड़े करीब ढाई लाख जन-प्रतिनिधि हैं। इनमें बड़ी संख्या में पंचायत एवं ग्राम कचहरी के प्रतिनिधि लंबे समय से सुरक्षा का हवाला देते हुए शस्त्र लाइसेंस जारी करने की मांग राज्य सरकार से करते आ रहे हैं। इसको लेकर कई बार सदन में भी सवाल उठाए गए हैं।

जन-प्रतिनिधियों की मांग को देखते हुए पिछले दिनों मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने भी नियमानुसार शस्त्र लाइसेंस का निष्पादन करने का निर्देश दिया था। पंचायती राज विभाग की ओर से 18 जून को गृह विभाग के अपर मुख्य सचिव को पत्र लिखकर इस दिशा में कार्रवाई की मांग की गई।

इसके बाद गृह विभाग ने सभी जिलों के डीएम-एसपी को पंचायती राज संस्थाओं एवं ग्राम कचहरी के निर्वाचित जन-प्रतिनिधियों के शस्त्र लाइसेंस के प्राप्त आवेदनों को आयुध नियम, 2016 के प्रविधानों के आलोक में नियमानुसार निर्धारित समय-सीमा के अंदर निष्पादन करने का निर्देश दिया है।

# वज्रपात की चपेट में आने से किसान की मौत, दो अन्य झुलसे

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**विक्रम।** पटना जिले के विक्रम थाना क्षेत्र अंतर्गत गिरवारी टोला गांव में वज्रपात की चपेट में आने से एक किसान की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दो अन्य लोग गंभीर रूप से झुलस गए। दोनों घायलों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उनकी स्थिति चिंताजनक बनी हुई है। मृतक किसान की पहचान गांव निवासी 50 वर्षीय सुदामा प्रसाद के रूप में की गई है। जानकारी के अनुसार, सुदामा प्रसाद मंगलवार की दोपहर धान की बुआई की तैयारी को लेकर अपने खेत में गए थे। इसी दौरान अचानक तेज बारिश शुरू हो गई और आकाशीय बिजली गिरने से वह उसकी चपेट में आ गए। वज्रपात इतना तेज था कि सुदामा प्रसाद की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं, पास के खेतों में काम कर रहे दो अन्य लोग भी वज्रपात की चपेट में आकर गंभीर रूप से झुलस गए। स्थानीय ग्रामीणों की मदद से दोनों को आनन-फानन में अस्पताल पहुंचाया गया, जहां उनका इलाज चल रहा है। घटना की सूचना मिलते ही विक्रम थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है। मौत की खबर मिलते ही मृतक के घर में कोहराम मच गया। परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है। गांव में शोक का माहौल व्याप्त है। स्थानीय लोगों ने बताया कि सुदामा प्रसाद मेहनती किसान थे और खेती-बारी के कामों में अक्सर सबसे पहले पहुंचते थे। घटना ने पूरे गांव को सदमे में डाल दिया है।

## नाबालिग के साथ सामूहिक दुष्कर्म

**पटना।** नालंदा की 15 वर्षीय छात्रा के साथ पटना के चार लड़कों ने सामूहिक दुष्कर्म किया। आठवीं से 10वीं में पढ़ने वाले छात्रों ने राजधानी अलग-अलग होटलों में वारदात को अंजाम दिया। गर्भवती होने पर नाबालिग ने पटना के कोतवाली थाने में मामला दर्ज कराया है। सभी आरोपित लड़की से परिचित बताए जा रहे हैं। घटना करीब एक महीने पहले की है। पुलिस ने मामले की छानबीन शुरू कर दी है। मिली जानकारी के अनुसार नालंदा की रहने वाली लड़की की इंस्टाग्राम पर एक महीने पहले पटना के एक लड़के के साथ दोस्ती हुई थी। इसके बाद दोनों की पहली मुलाकात नालंदा के दीपनगर स्थित एक होटल में हुई थी। नालंदा में मिलने के बाद नाबालिग लड़की ने दोस्त ने उसे पटना बुलाया। राजधानी के मेहंदीगंज, बाइपास और कोतवाली थाना क्षेत्रों के अलग-अलग होटलों में लड़के ने अपने तीन अन्य दोस्तों के साथ दुष्कर्म किया। लोकलाज के भय से लड़की ने किसी से वारदात का जिक्र नहीं किया। गर्भवती होने पर उसने कोतवाली थाना पहुंचकर मामला दर्ज कराया।

# आईसीडीएस की एलएस को निगरानी ने किया गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**खुशरूपुर।** निगरानी अन्वेषण ब्यूरो की टीम ने बाल विकास परियोजना पदाधिकारी कार्यालय में महिला पर्यवेक्षिका राजश्री कुमारी को रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार किया है।

यह गिरफ्तारी पटना जिला के खुशरूपुर स्थित बाल विकास परियोजना पदाधिकारी कार्यालय में की गई है।

परिवादिनी खुशरूपुर थाना क्षेत्र के गोविन्दपुर निवासी सचिन कुमार की पत्नी मिन्तर कुमारी हैं। वह बैकठपुर पंचायत में आंगनबाड़ी सेविका के पद पर कार्यरत हैं। उन्होंने निगरानी अन्वेषण ब्यूरो, पटना के कार्यालय में शिकायत दर्ज करायी थी कि आरोपी महिला पर्यवेक्षिका राजश्री कुमारी के द्वारा क्रय पंजी पर हस्ताक्षर करने के एवज में 3,400 रिश्वत की मांग की जा रही है।

ब्यूरो ने परिवादिनी की शिकायत का सत्यापन कराया, जिसमें सत्यापन के दौरान आरोपी द्वारा रिश्वत मांगे जाने का प्रमाण पाया गया। प्रथम द्रष्टया आरोप सही पाये जाने के पश्चात कांड संख्या 44/25 अंकित कर अनुसंधानकर्ता पुलिस उपाधीक्षक अभिजीत कौर के नेतृत्व में एक धावादल का गठन किया गया।

धावादल ने कार्रवाई करते हुए अभियुक्त महिला पर्यवेक्षिका राजश्री कुमारी को 3,400 रुपए रिश्वत लेते बाल विकास परियोजना पदाधिकारी के कार्यालय खुशरूपुर, पटना से रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया। अभियुक्त से पूछताछ के उपरांत उसे विशेष न्यायालय, निगरानी, पटना में उपस्थापित किया जायेगा। निगरानी अन्वेषण ब्यूरो अब अग्रतर अनुसंधान की कार्रवाई कर रही है।

# हार-जीत के पैमाने में उलझी कांग्रेस पार्टी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रांची।** कांग्रेस के इंसाफ का तराजू डगमगा रहा है। एक पलड़े में हराने वाले के साथ दूसरे जाने वाले के साथ जिताने वालों को तौला जा रहा है। ताजा मामला गुजरात का है, जहां हाल ही में हुए विधानसभा उपचुनावों में कांग्रेस को करारी हार का सामना करना पड़ा, जिसके बाद पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष शक्ति सिंह गोहिल ने नैतिक जिम्मेदारी लेते हुए अपने पद से इस्तीफा दे दिया।

कडी और विसावदर सीटों पर कांग्रेस का प्रदर्शन निराशाजनक रहा, जहां कडी सीट भाजपा और विसावदर सीट आम आदमी पार्टी (आप) के खाते में गई। गोहिल ने अपने इस्तीफे में कहा कि मैं कांग्रेस का अनुशासित सिपाही हूं और हार की नैतिक जिम्मेदारी लेते हुए अपना इस्तीफा राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे को सौंप रहा हूं। उनकी जगह अहमदाबाद के दानिलिमदा से विधायक शैलेश परमार को अंतरिम प्रदेश अध्यक्ष बनाया गया है। हालांकि, कांग्रेस की संगठनात्मक नीतियों और नेतृत्व परिवर्तन के तौर-तरीकों पर सवाल उठ रहे हैं। गुजरात में हार के बाद गोहिल का इस्तीफा पार्टी की परंपरा के अनुरूप माना जा रहा है, लेकिन झारखंड में शानदार जीत के बावजूद प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर और प्रदेश कांग्रेस प्रभारी गुलाम अहमद मीर बदल दिए गए।

उल्लेखनीय है कि 2024 में लोकसभा और विधानसभा चुनाव में उम्मीद से काफी अच्छा प्रदर्शन कांग्रेस पार्टी ने किया था। लोकसभा चुनाव में पार्टी ने दो सीटें अपनी झोली में डाली। विधानसभा चुनाव में कांग्रेस ने 16 सीटों पर कब्जा जमाया। कुछ ऐसा ही तेलंगाना में हुआ, जहां जीत के बाद प्रदेश कांग्रेस प्रभारी माणिक राव ठाकरे बदले गए। इससे कहीं ना कहीं गलत संदेश गया। राजेश ठाकुर और गुलाम अहमद मीर ने झारखंड मुक्ति मोर्चा, राजद और वामदलों संग बेहतर तालमेल के साथ निचले स्तर के कार्यकताओं को विभिन्न बोर्ड-निगमों में सम्मानजनक स्थान दिलाने में कामयाबी पाई। इससे कार्यकताओं में उत्साह का संचार हुआ था, जिसका परिणाम चुनावों में स्पष्ट नजर आया, लेकिन राजेश ठाकुर बदले गए। गुलाम अहमद मीर के स्थान पर के. राजू को प्रभारी बनाया गया। तेलंगाना में कांग्रेस की जीत ने पार्टी को दक्षिण भारत में नई ताकत दी थी, लेकिन नेतृत्व परिवर्तन से इस गति को झटका लगने की आशंका है। पार्टी के भीतर यह सवाल उठ रहा है कि हार-जीत का पैमाना आखिरकार क्या है? गुजरात में हार के बाद गोहिल ने इस्तीफा दे दिया, लेकिन हरियाणा, राजस्थान, पंजाब और दिल्ली जैसे राज्यों में लगातार कमजोर प्रदर्शन के बावजूद वहां के नेताओं पर कोई कार्रवाई नहीं हुई। इन राज्यों में कांग्रेस की स्थिति लगातार कमजोर हो रही है, फिर भी संगठनात्मक बदलाव की गति धीमी है। गुजरात में ही गोहिल के समर्थकों, पूर्व मुख्यमंत्री माधव सिंह सोलंकी और स्वर्गीय अहमद पटेल के अनुयायियों के बीच गुटबाजी खुलकर सामने आ चुकी है।

कांग्रेस की ऐसी संगठनात्मक कमजोरियों का फायदा अन्य दल उठा रहे हैं। गुजरात में आप की जीत ने यह संकेत दिया है कि कांग्रेस का परंपरागत वोट बैंक खिसक रहा है। आप संयोजक अरविंद केजरीवाल ने खुलकर कहा कि भाजपा को केवल उनकी पार्टी ही टक्कर दे सकती है और कांग्रेस कार्यकर्ताओं को आप में शामिल होने का न्योता दिया। बिहार में भी आप ने कांग्रेस के सात फीसद वोट शेयर पर नजरें गड़ा दी हैं। कुल मिलाकर कांग्रेस की नीतियां और नेतृत्व परिवर्तन का तरीका कार्यकताओं और जनता के बीच विश्वास पैदा करने में नाकाम रहा है। गुजरात में हार, झारखंड-तेलंगाना में जीत के बाद भी नेतृत्व परिवर्तन और अन्य राज्यों में निष्क्रियता ने पार्टी की दिशा पर भी सवाल खड़े किए हैं।

# पहली बार वज्रपात न्यूनीकरण कार्यक्रम की शुरूआत

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**सासाराम।** बिहार में वज्रपात से होने वाली जानमाल की क्षति को कम करने की दिशा में एक अहम कदम उठाया गया है। राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (बीएसडीएमए) ने संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम (यूएनडीपी) इंडिया के सहयोग से 'वज्रपात न्यूनीकरण कार्यक्रम' की शुरूआत की है। इस कार्यक्रम की पहली पहल रोहतास जिले से की गई है।

इस कार्यक्रम की रूपरेखा तय करने के लिए बुधवार को जिला समाहरणालय स्थित डीआरडीए संवाद कक्ष में एक प्रारंभिक बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता अपर समाहर्ता ललित भूषण ने की। बैठक को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि प्रत्येक वर्ष वज्रपात की घटनाओं में हमारे जिले में कई लोगों की जान चली जाती है, जिनमें अधिकतर ग्रामीण और किसान होते हैं। यह कार्यक्रम केवल जन-जागरूकता तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि यह एक साझा उत्तरदायित्व के तौर पर कार्य करेगा, जिसमें सभी विभागों की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित की जाएगी।

उन्होंने आगे कहा कि यह पहल संस्थागत समन्वय, तकनीकी सहयोग और यूएनडीपी इंडिया की विशेषज्ञता के साथ लोगों को सुरक्षित रखने की दिशा में एक ठोस प्रयास है। एडीएम ने सभी विभागों को निर्देश दिया कि वे इसे एक साझा जिम्मेदारी के रूप में लेते हुए समयबद्ध ढंग से जरूरी डाटा और सुझाव उपलब्ध कराएं।

यह कार्यक्रम बिहार राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण और यूएनडीपी इंडिया के बीच हुए एक समझौते के तहत संचालित किया जा रहा है। इसका उद्देश्य आपदा जोखिम न्यूनीकरण से जुड़ी गतिविधियों को सुदृढ़ करना और स्थानीय स्तर पर जोखिम मूल्यांकन कर रणनीतियां तैयार करना है।

CMYK

# बिहार में मना 'संविधान हत्या दिवस'

## उपमुख्यमंत्रियों ने कहा आपातकाल लोकतंत्र का काला अध्याय

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** भारतीय लोकतंत्र के इतिहास में 25 जून 1975 की तारीख एक ऐसा काला अध्याय है जिसे न भूला जा सकता है और न ही माफ किया जा सकता है। इस दिन देश में तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी द्वारा लगाए गए आपातकाल के 50 वर्ष पूरे होने के अवसर पर आज बिहार समेत पूरे देश में 'संविधान हत्या दिवस 2025' के रूप में कार्यक्रम आयोजित किए गए। राजधानी पटना स्थित अधिवेशन भवन सभागार में बिहार सरकार के कला, संस्कृति एवं युवा विभाग द्वारा आयोजित इस विशेष कार्यक्रम में उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा की उपस्थिति ने आयोजन को विशेष बना दिया। कार्यक्रम की शुरुआत दीप



प्रज्वलन से हुई। इसके पश्चात सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा निर्मित एक टेलीफिल्म का प्रदर्शन किया गया जिसमें आपातकाल के दौरान हुई संवैधानिक और लोकतांत्रिक संस्थाओं की दमनात्मक स्थिति को दर्शाया गया। उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा ने इस दिन को देश के लोकतांत्रिक इतिहास का सबसे काला दिन करार दिया। उन्होंने कहा 25 जून 1975 एक ऐसी तारीख थी जिसने भारत के लोकतंत्र को झकझोर दिया था। उन्होंने भावुक होते हुए जेपी आंदोलन का जिक्र किया जहां आम नागरिकों को, विशेषकर युवा छात्रों को, बिना किसी सुनवाई के गिरफ्तार कर लिया गया। विजय कुमार सिन्हा ने कहा तानाशाही मानसिकता वाले एक परिवार ने अपनी सत्ता की रक्षा के लिए संविधान और लोकतंत्र की हत्या कर दी। लाखों लोगों को जेल में डाला गया, प्रेस पर सेंसरशिप थोप दी गई, अफसरों को मौन कर दिया गया और अनुच्छेद 21 को निलंबित कर दिया गया। उन्होंने कहा कि विकास की गंगा बिहार में नीतीश कुमार ने बहाई है जिन्होंने नरसंहार और जंगलराज पर लगाम लगाई। उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने आपातकाल को संविधान की निर्मम हत्या बताते हुए कहा कि यह घटना भारतीय लोकतंत्र पर कलंक है। उन्होंने कहा बाबा साहेब भीमराव आंबेडकर ने जिस संविधान की रचना 26 नवंबर 1949 को की थी, उसकी हत्या ठीक साढ़े 25 साल के बाद 25 जून 1975 को कर दी गई।

उन्होंने ऐतिहासिक दृष्टांतों के माध्यम से भारत की गौरवशाली विरासत की चर्चा की और बताया कि भारत ने दुनिया को लोकतंत्र का पाठ पढ़ाया, लेकिन एक ही पार्टी की सत्ता के मोह ने उसे अपवित्र करने का प्रयास किया। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में मेकिंग इंडिया का सपना पूरा हो रहा है जिसके तहत सोने का शेर बनाया जा रहा है जो पूरे विश्व में दहाड़ने का काम कर रहा है। सम्राट चौधरी ने युवाओं से आग्रह किया कि वे संविधान और लोकतंत्र की रक्षा के लिए सतर्क रहें और एक सशक्त, आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में अपनी भूमिका निभाएं। दोनों उपमुख्यमंत्रियों ने इस बात पर बल दिया कि बिहार की धरती ही लोकतंत्र की जननी रही है।

# 15 जुलाई तक डॉ. अम्बेडकर समग्र सेवा अभियान पूरा करने का निर्देश

## प्रत्येक बुधवार और शनिवार को टोलों में विशेष शिविर का किया जाता है आयोजन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** मुख्य सचिव अमृत लाल मीणा ने राज्य के सभी जिलों में अनुसूचित जाति व अनुसूचित जनजाति टोलों में डॉ. अम्बेडकर समग्र सेवा अभियान को 15 जुलाई तक पूरा करने का निर्देश दिया है। मुख्य सचिव ने सभी जिलों के डीएम को छोटे टोलों को मिलाकर शिविर लगाने को कहा है। वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से सभी जिलों के जिलाधिकारियों एवं प्रमंडलीय आयुक्तों के साथ आयोजित समीक्षा बैठक में उन्होंने यह आदेश जारी किया। राज्य सरकार ने इस वर्ष डॉ. भीमराव अम्बेडकर जयंती के मौके पर इस अभियान की शुरुआत की थी। इसका उद्देश्य राज्य के लगभग 60 हजार अनुसूचित जाति व जनजाति टोलों सरकारी योजनाओं का लाभ सीधे पहुंचाना है। इस अभियान के तहत हर बुधवार और शनिवार को टोलों में शिविर लगाकर सार्वजनिक वितरण प्रणाली, उज्ज्वला योजना, आयुष्मान भारत, प्रधानमंत्री आवास योजना, मनरेगा, नल-जल, वृद्धावस्था या विधवा या दिव्यांग पेंशन, छात्रवृत्ति, स्किल डेवलपमेंट, ई-श्रम पंजीकरण, सामाजिक सुरक्षा और स्वरोजगार योजनाओं को पहुंचाया जा रहा है। प्रदेश में अब तक 92.41 प्रतिशत यानी 48 हजार 717 शिविर लगाए जा चुके हैं। शेष शिविरों को 15 जुलाई तक लगाने का लक्ष्य है। भागलपुर, पूर्वी चम्पारण और सारण जिलों के सभी टोलों में लक्षित शिविर लगाए जा चुके हैं। गया (710), औरंगाबाद (505), नवादा (326), जमुई (274), वैशाली (212), अररिया (180) एवं सहरसा (162) में अवशेष शिविरों की संख्या 150 से अधिक है जिसे 15 जुलाई, 2025 तक सम्पन्न करा लिया जाएगा। इन शिविरों में आए आवेदनों को निपटाने में शिक्षा विभाग सबसे आगे है जिसने स्कूलों में दाखिला संबंधी 99.10 प्रतिशत आवेदनों का समाधान किया है। वहीं स्वास्थ्य विभाग ने आयुष्मान भारत कार्ड, स्वास्थ्य कार्ड और हेल्थ कैंप से संबंधित 98.47 प्रतिशत आवेदनों का निपटारा कर दूसरा स्थान हासिल किया है।

# अन्य पिछड़ा वर्ग कन्या आवासीय +2 उच्च विद्यालयों के शिक्षकों-कर्मियों की बेटियों को मिलेगी सह-शिक्षा की सुविधा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** एक अग्रणी कदम के तहत, बिहार सरकार के पिछड़ा वर्ग एवं अति पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग ने ऐतिहासिक नीतिगत निर्णय की घोषणा की है जिससे 'अन्य पिछड़ा वर्ग कन्या आवासीय +2 उच्च विद्यालय' में नियमित पदस्थापित शिक्षक (प्रधानाध्यापक सहित)/ शिक्षकेत्तर कर्मियों के बच्चियों को अन्य पिछड़ा वर्ग कन्या आवासीय +2 उच्च विद्यालय में नामांकन मिल सकेगा। विभाग द्वारा संचालित इन आवासीय विद्यालयों में छात्राओं को शिक्षा एवं आवासन की सुविधा निः शुल्क उपलब्ध हैं। इन विद्यालयों में पदस्थापित प्रधानाध्यापकों, शिक्षकों और शिक्षकेत्तर कर्मियों को छात्राओं के सर्वांगीण विकास हेतु परिसर में ही रहना अनिवार्य होता है। पहले इन नियमित पदस्थापित शिक्षक (प्रधानाध्यापक सहित)/ शिक्षकेत्तर कर्मियों के बच्चियों के इन आवासीय विद्यालयों में नामांकन के लिए कोई विशेष प्रावधान नहीं था। इससे एक महत्वपूर्ण चुनौती उत्पन्न होती थी जिससे कई कर्मियों को अपनी बेटियों से दूर रहना पड़ता था और उनकी शिक्षा के बारे में लगातार चिंता करनी पड़ती थी। इन चुनौतियों को पहचानते हुए पिछड़ा वर्ग एवं अति पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग ने अपनी संचालन नियमावली में संशोधन किया है। यह संशोधन अपने कर्मचारियों के कल्याण और कर्मचारियों तथा छात्राओं दोनों के लिए एक अनुकूल वातावरण सुनिश्चित करने के लिए विभाग की प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

# राज्य के थैलीसीमिया से पीड़ित 350 मरीजों का होगा बोनमैरो ट्रांसप्लांट : मंगल पांडेय

## पटना में 150 तथा मुजफ्फरपुर में 200 मरीजों की होगी एचएलए मैचिंग

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय ने कहा कि बिहार में थैलेसीमिया से पीड़ित 350 मरीजों का बोनमैरो ट्रांसप्लांट किया जाना है। इसके लिए सीएमसी, वेल्लोर के साथ समझौता ज्ञापन किया गया है। इसी कड़ी में पटना के पीएमसीएच और मुजफ्फरपुर के एसकेएमसीएच में थैलेसेमिया मरीजों के बोनमैरो ट्रांसप्लांट के लिए उनके सिबलिंग का ह्यूमन ल्यूकोसाइट एंटीजन (एचएलए) मैचिंग हेतु स्क्रीनिंग शिविर का आयोजन किया जायेगा जिसमें पीएमसीएच में 150 तथा एसकेएमसीएच में 200 थैलेसीमिया मरीजों के ह्यूमन



ल्यूकोसाइट एंटीजन (एचएलए) मैचिंग की व्यवस्था की गई है। इस स्क्रीनिंग शिविर का आयोजन 5 जुलाई 2025 को पटना मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल पटना में और 4 जुलाई 2025 को श्री कृष्ण चिकित्सा महाविद्यालय एवं अस्पताल, मुजफ्फरपुर में आयोजित होगा। श्री पांडेय ने कहा कि स्वास्थ्य विभाग द्वारा थैलेसीमिया के मरीजों के बेहतर उपचार के लिए अनेक स्तर पर प्रयास किये जा रहे हैं। थैलेसीमिया एक आनुवंशिक रक्त विकार है जो शरीर में हीमोग्लोबिन के उत्पादन को प्रभावित करता है। इस रोग के उचित निदान के लिए स्वास्थ्य विभाग के द्वारा थैलेसीमिया मरीजों का बोनमैरो ट्रांसप्लांट सीएमसी, वेल्लोर में कराया जा रहा है। इन शिविरों में मरीजों एवं उनके सिब्लिंग्स (डोनर्स) का ह्यूमन ल्यूकोसाइट एंटीजन सैंपल लिया जाएगा ताकि बोन मैरो ट्रांसप्लांटेशन हेतु एचएलए मिलान सुनिश्चित की जा सके। इस स्क्रीनिंग प्रक्रिया में शामिल होने वाले सभी मरीजों को अपने साथ थैलेसीमिया से संबंधित चिकित्सकीय दस्तावेज तथा सिब्लिंग्स सहित माता-पिता का आधार कार्ड लाना अनिवार्य होगा। श्री पांडेय ने कहा कि सरकार का प्रयास है कि थैलेसीमिया जैसे रोगों का प्रभावी इलाज सुनिश्चित की जाए और जरूरतमंदों को आवश्यक सहायता उपलब्ध कराई जाए। थैलेसीमिया मरीजों के इलाज के लिए सरकार हर संभव प्रयास कर रही है। यह शिविर थैलेसीमिया के मरीजों को नया जीवन देने की दिशा में एक सार्थक पहल होगी।

# अपनी शिकायतें लेकर सचिवालय की परिक्रमा न करें शिक्षक : डॉ. सिद्धार्थ

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** स्थानांतरण से संबंधित अपनी शिकायतों को लेकर राज्य के विभिन्न जिलों से शिक्षकों की सचिवालय परिक्रमा लगातार जारी है। जिससे शिक्षा विभाग के कामकाज प्रभावित होने लगे हैं। शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव डॉ. एस सिद्धार्थ ने बुधवार को राज्य के सभी जिलाधिकारियों को पत्र जारी कर उन्हे निर्देश दिया है कि जब जिलों में ही स्थानांतरित शिक्षकों की स्थापना संबंधित समस्याओं के समाधान की व्यवस्था है, तब शिक्षकों का सीधे राज्य मुख्यालय की परिक्रमा करना उचित नहीं है। इससे विभाग में कामकाज के संचालन में समस्याएं उत्पन्न हो रही है। डॉ. सिद्धार्थ ने जिलाधिकारियों को लिखे अपने पत्र में कहा है कि शिक्षा विभाग का स्थापना बल दस लाख है। अगर इस बल का आंशिक प्रतिशत भी अपनी समस्याओं को लेकर राज्य मुख्यालय आता है तो यह संख्या बहुत बड़ी हो जाती है। इससे शिक्षकों को तो समस्या हो ही रही है, साथ ही विभागीय कार्यों के संचालन में भी समस्याएं आ रही हैं। अपनी स्थानांतरण संबंधी समस्याओं को लेकर शिक्षकगण राज्य मुख्यालय में कार्यरत पदाधिकारियों से संपर्क स्थापित करने की कोशिश करते हैं जिससे विभागीय कामकाज में दिक्कतें पैदा होती हैं।

# भारतीय स्टेट बैंक के स्थानीय प्रधान कार्यालय में रक्तदान शिविर का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** भारतीय स्टेट बैंक के स्थानीय प्रधान कार्यालय में प्रथमा ब्लड सेंटर के सहयोग से रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में स्थानीय प्रधान कार्यालय के स्टाफ सदस्यों तथा ग्राहकों के द्वारा सम्मिलित रूप से कुल 250 यूनिट रक्त संस्थान को उपलब्ध कराया गया। इस रक्तदान शिविर का आयोजन भारतीय स्टेट बैंक के 70 वें स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में किया गया। रक्तदान में दान किये गए रक्त का उपयोग थेलेसिमिया पीड़ित बच्चों, कैंसर रोगी तथा अन्य जरूरतमन्द लोगों के बीच किया जाएगा। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य महाप्रबंधक, पटना मंडल के. वि. बंगारराजु तथा



अन्य गणमान्य लोगों द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। श्री बंगारराजु ने रक्तदान करने के पश्चात अपने वक्तव्य में कहा कि रक्तदान से बढ़ कर कोई दान नहीं हो सकता तथा सभी लोगों को इसमें हिस्सा लेना चाहिए क्योंकि रक्त एक ऐसी चीज है जिसे बनाया नहीं जा सकता और कभी न कभी हर इंसान को इसकी जरूरत होती है। इस मौके पर महाप्रबंधक (नेटवर्क- दक्षिण बिहार) रवीन्द्र कुमार श्रीवास्तव, महाप्रबंधक (नेटवर्क- उत्तर बिहार) आर. नटराजन, महाप्रबंधक (नेटवर्क- झारखंड) विवेक चन्द्र जायसवाल एवं अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद थे।

# अंतरराज्यीय मार्गों पर एसी एवं नॉन एसी बसों का होगा परिचालन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** अंतरराज्यीय मार्गों पर बसों के परिचालन के लिए सार्वजनिक परिवहन प्रणाली को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से अन्य राज्यों के साथ पारस्परिक समझौते के बाद दिल्ली, उत्तर प्रदेश, पंजाब, हरियाणा एवं पश्चिम बंगाल के कामगारों को बिहार सरकार यात्रा की सुगम सुविधा उपलब्ध कराने जा रही है। परिवहन विभाग के इस प्रस्ताव को राज्य मंत्रिमंडल ने मंगलवार को अपनी स्वीकृति प्रदान कर दी है। इसके अलावा अंतरराज्यीय मार्गों पर बसों के परिचालन के लिए सार्वजनिक परिवहन प्रणाली को मजबूत किया जाएगा। मंत्रिमंडल सचिवालय विभाग के अपर मुख्य सचिव डॉ. एस सिद्धार्थ ने बताया कि कामगारों की यात्रा को सुगम बनाने के लिए राज्य सरकार ने 74 नॉन एसी (डिलक्स) और 75 एसी (डिलक्स) बसों की खरीद के प्रस्ताव को मंत्रिमंडल ने अपनी मंजूरी दे दी है। कुल 74 नॉन एसी बसों की खरीद के लिए बसों की खरीद पर प्रति बस 68 लाख रूपये की दर से परिवहन निगम को 50.32 करोड़ रुपये के सहायक अनुदान की मंजूरी प्रदान की गई है जबकि 75 एसी बसों के लिए परिवहन निगम को 55.50 करोड़ रुपये के सहायक अनुदान की मंजूरी की गई है।

# जलवायु अनुकूल कृषि के लिए बैठक

## दलहन, तेलहन और पोषक फसलों को बढ़ावा देने पर जोर

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** उप मुख्यमंत्री सह कृषि मंत्री विजय कुमार सिन्हा की अध्यक्षता में कृषि भवन, मीठापुर, पटना में जलवायु अनुकूल कृषि कार्यक्रम के योजना के सूत्रण से संबंधित एक बैठक आयोजित की गई। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि बीसा, पूसा, समस्तीपुर को जलवायु अनुकूल कृषि के लिए सेंटर ऑफ एक्सिलेंस के रूप में विकसित किया जायेगा। बिहार के मौसम के अनुसार दलहन, तेलहन, पोषक तत्व वाले फसलों को बढ़ावा दिया जाये। जलवायु अनुकूल कृषि के क्षेत्र में एआई आधारित सिस्टम विकसित किया जाये जिससे



फसलों के लगने वाले रोग-कीट आदि के प्रभाव का पूर्वानुमान लगाया जा सके। फसल प्रत्यक्षण कार्यक्रम में फसल जांच कटनी अवश्य कराई जाये। उन्होंने निदेश दिया कि केन्द्रीय कृषि विश्वविद्यालय, राज्य के अंतर्गत कृषि विश्वविद्यालय तथा अनुसंधान संस्थान आपस में समन्वय स्थापित करते हुए किसानों के हित में काम करेंगे। कृषि के क्षेत्र में युवाओं को आकर्षित करने के लिए नवाचार आधारित व्यवसाय आधारित मॉडल को विकसित करने पर विशेष ध्यान दिया जाये। प्रधान सचिव कृषि विभाग पंकज कुमार के साथ जलवायु अनुकूल कृषि कार्यक्रम तथा आगामी वर्षों में क्रियान्वित किए जाने वाले नवाचार गतिविधियों पर विस्तार से चर्चा हुई।

# धनबाद-लोकमान्य तिलक-धनबाद स्पेशल की परिचालन अवधि में विस्तार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**हाजीपुर।** बोकारो-लातेहार-डालटनगंज-गढ़वा रोड-सिंगरौली-कटनी साउथ -इटारसी के रास्ते धनबाद और लोकमान्य तिलक के मध्य चलायी जा रही गाड़ी संख्या 03379/03380 धनबाद-लोकमान्य तिलक-धनबाद स्पेशल के परिचालन अवधि में विस्तार किया जा रहा है। अब गाड़ी संख्या 03379 धनबाद-लोकमान्य तिलक स्पेशल विस्तारित अवधि के पश्चात धनबाद से 01 जुलाई से 29 जुलाई, 2025 तक प्रत्येक मंगलवार को तथा गाड़ी संख्या 03380 लोकमान्य तिलक-धनबाद स्पेशल विस्तारित अवधि के पश्चात लोकमान्य तिलक टर्मिनल से 03 जुलाई से 31 जुलाई, 2025 तक प्रत्येक गुरूवार को परिचालित की जाएगी।

# देश अमृतकाल नहीं, अघोषित आपातकाल के दौर से गुजर रहा : बी के हरिप्रसाद

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** देश अघोषित आपातकाल के दौर से गुजर रहा है। यह अमृतकाल नहीं बल्कि देश के लिए राहुकाल है। बिहार में 33 घोटाले गिनाने वाले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कितने घोटालों की जांच रिपोर्ट सार्वजनिक की है। ये बातें कांग्रेस कार्यसमिति के सदस्य बी के हरिप्रसाद ने प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय सदाकत आश्रम में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में कही। कांग्रेस कार्यसमिति के सदस्य बी के हरिप्रसाद ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 51 वें बिहार दौरे पर 200 सभाएं करने वाले घोषणावीर प्रधानमंत्री के एक दौरे पर लगभग 100 करोड़ रुपए खर्च होते हैं। मेक इन इंडिया के नाम पर इंजन फैक्ट्री जिसे यूपीए ने शुरू किया अपना नाम दे दिया और चीनी मिल



को चालू करने का वादा करने वाले पीएम अब तक बिहार के चीनी मिल के चीनी से चाय नहीं पी पाएं। संविधान बदलने को लेकर 400 पार का दावा करने वाले पीएम मोदी के नारे को लोगों ने ठुकराने का काम किया। संसदीय परम्परा और संसद की सुप्रीमेसी को वर्तमान सरकार के मुखिया नरेंद्र मोदी ने बर्बाद कर दिया है। संवैधानिक संस्थाओं को भी इन्होंने पूरी तरीके से बर्बाद कर दिया है। प्रत्येक राज्यों में नियुक्त राज्यपाल केंद्र सरकार के इशारे पर गैर भाजपाई सरकारों को परेशान कर रही है। मीडिया पर बोलते हुए कांग्रेस कार्यसमिति सदस्य बी के हरिप्रसाद ने कहा कि मीडिया को पूरी तरीके से नियंत्रित कर दिया गया है। उन्होंने इस दौर को अघोषित आपातकाल करार देते हुए कहा कि जो सवाल करेगा उसे जेल में भेजने का काम वर्तमान सरकार कर रही है। गुजरात मॉडल पर बोलते हुए उन्होंने कहा कि जमीनी हकीकत कुछ और है, लेकिन उसे छिपाकर हौव्वा बनाया गया है। देश को गांधी और गोडसे के बीच लाकर छोड़ दिया गया है।

# हर सनातनी के घर तक पहुंचेगी हनुमान चालीसा : प्रो. रणवीर नंदन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार राज्य धार्मिक न्यास पर्षद के अध्यक्ष पूर्व विधान पार्षद प्रो. रणवीर नंदन ने कहा कि उनका प्रयास होगा कि हर सनातनी के घर तक हनुमान चालीसा पहुंचे और उस घर में रहने वाले युवा सुबह उठकर हनुमान चालीसा का पाठ करें। प्रोफेसर नंदन गर्दनीबाग ठाकुरबाड़ी में ठाकुरबाड़ी प्रबंध न्यास समिति की ओर से आयोजित अपने सम्मान समारोह को संबोधित कर रहे थे। प्रोफेसर नंदन ने कहा की हनुमान जी ही एक ऐसे देवता हैं जो सतयुग, त्रेता, द्वापर और कलयुग में भी व्याप्त हैं। माता सीता ने हनुमान जी को अमरत्व का वरदान दिया है और इनकी पूजा से बल, बुद्धि,




आरोग्य की प्राप्ति होती है। प्रोफेसर नंदन ने कहा कि गर्दनीबाग ठाकुरबारी से उनके तीन पीढ़ी का रिश्ता है। यहां मेरे पिताजी और वे स्वयं इस ठाकुरबारी प्रबंध समिति के अध्यक्ष हैं। प्रोफेसर नंदन ने कहा कि धार्मिक न्यास परिषद, बिहार में सनातन धर्म का अलख जगाने हेतु प्रत्येक सनातनी को नित्य पूजा पाठ करने हेतू जागरूकता अभियान चलाएगा। दीघा क्षेत्र के विधायक संजीव चौरसिया ने कहा कि रणबीर नंदन के न्यास के अध्यक्ष बनने से बिहार के मठ मंदिरों की स्थिति में सुधार होगा। इस मौके पर कार्यक्रम का संचालन गर्दनीबाग ठाकुरबारी प्रबंध न्यास समिति के सचिव डॉक्टर संजीव कुमार ने किया जबकि धन्यवाद ज्ञापन पुलिस महानिरीक्षक रहे अशोक कुमार सिन्हा ने किया। इस मौके पर पूर्व मुख्य सचिव अंजनी कुमार सिंह ने कहा रणबीर नंदन के अध्यक्ष बनने से बिहार में धार्मिक कार्यों में जागरूकता होगी। इस अवसर पर डॉक्टर डॉ अमूल्य कुमार सिंह, समाजसेवी नम्रता नंदन, उपेंद्र सिंहा, डॉ अमलेश कुमार, डॉ नीता नाथ, पुजारी सत्य प्रकाश पांडेय, वेद प्रकाश पांडेय, मुकेश रंजन झा, ऋषिकेश रंजन झा उर्फ रूणा बाबा, अमन कुमार सिन्हा सहित बड़ी संख्या में गर्दनीबाग ठाकुरबारी से जुड़े हुए लोग मौजूद थे।

# शक्तिधाम में 27 जून को गूंजेगा श्रद्धा का स्वर

## दादीजी मंदिर का रजत जयंती स्थापना दिवस धूमधाम से मनेगा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** आषाढ़ सुदी दूज पर बैंक रोड स्थित श्री दादीजी मंदिर में 27 जून को मंदिर का रजत जयंती स्थापना दिवस और श्री दादीजी का वार्षिकोत्सव श्रद्धा, भक्ति और उत्साह के साथ मनाया जाएगा। इस बार आयोजन और भी विशेष होगा क्योंकि यह शक्तिधाम का रजत जयंती वर्ष है। शक्तिधाम के मुख्य संस्थापक अमर अग्रवाल ने बताया कि हर वर्ष की तरह इस बार भी स्थापना दिवस पर श्री दादीजी का भव्य श्रृंगार किया जाएगा। पूरे मंदिर परिसर को आकर्षक ढंग से सजाया जा रहा है। मेहंदी, फूलों और पारंपरिक सजावट से मंदिर आभामंडित होगा। शाम को भोग और भजन, रात में शयन आरती संध्या वेला में श्री दादीजी को विशेष भोग अर्पित किया जाएगा। इस दौरान सैकड़ों महिलाएं राजस्थानी पारंपरिक वेशभूषा लाल-पीली साड़ी और चुनरी धारण कर मंदिर पहुंचेंगी और श्री दादीजी के समक्ष भजन प्रस्तुत करेंगी। शक्तिधाम महिला मंडल के तत्वावधान में संध्या में भजन-कीर्तन का आयोजन किया जाएगा। रात्रि में श्री दादीजी की विशेष शयन आरती होगी जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु सम्मिलित होंगे और माता से आशीर्वाद प्राप्त करेंगे।

**सुगंधा वर्मा देंगी भजनों की प्रस्तुति**

कार्यक्रम की विशेष आकर्षण वाराणसी की प्रसिद्ध भजन गायिका सुगंधा वर्मा की भक्ति संगीत की प्रस्तुति होगी। उनके स्वर श्री दादीजी की महिमा का मधुर गान बनकर श्रद्धालुओं को भावविभोर करेंगे। श्री दादीजी के दरबार को विशेष रूप से सजाया जा रहा है जहां मनोहर श्रृंगार, छप्पन भोग और महाआरती का भव्य आयोजन होगा। एम पी जैन ने बताया कि इस अवसर पर अमर अग्रवाल, रमेश मोदी, ओम पोद्दार, रमेश अग्रवाल, रौशन सर्राफ, निर्मल अग्रवाल, अक्षय अग्रवाल, संतोष अग्रवाल, नथमल जालान, किशन पोद्दार, सीताराम बंका सहित अन्य गणमान्य श्रद्धालु आयोजन की तैयारियों में जुटे हैं।

# पशु तस्करी पर एक्शन मोड में सरकार

## पिछले एक वर्ष में करीब 4,000 पक्षी, 164 कछुए, कुछ अजगर और कई पशुओं को बचाया गया

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** पशुओं की रक्षा राज्य सरकार की प्राथमिकताओं में शामिल है। इसके लिए पहले से कानून भी तैयार हैं। पिछले एक वर्ष के दौरान विभिन्न थानों की पुलिस और वन विभाग के अधिकारियों की संयुक्त कार्रवाई में 4 हजार पक्षी, विभिन्न प्रजाति के 164 कछुए, कुछ अजगर और दर्जनों की संख्या में पशुओं को बचाया गया है। इस दौरान दो दर्जन से अधिक तस्कर भी गिरफ्तार किए जा चुके हैं। इसमें कई दुर्लभ प्रजाति के कछुए और पक्षी भी शामिल हैं। इस मामले में पटना वन प्रमंडल के डीएफओ गौरव ओझा ने कहा कि जानवरों को पकड़ने के बाद उन्हें उनके प्राकृतिक आवास में छोड़ देते हैं। वन्यप्राणी अधिनियम- 1972 के तहत जानवरों को शेड्यूल-1 और शेड्यूल-2 श्रेणी में रखा गया है। इसमें शेड्यूल-2 के जानवरों के साथ अगर अपराध हो रहा हो तो तीन साल की सजा और जुर्माने का प्रावधान है। वहीं शेड्यूल-1 के जानवरों के साथ हो रहे अपराध के लिए 3 से 7 साल की सजा के साथ जुर्माना का प्रावधान है। अधिकांश पशु तस्करी के मामले सीमावर्ती थाना क्षेत्र में ही सामने आते हैं। पूर्वोत्तर भारत के राज्यों से आने वाली ट्रेनों में इस तरह के मामले काफी संख्या में पाए जाते हैं।

**कुछ मामले जो सामने आए**

इस वर्ष 16 अप्रैल को आरा जीआरपी ने फरक्का एक्सप्रेस से दुर्लभ प्रजाति के 27 कछुआ बरामद करते हुए आधा दर्जन तस्कर गिरफ्तार किए गए थे। इनमें पति-पत्नी भी शामिल हैं। इन कछुओं की कीमत अंतरराष्ट्रीय बाजार में 15 से 20 लाख रुपये आंकी गई थी और ये विलुप्त प्राणियों की सूची में शामिल हैं। इसके साथ ही वन प्रमंडल पटना और स्थानीय पुलिस की संयुक्त छापेमारी में 862 प्रतिबंधित पक्षियों के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार किया गया था। करीब 9 महीने पहले भी वन प्रमंडल पटना और रेलवे थाना पटना जंक्शन ने संयुक्त छापेमारी कर तस्करी के लिए लाए गए 1700 पक्षियों के साथ एक अपराधी के गिरफ्तार किया था। धराए गए तस्कर पक्षियों की तीन प्रजातियों रोज रिंग्ड पाराकिट, ट्रायकलर मुनिया और स्केली ब्रेस्टेड मुनिया पक्षी को बेचने के लिए ले जा रहे थे। पशु तस्करी का नेटवर्क बिहार के सीमावर्ती जिलों खासकर भारत-नेपाल सीमा पर दशकों से सक्रिय रहा है। इन रास्तों से हर महीने अरबों रुपये की अवैध तस्करी होती है। तस्कर इन जानवरों को विदेशों, खासकर चीन जैसे देशों में जानवरों के खाल, हड्डी, मांस आदि से दवाइयों, और पोषक उत्पाद बनाने के लिए भेजते हैं।

## संपादकीय

# ट्रंप की कन्फ्यूज नीति है मिडिल ईस्ट के लिए सबसे बड़ा खतरा !

ईरान और इजरायल के बीच में पिछले कई दिनों से भीषण युद्ध जारी है। इस युद्ध का सबसे अहम पहलू है अमेरिका की भूमिका। उससे भी दिलचस्प बात यह है कि अभी तक किसी को नहीं पता कि अमेरिका कौन सी भूमिका अदा करने वाला है। वो शांति की स्थापना करने वाली सुपरपावर बनकर दिखाएगा या फिर खुद युद्ध में कूदकर ईरान को पूरी तरह बर्बाद करने का काम करेगा। अब विकल्प तो दो हैं, लेकिन राष्ट्रपति ट्रंप दोनों में से किसी को भी नहीं चुन पा रहे हैं। अब सीजफायर की घोषणा के बाद भी ईरान-इजरायल नहीं मान रहे हैं। खुद राष्ट्रपति ट्रंप, उनको जानने वाले इसे उनकी अनप्रिडिक्टेबल नीति कहते हैं। ऐसा दिखाया जा रहा है कि कोई भी ट्रंप का दिमाग नहीं पढ़ सकता है। लेकिन असल में हो इसका उलट रहा है, कोई राष्ट्रपति ट्रंप की नीति तब समझ पाएगा जब उसमें कोई स्थिरता होगी, जब कोई स्पष्ट स्टैंड दिखेगा। यहां तो हर बीतते दिन के साथ ट्रंप के बयान भी बदल रहे हैं और नीति भी बदलती दिख जाती है।राष्ट्रपति ट्रंप ने पहले कहा था कि ईरान को भारी कीमत चुकानी पड़ेगी, वो अगर सरेंडर नहीं करता तो चुनौतियां काफी ज्यादा बढ़ जाएंगी। लेकिन अब ट्रंप कह रहे हैं कि उन्होंने ईरान पर हमले का कोई भी प्लान अप्रूव नहीं किया है और दो हफ्तों के भीतर कोई भी फैसला लिया जाएगा।

यहां एक और बात हैरान करने वाली है, राष्ट्रपति ट्रंप लगातार युद्ध रोकने की बात भी करते हैं, खुद के लिए नोबेल पीस प्राइज की मांग करते हैं, चुनावी प्रचार के दौरान भी अमेरिकियों को ऐसे ही सपने दिखा चुके हैं। लेकिन जो शांति की बात करता हो, वो कैसे किसी को हमले की धमकी दे सकता है? वो कैसे कह सकता है कि अगर सरेंडर नहीं हुआ तो भारी कीमत चुकानी पड़ेगी? शांति स्थापित करने वाले दोनों पक्षों की बात सुनते हैं, यहां तो किसी एक का पक्ष लेकर दूसरे को कभी धमकी दी जा रही है तो कभी उसे बातचीत की टेबल पर आने के लिए कहा जा रहा है। जानकार मानते हैं कि यह कन्फ्यूज नीति पूरे मिडिल ईस्ट को और मुश्किल में डाल सकती है। अगर किसी को बातचीत की टेबल पर भी लाना है तो उसे बताना जरूरी है कि हम बातचीत करना चाहते हैं। लेकिन राष्ट्रपति जिस तरह से धमकी देकर किसी को बातचीत की टेबल पर लाने की कोशिश कर रहे हैं, इससे स्थिति और ज्यादा बिगड़ रही है, ईरान के लगातार आ रहे आक्रोशित बयान भी इस बात की पुष्टि करते हैं। अमेरिका की इस प्रेशर पॉलिटिक्स को ईरानी नेता अच्छा नहीं मान रहे हैं। लेकिन ट्रंप के लिए इस तरह से अप्रिडिक्टबेल रहना कोई नई बात नहीं है। उनका पिछला कार्यकाल भी याद करना जरूरी है जब 2018 में उन्होंने अमेरिका को Joint Comprehensive Plan Of Action (JCPOA) से अलग कर लिया था।

# बिहार में कांग्रेस का पुनरुद्धार : आंकड़ों से कहीं अधिक की ज़रूरत



**अम्बरीश श्रीवास्तव**

प्रस्तावना: राजनीति की आत्मा वाले प्रदेश की बात

कुछ ऐसे ही राज्य हैं जिनकी राजनीतिक विरासत और सांस्कृतिक चेतना का भार गहरा होता है—बिहार उन्हीं में से एक है। वैशाली की प्राचीन गणराज्य से लेकर नालंदा की विद्वत्ता तक, और फिर जीपी आंदोलन की गर्जना तक, बिहार कभी सिर्फ चुनावी इलाका नहीं रहा—यह एक नैतिक प्रेरक रहा है, जिसने जन-आंदोलन को आकार दिया। इस भूमि ने विचारों को जन्म दिया, क्रांतियाँ चलाई और ऐसे नेता उतारे जिन्होंने दिल्ली की सत्ता को चुनौती दी।

अब, 2025 विधानसभा चुनाव की आहट में, बिहार फिर उस युग की उड़ान भरने को तैयार है—लेकिन क्या इतिहास की इस भट्टी में फिर एक नए परिवर्तन की लौ जगेगी?

महागठबंधन—जिसमें राजद, कांग्रेस और वामदल शामिल हैं—की वापसी राजनीतिक रूप से लगभग सुनिश्चित दिखती है। परंतु, अगर यह वापसी सिर्फ सांख्यिकीय गठबंधन बनी रहे, तो कांग्रेस के लिए यह स्वार्थहीन होगा। उसे चाहिए रणनीतिक नवाचार, सशक्त नेता और विचारधारा की पुनरारंभना।

यह लेख बिहार के सामाजिक-राजनीतिक इतिहास में गहराई से उतरता है, कांग्रेस में मौजूद नेतृत्व की कमी पर विचार करता है और बताता है कि कैसे सुबोध कांत सहाय जैसे प्रखर नेता न केवल बिहार, बल्कि पूरे हिंदी क्षेत्र के लिए लोकतांत्रिक नवजीवन का सूत्र हो सकते हैं।

ऐतिहासिक परिदृश्य: जाति, सहअस्तित्व और सांस्कृतिक विशिष्टता

बिहार की राजनीति का मूल उसके जटिल सामाजिक ताने-बाने में निहित है। यहाँ जातिगत पहचान एक साथ गहरी और सहयोगी रही है। दक्षिण की अपेक्षाकृत कट्टर जाति-आन्दोलन (जैसे द्रविड़ राजनीति या फुले-अंबेडकर आंदोलन) की तुलना में बिहार में यह संघर्ष इतनी तीव्रता से नहीं हुआ। इसने समय के साथ रूप बदला—जहाँ विभाजन था, वहाँ सहनशील भी था।

छठ पूजा इसके सबसे सुंदर उदाहरणों में से एक है। यहाँ अमीर और गरीब, उच्च और निम्न जाति एक साथ और बिना पंडितों के सूर्य को अर्घ्य देते हैं—यह भारतीय लोकतंत्र का आत्मीय रूप है। पटना की घाटों पर जब नारंगी धूप गहरे रंग में बदलती है, तब जाति और वर्ग लुप्त हो जाते हैं।

लेकिन इन सबके बावजूद, बिहार में जाति अब भी चुनावी गणित को निर्धारित करती है। परंतु अब मतदाताओं की चेतना अधिक विकसित है—वे पहचान के साथ-साथ योग्यता, सांस्कृतिक समझ और स्थानीय जुड़ाव की भी परख करते हैं।

**जीपी आंदोलन: पुनर्जन्म की क्रांति-** 1974 का सम्पूर्ण क्रांति आंदोलन, जिसे जयप्रकाश नारायण ने लाया, सिर्फ आपातकाल की अवैधता के खिलाफ आवाज़ नहीं था—यह भारत की लोकतांत्रिक आत्मा का पुनर्स्फूर्ति था, और सबसे तेज़ स्वर बिहार में ही गूँजा। छात्र-गृहों से गांवों तक इसका इजहार हुआ।

एक जनांदोलन से जन्मे नेताओं में लालू प्रसाद यादव, नीतीश कुमार, शरद यादव और सुबोध कांत सहाय जैसे युवा शामिल थे। ये नेता कमरे में जन्मे या वरदान पाए नेता नहीं थे—वे संघर्ष से तराशे गए नेता थे, जिन्होंने सड़क पर खड़ी राजनीति को गले लगाया।

इनमें सुबोध कांत सहाय अपनी शांत दक्षता और क्षेत्रीय विस्तार के कारण अलग खड़े हैं। जबकि अधिकांश नेता बिहार तक सीमित रहे, सहाय ने बिहार और नए बने झारखंड के बीच पुल का काम किया। सांसद और केंद्रीय मंत्री के रूप में भी उन्होंने जीपी आंदोलन की थाती—धर्मनिरपेक्षता, समाजवाद, संघवाद और जमीनी सशक्तिकरण—को कभी नहीं छोड़ा।

**आज का बिहार: महागठबंधन का मौका-** बिहार आज एक चौराहे पर खड़ा है। नीतीश कुमार का राजनीतिक विश्वसनीयता दरकिनार हुई है—अक्सर वे विचारधाराओं का फेर बदल करते दिखे। इससे उनके नैतिक आधार पर सवाल उठने लगे हैं और जबरदस्त राजनीतिक वैकेंसी बनी है।

महागठबंधन—हालांकि आंतरिक मतभेदों से जूझ रहा है—फिर भी एक सुनहरा मौका रखता है। लेकिन केवल जातिगत गठबंधनों से काम चलने वाला नहीं है। जनता चाहता है संरचना, स्पष्टता और ठोस नेतृत्व।

यहाँ कांग्रेस पिछड़ती दिख रही है।

बिहार में कांग्रेस: ध्वस्त विरासत से पुनरुत्थान की ओर

एक जमाने में बिहार की शस्त्र बटोरने वाली कांग्रेस अब किनारे खिसक चुकी है। उसका संगठननाश हो गया है, कार्यकर्ता असहज हो चुके हैं और नेतृत्व अक्सर गुमनामी में दिखता है।

इसका मूल कारण केवल विपक्ष या सामाजिक मतभेद नहीं—बल्कि इसकी केंद्रीकृत संस्कृति है जिसने क्षेत्रीय शक्तियों को दबा दिया है।

बिहार में चुनाव आखिरी दौर का खेल नहीं—यह लगातार संवाद की मांग है। यहाँ भावनात्मक जुड़ाव, सांस्कृतिक समझ और स्थायी राजनीति की आवश्यकता है, जो कांग्रेस अभी तक पूरा नहीं कर पाई है।

सुबोध कांत सहाय: क्यों वे अभी भी मायने रखते हैं

एक समय के तेज़-तर्रार, जाहिरा राजनीतिक माहौल में सुबोध कांत सहाय एक पुरानी, अधिक स्थायी शैली का प्रतिनिधित्व करते हैं—जो विचारधारा, प्रशासन और जन-संपर्क से सजीव है।

1990 के दशक में गृहमंत्री राज्य मंत्री के रूप में उन्होंने पंजाब, राम जन्मभूमि विवाद, असम में उग्रवादी घटनाओं और मंडल आयोग की आग को शांति से देखा। इन संघर्षों में उनका संतुलित नेतृत्व इतिहास का हिस्सा बन गया।

उनकी असली ताकत है उनकी भावनात्मक बुद्धि और मेलजोल-सूत्रबद्ध क्षमता। लालू जी से उनका लंबे समय का संबंध इस बात का प्रमाण है कि कैसे व्यक्तिगत विश्वास से ऐतिहासिक गठबंधन बनते हैं।

झारखंड में उनके कार्यकाल ने उन्हें आदिवासी से लेकर यादव तक हर वर्ग में स्वीकार्यता दिलाई—यह सिर्फ जनसंख्या का गणित नहीं, बल्कि वर्षों की स्थिर भावना का परिणाम है।

**2009: राजनीतिक नियोजन की पाठशाला-** हिंदी पट्टी में कांग्रेस की 2009 की चुनिंदा सफलता कम ही लोग याद करते हैं—लेकिन इसके पीछे की बुद्धिमत्ता सुबोध कांत सहाय ने ही की थी। उन्होंने वहां के चुनाव में सूक्ष्म योजना, जाति आधारित रणनीति, टिकट वितरण की पारदर्शिता और समस्या-उन्मुख संवाद को प्राथमिकता दी।

यह मॉडल बिहार में भी उतरा जा सकता है। दुर्भाग्यवश, कांग्रेस आज भी पावर सेंट्रलाइजेशन की ओर झुकी है, जिससे स्थानीय माहौल समझ से दूर हुआ है।

**रणनीतिक पुनःप्रतिष्ठा: कांग्रेस के लिए रूपरेखा-** आधार को मजबूत किए बिना कोई पुनरुत्थान संभव नहीं। बिहार के लिए कांग्रेस को चाहिए:

सिनियर नेताओं जैसे सुबोध सहाय को पूर्ण स्वतंत्रता देकर बिहार इकाई चलाना।

युवा नेताओं को प्रशिक्षित करके उन्हें मैदान में भेजना; डिजिटल और जमीनी जुड़ाव सिखाना।

सांस्कृतिक पूंजी निवेश—बिहार की भाषा, साहित्य और लोककला के ज़रिए स्थानीय जुड़ाव बनाना।

मुद्देवाद गठबंधन—शिक्षा, रोजगार, कृषि, स्वास्थ्य जैसे विकास के मुद्दों पर संकलित रूप से काम करना।

इसमें परंपरा और नवप्रवर्तन का संगम हो—वह मिश्रण जो आज के बिहार के साथ इज़हार करता हो।

**बीजेपी से सबक: रणनीति बनाम नाटकीयता-** बीजेपी की अभियान अनुशासन—बूथ स्तरीय योजना, जातिगत माइक्रो टारगेटिंग, संदेश की स्पष्टता—इनमें कुछ सराहनीय है।

अगर कांग्रेस उन्हें चुनौती दे सकती है, तो उसे चाहिए डिजिटल समझ और फील्ड विश्वसनीयता का एक युद्ध-कक्ष तैयार करना। अनुकरण नहीं, बल्कि सशक्त मुकाबला।

**सीट-शेयरिंग में सुबोध सहाय की भूमिका-** बहुत से युवा कार्यकर्ता सुबोध सहाय के मार्गदर्शन में बढ़े हैं। वे खाली दावेदार नहीं—उनमें तकनीक, तैयारी और दूरदर्शिता है। उन्हें सीट-शेयरिंग वार्ताओं में प्राथमिक भूमिका देकर कांग्रेस बेहतर रणनीति और जीत-बढ़ा सकती है।

**निष्कर्ष: साहस का क्षण आ गया है-** भारत की तरह, बिहार को अब विश्वसनीय, सुनने वाले, देने वाले और जोड़ने वाले नेताओं की तलाश है। महागठबंधन शायद जीत जाए—पर उस जीत को गवर्नेंस की तबाही से बदलने की जिम्मेदारी कांग्रेस पर है।

सुबोध कांत सहाय केवल एक नेता नहीं; वे अनुभव, सहानुभूति और मानवीय जुड़ाव का जीवंत भंडार हैं। वे ना तो पार्टी का अतीत हैं और ना राजनैतिक सिर्फ पहचान—वे हैं कांग्रेस के भविष्य के सेतु।

अगर कांग्रेस सच में जीवनङ्कसंकट से जीवन से पुनरुत्थान की ओर बढ़ना चाहती है, तो उसे चाहिए—आलोचनात्मक आत्मनिरीक्षण और नेतृत्व में बदलाव। और यह बदलाव... आज से शुरू होना चाहिए।

**लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं। यह लेखक के निजी विचार हैं। संपर्क:**
**ambrish.srivas@gmail.com**

# कांग्रेस ने आपातकाल के लिए माफी नहीं मांगी

**( डॉ. आशीष वशिष्ठ )**

20 नवंबर 2017 को आपातकाल के दौरान जेल काटने वाले पत्रकार कुलदीप नैयर का बीबीसी में प्रकाशित एक लेख आपातकाल को लेकर कांग्रेस के चरित्र का बखूबी चित्रण करता है। नैयर लिखते हैं, आपातकाल किसी अपराध से कम नहीं था, लेकिन कांग्रेस पार्टी ने इसके लिए कभी माफ़ी नहीं मांगी।

भारतीय लोकतंत्र ने विश्व भर में प्रशंसा एवं प्रतिष्ठा प्राप्त की है। हालांकि लोकतंत्र की इस समृद्ध यात्रा में आपातकाल जैसा एक कलंकित अध्याय भी जुड़ा है। 25 जून, 1975 की वो रात कौन भूल सकता है जिसे खासतौर पर तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की तानाशाही के रूप में जाना जाता है। ये वही रात थी जब तत्कालीन राष्ट्रपति फ़ख़रुद्दीन अली अहमद ने प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के कहने पर देश में आपातकाल की घोषणा की थी।

25 जून 2025 को कांग्रेस पार्टी की शीर्ष नेता और पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी द्वारा देश पर आपातकाल को थोपे हुए 50 वर्ष पूरे होंगे। इमरजेंसी में कांग्रेस की दुर्भावना का अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि उसने आज तक इसके लिए माफी नहीं मांगी। बीती 21 जून को पूर्व उपराष्ट्रपति एम वेंकैया नायडू ने देश की एक प्रतिष्ठित न्यूज एजेंसी को दिए साक्षात्कार में कहा, कांग्रेस को आपातकाल के लिए देश के लोगों से माफी मांगनी चाहिए। कांग्रेस को इसे लेकर पछतावा होना चाहिए, लेकिन कांग्रेस ने कभी भी इसके लिए माफी नहीं मांगी। अब जब देश में आपातकाल लागू हुए 50 साल होने जा रहे हैं, तो ऐसे में कांग्रेस पार्टी को सार्वजनिक रूप से इस पर पछतावा होना चाहिए। 20 नवंबर 2017 को आपातकाल के दौरान जेल काटने वाले पत्रकार कुलदीप नैयर का बीबीसी में प्रकाशित एक लेख आपातकाल को लेकर कांग्रेस के चरित्र का बखूबी चित्रण करता है। नैयर लिखते हैं, आपातकाल किसी अपराध से कम नहीं था, लेकिन कांग्रेस पार्टी ने इसके लिए कभी माफ़ी नहीं मांगी। ख़ासकर नेहरू-गांधी खानदान से अफ़सोस का एक शब्द भी नहीं कहा गया। ग़ैर-कांग्रेसी पार्टियों ने इसके विरोध में बयान जारी किया या विरोध प्रदर्शन भी किया, लेकिन कांग्रेस पार्टी आपातकाल पर ख़ामोश ही रही।

माफी मांगने की बजाय इंदिरा गांधी के पुत्र पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी ने 23 जुलाई 1985 को आपातकाल पर गर्व करते हुए लोकसभा में कहा था कि आपातकाल में कुछ भी गलत नहीं है। पूर्व पीएम ने यहां तक कहा था कि अगर इस देश का कोई प्रधानमंत्री इन परिस्थितियों में आपातकाल को जरूरी समझता है और आपातकाल लागू नहीं करता है तो वह इस देश का प्रधानमंत्री बनने के लायक नहीं है। तानाशाही पर गर्व करने का यह कृत्य ही दर्शाता है कि कांग्रेस को परिवार और सत्ता के अलावा कुछ भी प्रिय नहीं है। पूर्व पीएम राजीव गांधी का वक्तव्य कांग्रेस पार्टी के मूल चरित्र को दर्शाता है। आपातकाल की अवधि के बाद दो पीढ़ियां बड़ी हो चुकी हैं तो उन्हें इसकी भनक नहीं होगी कि तब देश में कितने खराब हालात रहे। बिना किसी अदालती कार्यवाही के संसद से विपक्षी सदस्यों को हिरासत में ले लिया गया। एक लाख से ज़्यादा लोगों को जेल में डाल दिया गया था। एक रिपोर्ट के मुताबिक इमरजेंसी के दौरान 1 करोड़ 10 लाख से ज्यादा लोगों की नसबंदी कर दी गई थी। इंदिरा गांधी ने खुद को ही कानून बना लिया था। इंदिरा गांधी में प्रतिशोध की भावना की सारी सीमाएं टूट गई थीं। आपातकाल के दौरान कांग्रेस ने देश के संवैधानिक संस्थाओं और मर्यादाओं के साथ जो खिलवाड़ किया है, उसका खामियाजा आज तक देश भुगत रहा है।

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता पूर्व विदेश मंत्री सलमान खुर्शीद ने जुलाई 2015 में कहा कि, हमें क्यों माफी मांगनी चाहिए? हम क्यों आपातकाल पर चर्चा करें? मार्च 2021 को राहुल गांधी ने अमेरिका के कॉर्नेल विश्वविद्यालय में आपातकाल पर पूछे गए सवाल के जवाब में कहा, मुझे लगता है कि वह एक गलती थी बिलकुल, वह एक गलती थी। और मेरी दादी (इंदिरा गांधी) ने भी ऐसा कहा था। मई 2004 में ए इंडियन एक्सप्रेस के तत्कालीन प्रधान संपादक शेखर गुप्ता के साथ बातचीत में सोनिया गांधी ने कहा था कि उनकी सास ने बाद में महसूस किया था कि यह एक गलती थी। सोनिया गांधी ने तब कहा था, ठीक है, मेरी सास ने खुद चुनाव हारने के बाद (1977 में) कहा था कि उन्होंने उस (आपातकाल) पर पुनर्विचार किया था। और यह तथ्य कि उन्होंने चुनाव की घोषणा की, इसका मतलब है कि उन्होंने आपातकाल पर पुनर्विचार किया था।

बीते साल 25 जून को लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने आपातकाल की निंदा करते हुए एक प्रस्ताव पढ़ा, जिसमें आपातकाल को प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी द्वारा संविधान पर हमला बताया गया। कांग्रेस सांसदों ने प्रस्ताव विरोध में कहा कि पांच दशक पुराने इस काले दौर का स्मरण नहीं किया जाना चाहिए। ऐसे में अहम सवाल यह है कि क्या कांग्रेस आपातकाल को सही मानती है या फिर यह चाहती है कि लोकतंत्र को कलंकित करने और संविधान का निरादर करने वाले इस तानाशाही भरे कदम का स्मरण नहीं किया जाना चाहिए? निर्लज्जता की पराकाष्ठा देखिए जिस कांग्रेस पार्टी के नेता ने केवल अपनी सत्ता कायम रखने के लिए आपातकाल लगाया, इन दिनों उसी पार्टी के नेता संविधान रक्षक होने का दावा करते घूमते हैं। 2024 के आम चुनाव से इंदिरा गांधी के पोते राहुल गांधी लगातार संविधान की एक किताब को सार्वजनिक रूप से लहराकर यह दावा करते रहते हैं।

# दुनिया के नक्शे पर भी और भारत के लिए भी ईरान बहुत जरूरी है

**रूस और यूक्रेन के बीच सीजफायर का ऐलान करवा रहे थे। सीरिया के आतंकवादी से मिलकर अपनी पीस वाली छवि को बना रहे थे। वो डोनाल्ड ट्रंप जो पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपतियों से कहते थे कि युद्ध करना बेवकूफी है। वो जो अमेरिका को दोबारा से ग्रेट बना रहे थे और खुद के लिए नोबेल पुरस्कार की मांग कर रहे थे। ऐसा क्या हो गया कि डोनाल्ड ट्रंप ने न केवल इजरायल का साथ दिया बल्कि अमेरिका को 22 साल बाद सीधे सीधे युद्ध में उतार दिया। क्या अमेरिका का ईरान पर हमला उसकी परमाणु ताकत को रोकने के लिए था। डोनाल्ड ट्रंप भले ही ये कह रहे हो कि हमने दुनिया को बचा लिया। लेकिन इतिहास गवाह है कि अमेरिकी की जब भी किसी देश में सैन्य एंट्री हुई है, या तो वो वहां से थक-हारकर पहली फुर्सरत में रुकसत हुआ है।**

**( अभिनय आकाश )**

ईरान के परमाणु बुनियादी ढांचों पर हमलों को मीडिल ईस्ट के इतिहास की एक गेमचेंजर घटना के रूप में देख सकते हैं। इसके दो नतीजे निकल सकते हैं। एक तो कि ईरान की हुकूमत गिर जाएगी और उसके स्थान पर एक अधिक धर्मनिरपेक्ष और सर्वसम्मत शासन की स्थापना की जा सकती है। दूसरा ये कि ये संघर्ष पूरे क्षेत्र को आग में झोंक सकता है और अमेरिका को भी इसमें उलझा सकता है। वो डोनाल्ड ट्रंप जो भारत और पाकिस्तान के युद्ध को रोकने का दंभ भर रहे थे। रूस और यूक्रेन के बीच सीजफायर का ऐलान करवा रहे थे। सीरिया के आतंकवादी से मिलकर अपनी पीस वाली छवि को बना रहे थे। वो डोनाल्ड ट्रंप जो पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपतियों से कहते थे कि युद्ध करना बेवकूफी है। वो जो अमेरिका को दोबारा से ग्रेट बना रहे थे और खुद के लिए नोबेल पुरस्कार की मांग कर रहे थे। ऐसा क्या हो गया कि डोनाल्ड ट्रंप ने न केवल इजरायल का साथ दिया बल्कि अमेरिका को 22 साल बाद सीधे सीधे युद्ध में उतार दिया। क्या अमेरिका का ईरान पर हमला उसकी परमाणु ताकत को रोकने के लिए था। डोनाल्ड ट्रंप भले ही ये कह रहे हो कि हमने दुनिया को बचा लिया। लेकिन इतिहास गवाह है कि अमेरिकी की जब भी किसी देश में सैन्य एंट्री हुई है, या तो वो वहां से थक-हारकर पहली फुर्सरत में रुकसत हुआ है। या फिर अपने कठपुतली देश को बीच राह में ही छोड़ दिया है। अफगानिस्तान और यूक्रेन इसके सबसे सटीक उदाहरण हैं। ईरान के परमाणु बुनियादी ढांचों पर हमलों को मीडिल ईस्ट के इतिहास की एक गेमचेंजर घटना के रूप में देख सकते हैं। इसके दो नतीजे निकल सकते हैं। एक तो कि ईरान की हुकूमत गिर जाएगी और उसके स्थान पर एक अधिक धर्मनिरपेक्ष और सर्वसम्मत शासन की स्थापना की जा सकती है। दूसरा ये कि ये संघर्ष पूरे क्षेत्र को आग में झोंक सकता है और अमेरिका को भी इसमें उलझा सकता है।

लड़ाई इजराइल और ईरान के बीच हो ही नहीं रहा है। इजराइल सिर्फ एक मोहरा है। असल लड़ाई अमेरिका का है। अमेरिका ईरान में इस्लामिक शासन नहीं खत्म करना चाहता है, बल्कि बंग्लादेश की तरह ईरान के सिंहासन पर अपना एक रबर स्टैंप बिठाना चाहता है। अमेरिका को ना आतंकवाद से परहेज है ना उस इस्लामिक कट्टरपंथ से परहेज है। चाहे वो अलकायदा का चीफ ओसामा बिन लादेन हो, उसका उत्तराधिकारी अल-जवाहिरी या आईएसआईएस का सबसे खूंखार चेहरा अबू बकर अल बगदादी, सभी अपने अपने वक्त में अमेरिका के पैदा किए हुए आतंकवादी हैं, जिन्हें जरूरत पड़ने पर अमेरिका ने अपने फायदे के लिए पाला-पोसा बड़ा किया और फिर जब काम निकल गया तो इन्हें ठिकाने लगा दिया। अमेरिका का डबल स्टैंर्ड आपको बीते दिनों ट्रंप की उस 1 अरब डॉलर के आतंकी से हाथ मिलाती तस्वीर से भी लग जाएगा। इतने से नहीं मन भरा तो जरा पाकिस्तान को ही देख ले। जिसके आर्मी चीफ को लंच कराते, आतंकवाद को पालने पोसने के बावजूद उसे सबसे प्यारा देश बताते नहीं थकते हैं। मतलब साफ है कि अमेरिका सिर्फ अपना हित देखता है।



**ईरान भी कोई पाक साफ नहीं:** ईरान की तरफ से हमास, हिजबुल्ला, हूती के चरमपंथियों को फंडिंग किए जाने की बात किसी से छुपी नहीं है। इराक, लेबनान सीरिया और यमन पर ईरान लंबे समय से अपना प्रभाव जमाए हुए है और सशस्त्र उग्रवादियों को पोषित करता आया है। हिजबुल्ला की रीढ़ तोड़ने से इस परिदृश्य में बदलाव की शुरुआत पहले ही हो चुकी है। लेबनान सीरिया में पहली ही इसका लाभ मिल चुका है। जहां नए बहुलवादी नेताओं से सत्ता संभाली है। ईरान के प्रभाव क्षेत्र से इराक का पलायन भी वहां के लोगों के बीच व्यापक रूप से लोकप्रिय है।

**ईरान के साथ भारत के ऐतिहासिक-सांस्कृतिक विरासत से जुड़े संबंध:** बीते कुछ वर्षों में भारत और इस्राइल करीब आए हैं। सिक्योरिटी और टेक्नॉलजी के क्षेत्र में भारत और इजरायल के बीच गहरा सहयोग देखने को मिला है। 2023 में हमास के हमले पर भारत ने कड़े शब्दों में प्रतिक्रिया दी थी। पहलगाम हमले के वाद इस्राइल उन देशों में था जो भारत की आत्मरक्षा के अधिकार के साथ खुलकर सामने आया। लेकिन ईरान के साथ भारत के ऐतिहासिक और सांस्कृतिक विरासत से जुड़े संबंध हैं। भारत और ईरान क्षेत्रीय कनेक्टिविटी, जियोपॉलिटिकल वैलेंस के साथ ही ऊर्जा सुरक्षा जैसे मुद्दों पर करीवी सहयोग जुड़े हैं। ऐसे में युद्ध के मद्देनजर भारत का बहुत कुछ दांव पर लगा है।

**चाबहार पोर्ट प्रोजेक्ट:** भारत के लिए मध्य एशिया का लिंक है चाबहार पोर्ट प्रोजेक्ट। चाबहार पोर्ट प्रोजेक्ट भारत को अफगानिस्तान, सेंट्रल एशिया और ईरान तक सीधी पहुंच देता है। भारत ने इस प्रोजेक्ट में अच्छा खासा निवेश किया है। चीन की बीआरआई परियोजना के मद्देनजर रुचि और पाकिस्तान की छुपी प्रतिद्वंद्विता की वजह से ये भारत के लिए अहम रणनीतिक प्रोजेक्ट है।

**भारत के हक में नहीं कमजोर ईरान:** हजारों भारतीय मौजूद हैं। अगर हालात विगड़ते हैं तो भारत को तात्कालिक तौर पर इन लोगों की जान और माल की सुरक्षा की चिंता करनी होगी। ट्रंप प्रशासन की विदेश नीति में जैसे पाकिस्तान को तरजीह मिल रही है, उसमें एक कमजोर ईरान पाकिस्तान की रणनीतिक हैसियत को मजबूत ही करेगा जो कि भारत के हक में नहीं होगा। कमजोर ईरान हमारे पक्ष मे है बजाय बर्बाद ईरान के, ईरान परमाणु शक्ति बनने का स्वप्न छोड़ दे और अमेरिका के खिलाफ प्रॉक्सी वॉर लड़ता रहे ये हमारे ज्यादा हित मे है बजाय कि ईरान मे प्रो अमेरिकी सरकार आ जाये।

**विदेश नीति के लिए चुनौती:** भारत सरकार कहती रही है कि उसकी विदेश नीति सैद्धांतिक तौर पर गुटनिरपेक्षता के सिद्धांत पर ही चलती रही है। जानकार मानते हैं कि दोनों देशों के साथ हितों को देखते हुए भारत की ओर से फिलहाल रणनीतिक स्वायत्तता को महत्व दिया जा रहा है। पीएम मोदी ने भी एक्स पर बताया कि उन्होंनेईरान के राष्ट्रपति के साथ फोन पर बात की है। पीएम ने डिएस्कलेशन, डायलॉग, डिप्लोमेसी को तरजीह दी है। जानकारों का कहना है, भारत की बैलेंस वाली रणनीति छोटी सीमा के संघर्ष के लिए तो ठीक है।

## संक्षिप्त समाचार

### झारखंड कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष पहुंचे जमुआ



**गिरिडीह/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** प्रदेश कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष केशव महतो कमलेश का जमुआ आगमन पर कार्यकर्ताओं ने किया भव्य स्वागत। उनके आगमन पर जय कांग्रेस, राहुल गांधी जिंदाबाद, सोनिया गांधी जिंदाबाद, मल्लिकार्जुन खड़गे जिंदाबाद आदि नारों से जमुआ गूंज उठा जमुआ डाकबांग्ला में प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने प्रखण्ड कमिटी व मंडल अध्यक्ष को संगठन को निचे स्तर पर धार धार बनाने का टास्क दिया साथ ही जमुआ प्रखण्ड कांग्रेस कार्यालय के लिए स्थाई जमीन की व्यवस्था करने की जिम्मेदारी दी गई वहीं अबुवा सरकार कि सराहना करते हुए सभी जन कल्याण कारी योजनाओं को समाज के अंतिम व्यक्ति तक लाभ दिलाने को लेकर कार्यकर्ताओ से आग्रह भी किया गया। साथ ही प्रदेश स्तर पर संगठन सृजन में जमुआ प्रखण्ड आठवें स्थान प्राप्त करने पर प्रखण्ड अध्यक्ष निजामुद्दीन अंसारी को केशव महतो कमलेश के द्वारा बधाई भी दिया गया उक्त अवसर पर प्रदेश सचिव नरेश वर्मा, जिलाध्यक्ष धनंजय सिंह अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के अहमद रजा नूरी, बीस सूत्री प्रखण्ड अध्यक्ष जुनैद आलम, सद्दाम अंसारी, सुभाष यादव प्रकाश यादव,अश्विनी राय, समीर अंसारी, हिरामन राम सहित प्रखण्ड मंडल अध्यक्ष व सदस्य व सेकड़ों कार्यकर्त्ता मौजूद रहे।

### 25 जून 1975- लोकतंत्र पर काला धब्बा : बाबूलाल मरांडी



**गिरिडीह/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** लोकतंत्र के इतिहास का काला अध्याय आपातकाल के 50 वर्ष पर आज गिरिडीह के सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में आयोजित सेमिनार में मुख्य रूप से प्रदेश अध्यक्ष सह नेता प्रतिपक्ष आदरणीय बाबूलाल मरांडी जी उपस्थित रहे। इस अवसर पर आपातकाल के दमनचक्र का साहसपूर्वक सामना करने वाले जेपी सेनानियों को सम्मानित कर उनके उनके साहस और संघर्ष को नमन किया 25 जून 1975 का वह काला दिन, जब सत्ता की लालच में अंधी हुई कांग्रेस ने भारत के लोकतंत्र का गला घोंटते हुए पूरे देश पर आपातकाल थोप दिया। देशवासियों ने पीड़ा सही, संघर्ष किया, लेकिन झुके नहीं। यह संविधान की नृशंस हत्या थी। कांग्रेस की काली करतूतों को देश कभी नहीं भूलेगा! आज का दिन ह्रसंविधान हत्या दिवसह्र के रूप में हमेशा याद किया जाएगा।इस कार्यक्रम मै बीजेपी के सभी कार्यकर्त्ता मौजूद थे

### निष्क्रिय ही जीवन में सफलता करने में सहायक : ओम प्रकाश गोयल



**गिरिडीह/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** 39वाँ क्योरूगी और13वाँ पौमसाई राष्ट्रीय सब जुनियर ताइक्वोंडो चैम्पियनशिप 2025 प्रतियोगिता में डी ए वी पब्लिक स्कूल सीसीएल, गिरिडीह के छठी कक्षा की छात्रा नाव्या और काव्य ने झारखंड का प्रतिनिधित्व करते हुए जहाँ काव्या सिंह ने स्वर्ण पदक जीता वही नाव्या सिंह ने रजत पदक जीत कर झारखंड और डीएवी पब्लिक स्कूल सीसीएल गिरिडीह के मान को राष्ट्रीय स्तर पर बढ़ाने का कार्य किया। राष्ट्रीय सब जूनियर ताइक्वोंडो चैंपियनशिप 2025 ताइक्वोंडो संघ,उत्तराखंड के तत्वाधान में 23 से 25 जून 2025 के बीच हरिद्वार में आयोजित की गई थी।विद्यालय के प्राचार्य श्री ओम प्रकाश गोयल ने नाव्या और काव्या की सफलता पर उन्हें बधाई देते हुए कहा की अपनी उम्र के बच्चों के बीच दोनों एक अद्भुत उदाहरण प्रस्तुत कर रहे हैं निश्चित ही यह सफलता जीवन में उन्हें उनके लक्ष्य को प्राप्त करने में सहायता करेगी।पूरा विद्यालय परिवार की सफलता में बहुत-बहुत बधाई दी।

### महान गायक मो. अजीज 71 वाँ जन्म दिन मनाने गिरिडीह आयेंगे : बबलू सानू



**गिरिडीह/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** संगीत को बढ़ावा देने के लिए बनाया गया है एकता कल्चरल फाउंडेशन अध्यक्ष बबलू सानू ने कहा महान गायक मो० अजीज का 71 वाँ जन्म दिन में गिरिडीह आयेंगे प्ले बैक सिंगर विजय अजीज,20 जुलाई को होगा गिरिडीह में कार्यक्रम गिरिडीह में शुरू से गीत और संगीत का माहौल है,उसी कार्य को एकता कल्चरल फोन्डेशन आगे बढ़ कर निभा रहा है अपनी भूमिका चेयरमैन - राजेश सिन्हा एकता कल्चरल फाउंडेशन के द्वारा एक यादगार प्रोग्राम आने वाले 20 जुलाई को लेजेंडरी सिंगर मोहम्मद अजीज सहाब का 71 जन्मदिन पर एक शानदार प्रोग्राम का आगाज होने वाला है इस प्रोग्राम में कलकत्ता से विजय अजीज और देवघर से एम राही गेस्ट गायक के रूप में रहेंगे हैं,एकता कल्चरल फाउंडेशन के मुख्य उद्देश्य संगीत को बढ़ावा देना है, 23 जुलाई को सिहोडीह एक में बैठक हुई इस बैठक में सभी एकता कल्चरल फाउंडेशन के सदस्यों ने एक सुर में कहा की फाउंडेशन एक बढ़ कर एक प्रोग्राम कराएंगे,इस बैठक में चेयरमैन राजेश सिन्हा, अध्यक्ष बब्लू सानु, मुख्य संरक्षक पंकज शर्मा, सचिव कासिम खां ने कहा कि एकता कल्चरल फाउंडेशन का यह 30 वा बड़ा कार्यक्रम है,हम गिरिडीह को संगीत की दुनियां में नई पहचान के लिए कार्य कर रहे है।उपस्थित थे सिंगर और अधिकारियों और मेंबर का ग्रुप कोषाध्यक्ष सुभाष कुमार, मेनेजर ताहिर इमाम,श्रवण कुमार, कादिर, विक्रम शर्मा, बाबू, संदीप कुमार, आजाद, अजमल, चुनमुन,आजाद खान,अब्दुल कादिर, मो मुन्ना,मो बब्बन आदि मौजूद थे।

### पुलिस स्कॉर्ट गाड़ी से बाइक चालक घायल, बेतिया रेफर

**लौरिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** पुलिस स्कॉर्ट गाड़ी के ठोकर से एक वृद्ध बाइक सवार घायल हो गया। यह घटना बुधवार को चांडाल चौक के पास की है। घायल व्यक्ति की पहचान नगर पंचायत के मिश्रटोला के वार्ड नंबर 6 के सिंहासन साह (62) के रूप में हुई है। इधर अस्पताल में डॉ अफरोज आलम व अन्य चिकित्सकों ने घायल की प्राथमिक उपचार के बाद बेतिया गवर्मेंट अस्पताल रेफर कर दिया।

### आवारा कुत्तों ने किया बच्चे को जख्मी

**बगहा/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बगहा दो प्रखंड के बोदसर गांव में आवारा कुत्ते ने दो वर्षीय बच्चा बुरी तरह जख्मी कर दिया। परिजनों द्वारा घायल बच्चा को इलाज के लिए अनुमंडलीय अस्पताल लाया गया। जहां चिकित्सक ने प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर स्थिति देखते हुए जीएमसीएच बेतिया रेफर कर दिया । घायल बच्चा की पहचान प्रभु चौधरी के दो वर्षीय पुत्र अनूप कुमार है। जिसके चेहरे सहित शरीर के अन्य हिस्सों को कुत्ते ने भी बुरी तरह खरोच डाला था। जिसे प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए जीएमसीएच बेतिया रेफर कर दिया गया। परिजनों ने बताया की अनुप दरवाजे पर खेल रहा था की अचानक कुत्तों ने हमला कर दिया जिसमें वह जख्मी हो गया।

### नवनिर्मित आरओबी दूधिया लाइट से जगमग होगा

**बगहा/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** नगर प्रशासन आरओबी लाइट लगाएगा। जिससे लोगों को रात्रि के समय में होने वाली परेशानियों से निजात मिलेगा। आरओबी पर लाइट नहीं होने से नप प्रशासन द्वारा राष्ट्रीय उच्च पथ प्रमंडल मोतिहारी के कार्यपालक अभियंता को पत्र लिखकर अनापत्ति प्रमाण पत्र की मांग की गई है। जिस पर एनएच द्वारा कुछ शर्तो के साथ एनओसी दी गई है। पत्र के अनुसार उक्त कार्यों के दौरान ब्रिज की संरचना में किसी प्रकार की क्षति नही हो, बिजली व्यवस्था का प्रबंधन, अनुश्रवण एवं अनुरक्षण की जिम्मेदारी नप की होगी,बिजली बिल सहित किसी प्रकार की लागत का भुगतान नप करेगा, सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय,भारत सरकार के दिशा निर्देशों का अनुपालन अक्षरशः होना चाहिए सहित शर्तो पर नगर प्रशासन को अनापत्ति प्रमाण पत्र दिया गया है। नगर परिषद बगहा के कार्यपालक अभियंता सरोज बैठा ने बताया कि एनओसी मिल गई है। जुलाई में टेंडर की जायेगी। उसके पश्चात ओवरब्रिज पर लाइटिंग का कार्य होगी।

### मनोज बने भाजपा प्रदेश कार्य समिति सदस्य

**बगहा/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** मनोज कुमार सिंह को भाजपा प्रदेश कार्य समिति का सदस्य बनाया गया है। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. दिलीप जायसवाल ने अपने राज्य स्तरीय कार्यकारिणी में शामिल कर नई जिम्मेवारी दी है। श्री सिंह जिला स्तर के विभिन्न दायित्वों का निर्वहन कर चुके हैं। मनोज कुमार सिंह के मनोनयन पर केंद्रीय राज्य मंत्री सतीश चन्द्र दुबे, बगहा विधायक राम सिंह, रामनगर विधायक भागीरथी देवी और जिलाध्यक्ष अचिंत्य कुमार लल्ला,पूर्व मंत्री राजेश सिंह,पूर्व जिलाध्यक्ष मधुकर राय, जिला उपाध्यक्ष रितु जायसवाल, ओम निधि वत्स, नन्द किशोर राम, जिला महामंत्री सिप्पू चौबे , सुजीत चौरसिया,नागेंद्र सहनी, विजया सिंह, दीपू तिवारी, प्रमोद प्रसाद काजू, भूलन साह, सुनील दत्त पांडेय, अश्विनी पांडेय,मंटू दुबे, संजय निषाद,आशुतोष मालवीय, विजय साहु,सिद्धार्थ शंकर सिंह, आदि ने बधाई दी है।

# मादक पदार्थों के सेवन की रोकथाम को लेकर सेमिनार का आयोजन

## सूचना एवं जनसंपर्क कार्यालय के प्रांगण में मीडिया प्रतिनिधियों के साथ बैठक




**गिरिडीह/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मादक पदार्थों पर रोक के लिए पूर्णतः संकल्पित जिला प्रशासन युवा वर्ग को मादक पदार्थों के दुष्प्रभाव के प्रति जागरूक करना अत्यंत आवश्यक निषिद्ध मादक पदार्थों के विरुद्ध आमजनों को जागरूक करने के उद्देश्य से गिरिडीह जिले के विभिन्न प्रखंडों में जागरूकता अभियान चलाए जा रहे हैं। साथ ही नुक्कड़ नाटक और एलईडी वाहन के माध्यम से प्रचार प्रसार का कार्य किया जा रहा है। इसी क्रम में आज जिला सूचना एवं जनसंपर्क विभाग गिरिडीह के प्रांगण में मीडिया प्रतिनिधियों के साथ एक सेमिनार का आयोजन किया गया। आयोजित सेमिनार में प्रेजेंटेशन के माध्यम से मादक पदार्थों के रोकथाम, उपाय और इससे बचाव से जुड़ी जानकारी दी गई। साथ ही नशीले पदार्थों के सेवन से लोगों विशेषकर किशोरों, युवक व युवतियों के स्वास्थ्य पर पड़ने वाले दुष्प्रभाव के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। सेमिनार में राज्य से उपलब्ध कराए गए मादक पदार्थों से संबंधित विडियोज, रील, पीपीटी आदि प्रदर्शित किए गए। जागरूकता के साथ ही लोगों को नशा छोड़ने के लिए शपथ भी दिलाई गई। इसके अलावा नुक्कड़ नाटक के माध्यम से भी नशामुक्ति के लिए जागरूक किया गया। नुक्कड़ नाटक गीत संगीत प्रस्तुत कर लोगों को नशा से सावधान रहने की अपील किया गया। नुक्कड़ नाटक के माध्यम से बताया गया कि सरकार नशा की लत छुड़ाने के लिए प्रभावित लोगों को समुचित इलाज की सुविधा भी दे रही है जिला प्रशासन इस दिशा में निरंतर प्रयासरत है और समाज के सभी वर्गों से सहयोग की अपेक्षा करता है:- जिला जनसंपर्क पदाधिकारी, श्रीमती अंजना भारती मौके पर जिला जनसंपर्क पदाधिकारी, श्रीमती अंजना भारती ने सर्वप्रथम आयोजित सेमिनार में शामिल सभी पदाधिकारीगण और मीडिया प्रतिनिधियों का आभार व्यक्त किया। और कहा कि नशामुक्त समाज बनाने में आप सभी मीडिया प्रतिनिधियों का अहम योगदान है। आप सबके सकारात्मक भागीदारी और प्रयास से ही हमारा समाज नशामुक्त हो पाएगा। मीडिया जागरूकता बढ़ाने, गलत सूचनाओं को दूर करने और सकारात्मक बदलाव को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। मीडिया के माध्यम से, लोगों को नशे के खतरों और इसके हानिकारक प्रभावों के बारे में शिक्षित किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि नशा से से मानसिक एवं शारीरिक दोनों तरह की समस्याएं उत्पन्न होती हैं। इस सामाजिक बुराई के खिलाफ हमें मिलकर जागरूकता फैलानी होगी। जिला प्रशासन इस दिशा में निरंतर प्रयासरत है और समाज के सभी वर्गों से सहयोग की अपेक्षा करता है। उन्होंने सभी से अपील किया कि वे इस अभियान में सक्रिय भाग लें और नशामुक्त समाज के निर्माण में अपनी सकारात्मक भूमिका निभाएं। आज हम सभी नशामुक्त भारत अभियान के तहत संकल्प लें कि हम न केवल अपने परिवार, समुदाय, मित्रों को, बल्कि स्वयं को भी नशामुक्त बनाएंगेः- जिला सांख्यिकी पदाधिकारी, श्री जितेंद्र कुमार दुबे सेमिनार में जिला सांख्यिकी पदाधिकारी, श्री जितेंद्र कुमार दुबे ने कहा कि नशा एक अभिशाप है, हरेक व्यक्ति को इससे से जागरूक होना चाहिए। उन्होंने कहा कि नशामुक्त भारत अभियान में युवाओं की अधिकतम भागीदारी आवश्यक है। आज हम सभी नशामुक्त भारत अभियान के तहत संकल्प लें कि हम न केवल अपने परिवार, समुदाय, मित्रों को, बल्कि स्वयं को भी नशामुक्त बनाएंगे, क्योंकि बदलाव की शुरूआत स्वयं से होती है। हम अपने जिला, राज्य और देश को नशामुक्त बनाने के लिए पूर्ण समर्पण के साथ प्रयास करेंगे मौके पर खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी ने कहा कि नशामुक्त समाज में सबकी सकारात्मक भागीदारी आवश्यक है। मादक पदार्थों के रोकथाम के लिए सबसे आवश्यक है जागरूकता जागरूकता अभियान चलाकर नशा पर काफी हद तक रोक लगाई जा सकती है। प्रचार-प्रसार के माध्यम से इसके दुष्प्रभाव के बारे में आमजनों को जागरूक किया जाय। नशा के विरुद्ध जागरूकता अभियान को जन-जन तक पहुंचाया जाय, जिससे लोगों में एक सकारात्मक बदलाव आ सकें और लोग इससे बच सकें। रेडक्रॉस सोसायटी के चेयरमैन, अरविंद कुमार ने बताया कि नशा एक सामाजिक बुराई है, इसका सेवन किसी भी प्रकार से हितकारी नहीं है। नशा के कारण लोगों की शारीरिक, मानसिक, सामाजिक, आर्थिक स्थिति खराब हो जाती है। सरकार व जिला प्रशासन का प्रयास है कि नशा मुक्त अभियान से अधिक से अधिक लोग जुड़े, ताकि नशा मुक्ति का संदेश जन-जन तक पहुंचाया जाय। उन्होंने कहा कि नशा दुर्घटना, लड़ाई झगड़ा का भी एक बड़ा कारण है, नशा को लेकर बदलाव स्वयं से शुरू होना चाहिए। नशा में संलिप्त युवा आपराधिक गतिविधियों को भी अंजाम दे देता है , सभी को इसके लिए सकारात्मक प्रयास करना होगा ताकि इस सामाजिक बुराई को जड़ से खत्म किया जा सकें आयोजित सेमिनार में शामिल पदाधिकारीगण और मीडिया प्रतिनिधि ने मादक पदार्थों के रोकथाम के विरुद्ध अपनी-अपनी बात रखी। इसके पश्चात हस्ताक्षर अभियान चलाकर लोगों को नशा छोड़ने का संदेश दिया गया। मौके पर प्रिंट व इलेट्रॉनिक मीडिया प्रतिनिधि के अलावा जनसंपर्क कार्यालय के अधिकारी/कर्मी उपस्थित थे।

## साप्ताहिक जनता दरबार का आयोजन, आए दर्जनों फरियादी




**गिरिडीह/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** जनता दरबार का उद्देश्य आमजनों की शिकायतों एवं समस्याओं का त्वरित निष्पादन सुनिश्चित करना ह जिला उपायुक्त, श्री रामनिवास यादव ने आज अपने कार्यालय प्रकोष्ठ में जनता दरबार का आयोजन किया गया। आयोजित साप्ताहिक जनता दरबार में जिले के विभिन्न क्षेत्रों से व्यक्तिगत एवं सामाजिक समस्याओं के निराकरण हेतु आए दर्जनों लोगों से उपायुक्त ने मिलकर उनकी समस्याएं सुनी तथा जनता दरबार में प्राप्त आवेदनों को संबंधित अधिकारियों को अग्रसारित करते हुए यथोचित कार्रवाई के निर्देश दिए गए। इस प्रकार बारी-बारी से लोगों ने विभिन्न प्रकार की समस्याओं को उपायुक्त के समक्ष रखा। इस दौरान कई समस्याओं का ऑन द स्पॉट भी निष्पादन किया गया। आज के जनता दरबार में मुख्य रूप से भूमि विवाद, दाखिल खारिज, स्वास्थ्य विभाग, पेंशन, राशन, भू अर्जन, पेयजल आदि से संबंधित विभिन्न आवेदन प्राप्त हुए। सभी आवेदनों पर आवश्यक कारवाई हेतु संबंधित विभाग के पदाधिकारियों को अग्रसारित किया गया तथा जल्द से जल्द शिकायतों का निराकरण करने के निर्देश दिए गए। जनता दरबार का उद्देश्य आमजनों की शिकायतों एवं समस्याओं का त्वरित निष्पादन सुनिश्चित करना है। उपायुक्त ने बताया कि मंगलवार एवं शुक्रवार के अलावा भी आमजन अपनी समस्याओं को लेकर समाहरणालय आ सकते हैं, संबंधित विभाग को अपना आवेदन दे सकते हैं, उनके आवेदन का त्वरित निराकरण किया जायेगा गौरतलब हो कि समाहरणालय में प्रत्येक मंगलवार और शुक्रवार को जनता दरबार का आयोजन किया जाता है, जिसमें जिलेवासी उपायुक्त से मिलकर अपनी समस्याएं साझा करते हैं तथा उनकी समस्याओं का ऑन द स्पॉट निराकरण भी किया जाता है।

## उपायुक्त रामनिवास यादव की अध्यक्षता में आपूर्ति विभाग की समीक्षात्मक बैठक संपन्न




**गिरिडीह/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** योजनाओं के अद्यतन स्थिति का क्रमवार समीक्षा कर सभी संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए जमीनी स्तर पर सभी योजनाओं का क्रियान्वयन सुनिश्चित कराएं तथा निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप प्रगति सुनिश्चित करें पारदर्शिता एवं सुनियोजित तरीके से उक्त सभी योजनाओं का क्रियान्वयन सुनिश्चित करें तथा शत-प्रतिशत लाभुकों को लाभान्वित करना सुनिश्चित किया जाए आज समाहरणालय स्थित सभाकक्ष में उपायुक्त-सह-जिला दंडाधिकारी, श्री रामनिवास यादव की अध्यक्षता में आपूर्ति विभाग अंतर्गत संचालित विभिन्न योजनाओं से सम्बन्धित समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। समीक्षा क्रम में उपायुक्त ने नफसा व जसएफएसएस योजना के तहत खाद्यान्न का वितरण, चना दाल वितरण, मुख्यमंत्री दाल भात योजना, चीनी और नमक का वितरण, पीवीटीजी, जन वितरण प्रणाली, ग्रीन राशन कार्ड समेत विभिन्न योजनाओं के अद्यतन स्थिति का क्रमवार समीक्षा कर सम्बंधित पदाधिकारी को सरकार के कल्याणकारी योजनाओं से योग्य लाभुकों को स-समय लाभान्वित करने के निर्देश दिए। बैठक में उपायुक्त ने एनएफएसए के तहत खाद्य वितरण की जानकारी लेते हुए लक्ष्य के अनुरूप प्रगति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही जसएफएसएस के तहत किए अनाज वितरण की जानकारी प्राप्त की तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। ई केवाईसी में तेजी लाएं और शत प्रतिशत प्रगति सुनिश्चित करें इसके अलावा ईआरसीएमएस के तहत प्रखंडवार किये गए कार्यों की जानकारी लेते हुए उन्होंने सभी लंबित आवेदनों का ससमय निष्पादन करने का निर्देश दिया। इसी क्रम में यूआईडी सीडिंग कार्य को लेकर उन्होंने अविलंब कार्य पूर्ण करने का निर्देश दिया। बैठक में मुख्यमंत्री दाल भात योजना के तहत जिले में कार्य कर रहे विभिन्न दाल भात केंद्रों द्वारा किए जा रहे कार्यों कि जानकारी लेते हुए उन्होंने आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इसके साथ ही सभी पी.वी.टी.जी परिवार को प्रति माह समय पर अनाज का आहार उपलब्ध हो यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। बैठक में उपरोक्त के आलावा जिला आपूर्ति पदाधिकारी, सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी, सभी सहायक गोदाम प्रबंधक समेत संबंधित विभाग के अधिकारी उपस्थित थे।

## खावा नदी पुल के घटिया और धीमी गति से निर्माण का विरोध

**गिरिडीह/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** प्रशासन से जांच और कार्रवाई की मांग। कहा, जनता के पैसे की लूट नहीं चलेगी। सदर प्रखंड के जगमनरायडीह और खावा गांवों के बीच खावा नदी पर बन रहे पुल के घटिया और धीमी गति से निर्माण का ऑल इंडिया फॉरवर्ड ब्लॉक ने विरोध किया है। पार्टी नेता मनोज यादव की अगुवाई में आज स्थानीय लोगों ने पुल निर्माण का जायजा लेने के लिए वहां का दौरा किया और प्रशासन से इसकी जांच और कार्रवाई की मांग की है। इधर पूर्व जिप सदस्य सह फॉरवर्ड ब्लॉक नेता राजेश यादव ने भी इस मामले पर अपने बयान में कहा कि, कई दिनों से स्थानीय लोगों द्वारा पुल के घटिया और धीमा निर्माण करने की जानकारी उन्हें दी जा रही थी, जिसके बाद पार्टी की टीम ने पुल निर्माण का जायजा लिया जिसमें लोगों के आरोप सही प्रतीत होते हैं।

## सड़क सुरक्षा जागरूकता एवं सघन वाहन जाँच का आयोजन



**गिरिडीह/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** अनुमण्डल पदाधिकारी बगोदर-सरिया संतोष गुप्ता एवम् अनुमण्डल पुलिस पदाधिकारी बगोदर-सरिया धनंजय राम के नेतृत्व में सड़क सुरक्षा जागरूकता एवम् सघन वाहन जाँच किया गया ज़िला में बढ़ते सड़क दुर्घटनाओं को देखते हुए उपायुक्त महोदय के निदेर्शानुसार आज अनुमण्डल पदाधिकारी बगोदर-सरिया श्री संतोष गुप्ता एवम् अनुमण्डल पुलिस पदाधिकारी बगोदर-सरिया धनंजय राम के नेतृत्व में सड़क दुर्घटना को कम करने के दृष्टिकोण से सड़क सुरक्षा जागरूकता एवं सघन वाहन जाँच का आयोजन किया गया। इस दौरान लोगो के बीच वाहन चलाने वक़्त यातायात नियमों का पालन करने की अपील की गई, लोगों को सड़क सुरक्षा के लिए हेलमेट पहन कर बाइक चलाने का जिला वासियों को संदेश दिया। मौके पर बगोदर थाना प्रभारी श्री बिनय ने लोगो को जागरूक करते हुए बताया कि अधिकांश वाहन दुर्घटनायें यातायात नियमों का पालन नहीं करने के कारण होती है. उन्होंने बाइक चलाते समय हेलमेट एवं चार पहिया वाहन चलाते समय सीट बेल्ट का प्रयोग करने की अपील की. उन्होंने अपने अपने वाहन का सभी दस्तावेज दुरूस्त रखने की बात कही और साथ ही वाहन के सभी कागजात दुरूस्त नहीं रहने से सड़क दुर्घटनाओं के बाद क्षतिपूर्ति दावा प्राप्त करने में परेशानी होती है. रोड पर कभी भी क्रोधित होकर वाहन का प्रयोग न करे, वाहन चलानें वक्त गतिसीमा से बाहर ना जाए, और बताया गया की सड़क पर वाहन चलाते समय ट्रैफिक नियमों का पालन जरूर करें। यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालो का 3 माह के लिए ड्राइविंग लाइसेंस भी सस्पेंड किया जाएगा। मौके पर अनुमण्डल पदाधिकारी बगोदर-सरिया श्री संतोष गुप्ता, अनुमण्डल पुलिस पदाधिकारी बगोदर-सरिया धनंजय राम,बगोदर थाना प्रभारी श्री बिनय,जिला सड़क सुरक्षा प्रबंधन मोहम्मद वाजिद हसन,राकेश मंगलम, किशोर दास, राजन कृति एवं बगोदर थाना पुलिस बल इस अभियान में उपस्थित रहे।

## ममता मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल की जनसेवा को घर-घर तक पहुंचाएं : प्रधान चिकित्सक



**पटना/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** दरौंदा सिवान में आज 208 डॉक्टरों की सेवा से संचालित हो रही है। उक्त मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल से सभी विभागों की वरिष्ठ प्राध्यापकों चिकित्सकों की एक बैठक हुई जिसमें 80 डॉक्टर शामिल हुए एवं सभी लोगों ने मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल के अपने विभागों के सम्बन्ध में अपना पत्र प्रस्तुत किया साथ ही अस्पताल के सभी विभागों में और उन्नति कैसे की जाए इसके बारे में अपना विचार दिया सभी शिक्षकों ने एक स्वर से मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल में उन्नत टेक्नोलॉजी पर आधारित उपकरणों, प्रयोगशाला मशीनों एवं डायग्नोस्टिक मशीनों की प्रशंसा की और इस पर कहा कि इतने एडवांस और डायग्नोस्टिक सिस्टम हमारे यहां आए हुए हैं जिसके संचालन से राज्य और जिला में चिकित्सा की जांच एवं सेवा में बहुत सहायता मिलेगी। उक्त विचार गोष्ठी में इस मुद्दे पर विशेष चर्चा की गई कि सिवान जिला और छपरा जिला के बॉर्डर पर स्थित मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्प्टिल में गरीब रोगियों और साधारण जनता की सेवा घर-घर तक पहुचाई जाए। निश्चित तौर पर यहां आने वाले रोगियों की सेवा के बारे में चर्चा करते हुए हॉस्पिटल के चेयरमैन डॉ कौशल कुमार गिरी ने बताया कि यहां आने वाले रोगियों की मात्र 10 रुपये लेकर ओपीडी की जा रही है। साथ ही उनकी जांच की जा रही है, चिकित्सकीय परामर्श दी जा रही है। जांच की सुविधा भी निःशुल्क दी जा रही है। साथ हीं साथ गरीब और साधारण रोगियों को तीन दिन की दवा भी निःशुल्क दी जा रही है ताकि उनको तत्काल सहायता दी जा सके साथ हीं यह निर्णय लिया गया कि आस पास से आने वाले रोगियों निःशुल्क एम्बुलेंस की सहायता दी जाए, जिसको तत्काल प्रभाव से लागू कर दिया गया। उक्त संसथान की मिटींग में अतिथि के रूप में सिवान जिला के कुछ वरीय चिकित्सक भी शामिल हुए थे जिन्होने बताया कि सिवान जिला के लिए यह अत्यंत सौभाग्य का विषय है और ममता मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल का हमारे जिला में आना जिला के विकास दुगामी परिणाम देगा जिससे जिला का विकास भी होगा और यहां स्वास्थ्य की समस्याओं से जनता को निजात करने में स्वास्थ्य सेवाओं में हमें बहुत बड़ा सहयोग मिलेगा क्योंकि इस संस्था में अल्ट्रासाउंड, सीटी स्कैन, एक्स-रे मशीन, दंत चिकित्सा के लिए जांच प्रयोगशाला, आंखों के नेत्रों के जांच के लिए प्रयोगशाला, और इलाज साथ हीं विशिष्ट प्रकार के आठ ऑपरेशन थिएटर बनाए गए हैं, सीटी सकैन मशीन भी यहां संचालित है। इस तरह से यह जिला के लिए अत्यधिक महत्वपूर्ण सथान बन जा रहा है जहां पर पैथोलॉजी जांच से लेकर सारी सुविधाएं उपलब्ध है।

# लोगों को दिलाई गई नशामुक्त जीवन जीने की शपथ



**गिरिडीह /नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** 10.06.2025 से 26.06.2025 तक नशे के विरुद्ध राज्यव्यापी जागरूकता अभियान के अवार पर गिरिडीह नगर निगम क्षेत्र अंतर्गत जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। दीनदयाल अन्त्योदय योजना-राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन योजना (डीएयु - एनयूएलएम) के स्वंय सहायता समुह द्वारा मानव श्रृंखला बनाकर विभिन्न मुहल्लो के लोगों को जागरूक किया गया। रैली के दौरान महिलाओं ने तेंबाकू व मादक पदार्थों के सेवन से होने वाले दुष्यभावों के बारे में लोगों को जागरूक किया और नशामुक्त जीवन जीने की शपथ भी दिलाई। नगर उप नगर आयुक्त श्री प्रशान्त कुमार लायक के निर्देश पर आयोजित इस कार्यक्रम के तहत नगर निगम क्षेत्र के प्रमुख स्थलों, पार्कों और सार्वजनिक स्थलों, पर मानव श्रृंखला बनाई गई और सेल्फी प्वाइंट के माध्यम से भी जागरूकता का संदेश दिया गया। इस अभियान में सहायक नगर आयुक्त श्री अशोक कुमार हॉसदा नगर मिशन प्रबंधक श्री सुमित कुमार घोष, सामुदायिक संगठनकर्ता, सामुदायिक संसाधन सेविकाएँ एवं स्वयं सहायता समूह को महिलाएं शामिल हुई। अभियान का उद्देश्य समाज में तंबाकू और मादक पदार्थों के सेवन के प्रति चेतना फैलाने और नागरिकों को एक स्वस्थ, नशामुक्त जीवन की और प्रेरित करना था। मानव श्रृंखला का उद्देश्य समाज में बढ़ रही नशाखोरी की प्रवृत्तिके खिलाफ सामूहिक स्वरूप में विरोध जताना तथा आमजन को इसके दुष्परिणामों से अवगत कराना था। इस क्रम में नगर मिशन प्रबंधक ने बताया कि नशा समाज को भीतर से खोखला करता है। इससे न केवल व्यक्ति बल्कि पूरा परिवार प्रभावित होता है। आज का यह आयोजन इसी दिशा में एक जनांदोलन का रूप ले रहा है, जिसमें हर नागरिक की भागीदारी आवश्यक है। मानव श्रृंखला में प्रतिभागियों ने "नशा छोड़ो, जीवन जोड़ो" जैसे नारों के साथ जनमानस को जागरूक करने का कार्य किया। साथ ही जिला प्रशासन द्वारा उपलब्ध कराए गए बैनर, पोस्टर पम्पलेट के माध्यम से जन जागरूकता कार्यक्रम का संचालन किया गया। गिरिडीह नगर निगम के विभिन्न वार्डों में नशे के विरूद्ध राज्यव्यापी जागरूकता अभियान के तहत नशीली दवाओं, शराब के दुरूपयोग, रोकथाम और लत के उपचार के बारे में एवं नशीले पदार्थों के सेवन से होने वाले दुष्प्रभावों को स्वयं सहायता समूह के सदस्यो एवं आम जनता को जागरूक किया गया।गिरिडीह नगर निगम क्षेत्र अंतर्गत निषिद्ध पदार्थे के दुष्प्रभाव और दुरूपयोग को रोकने के लिए नगर निगम गिरिडीह की ओर से दिनांक 10.06.2025 से 26.06.2025 तक आसपास के क्षेत्रों में जागरूकता अभियान चलाया गया। इसमें नगर निगम गिरिडीह के अपशिष्ट संग्रहण गाडियों पर अधिष्ठापित ध्वनि विस्तारक यंत्र प्रचार वाहन के जरिए ऑडियों के माध्यम से लोगों को नशा के दुष्प्रभाव, नशीली दवाइयां का दुरूपयोग, नशा के उपरांत होने वाले शारीरिक समस्याओं, आर्थिक समस्याओं आदि बिन्दुओं से अवगत कराया गया उपस्थित सभी लोगों के द्वारा यह संकल्प लिया गया कि आने वाले समय में नशा उन्मूलन हेतु निरंतर रैलियों, नुक्कड़ नाटकों एवं न-जागरूकता का आयोजन किया जाएगा इस दौरान सामुदायिक संगठनकर्ता श्री गुप्तारविदास, श्री तारक नाथ पाण्डेय, सामुदायिक संसाधन सेविका निर्मला देवी, आशा देवी, सुधा सिंह, रचना सिंह, विभा किरण, रंजना देवी, निखत जहाँ, कंचन सिंह एवं विभिन्न स्वंय सहायता समुह से, ज्योति देवी, रेणु देवी, अंजु देवी, शावित्री देवी, सुजाता देवी, फुलबशिया देवी, सरिता देवी, बबीता देवी, पिन्की देवी, पार्वती देवी, सीमा देवी, सविता देवी, मोनी देवी आदि उपस्थित रहे।

## भारत-ब्रिटेन के बीच जुलाई के अंत तक व्यापार समझौता होने की संभावना

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत और यूनाइटेड किंगडम के बीच मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) को कानूनी रूप देने की प्रक्रिया तेज गति से आगे बढ़ रही है। इस पर जुलाई के अंत तक हस्ताक्षर होने की उम्मीद है। मंगलवार को एक अधिकारी ने यह जानकारी दी।

**वाणिज्य सचिव हैं लंदन के दौरे पर** – इस प्रक्रिया को गति देने के लिए वाणिज्य सचिव सुनिल बर्थवाल अपनी आधिकारिक टीम के साथ लंदन में हैं। बर्थवाल अपनी दो दिवसीय यात्रा के दौरान ब्रिटेन के बिजनेस एंड ट्रेड सेक्रेटरी जोनाथन रेनॉल्ड्स और अन्य वरिष्ठ ब्रिटिश अधिकारियों से मुलाकात करेंगे।



**2030 तक 120 बिलियन डॉलर के व्यापार का लक्ष्य** – भारत और यूके ने 6 मई को एफटीए वार्ताओं को औपचारिक रूप से पूरा करने की घोषणा की। इस समझौते के तहत भारत से चमड़ा, जूते और वस्त्र जैसे श्रम–प्रधान उत्पादों के निर्यात पर शुल्क समाप्त हो जाएगा। वहीं ब्रिटेन से व्हिस्की और कारों का आयात सस्ता होगा। दोनों अर्थव्यवस्थाओं के बीच 2030 तक व्यापार दोगुना होकर 120 बिलियन डॉलर हो जाएगा। विश्व की पांचवीं और छठी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्थाओं ने तीन वर्षों की वार्ता के बाद इस समझौते को संपन्न किया।

हस्ताक्षर के बाद इसे किया जाएगा सार्वजनिक
एफटीए पर हस्ताक्षर के बाद, इसे लागू करने से पहले ब्रिटिश संसद और भारत की केंद्रीय कैबिनेट से मंजूरी लेनी होगी। इसके बाद इसे लागू होने में लगभग एक वर्ष का समय लग सकता है। अधिकारी ने बताया कि एफटीए के कानूनी मसौदे की समीक्षा के लिए भारत की कानूनी टीम भी लंदन में है। समझौते पर हस्ताक्षर के बाद इसका पूरा पाठ सार्वजनिक किया जाएगा। इससे पहले इसी महीने केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल भी लंदन में थे और उन्होंने एफटीए के कार्यान्वयन से जुड़े मुद्दों पर जोनाथन रेनॉल्ड्स से चर्चा की थी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ब्रिटेन के प्रधानमंत्री कीर स्टारमर को भारत आने का निमंत्रण दिया है।

## बिक रही है जयप्रकाश एसोसिएट्स

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिवालिया प्रोसेस से गुजर रही कंपनी जयप्रकाश एसोसिएट्स के 23 जून से बंद है। इसका लास्ट ट्रेडिंग प्राइस 3.23 रुपये है। संकटग्रस्त जेपी समूह की प्रमुख कंपनी जयप्रकाश एसोसिएट्स (जेएएल) के अधिग्रहण की दौड़ फाइनल फेज में प्रवेश कर गई है, क्योंकि समाधान योजना प्रस्तुत करने की समय सीमा मंगलवार को समाप्त हो गई। अरबपति कारोबारी गौतम अडानी के समूह, माइनिंग दिग्गज अनिल अग्रवाल की वेदांता और डालमिया भारत सीमेंट ने दिवाला प्रक्रिया के जरिये जयप्रकाश एसोसिएट्स के अधिग्रहण के लिए अपनी समाधान योजना



प्रस्तुत की हैं। सूत्रों ने यह जानकारी दी। सूत्रों के मुताबिक जेपी इन्फ्राटेक (जिसे मुंबई स्थित सुरक्षा समूह ने अधिग्रहीत किया है) ने भी बोली लगाई है।

**क्या है डिटेल**– सूत्रों ने कहा कि हालांकि बाबा रामदेव के नेतृत्व वाली पतंजलि आयुर्वेद ने शुरुआत में रुचि दिखाने के बाद समाधान योजना पेश नहीं की। अप्रैल में 25 कंपनियों ने जयप्रकाश एसोसिएट्स लिमिटेड (जेएएल) के अधिग्रहण में रुचि दिखाई थी। इस महीने की शुरुआत में जेएएल के ऋणदाताओं ने संभावित बोलीदाताओं के अनुरोध पर समाधान योजना पेश करने की समयसीमा 24 जून तक बढ़ा दी थी।

### चीन के ठेंगा दिखाने के बाद जागी सरकार

# अब देश में ही होगा रेयर अर्थ मैग्नेट का उत्पादन



**नई दिल्ली, एजेंसी।** चीन ने भारत को रेयर अर्थ मैग्नेट देने से इन्कार कर दिया है। इसके बाद अब देश में ही इनके उत्पादन का इंतजाम किया जा रहा है। हालांकि वास्तविक उत्पादन में दो साल का समय लग जाएगा। इस दौरान जापान और वियतनाम से रेयर अर्थ मैग्नेट मंगाने पर काम चल रहा है। इनका यूज इलेक्ट्रिक गाड़ियों और इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों में होता है। केंद्रीय भारी उद्योग और इस्पात मंत्री एच. डी. कुमारस्वामी ने कहा है रेयर अर्थ मैग्नेट के घरेलू उत्पादन पर सब्सिडी योजना शुरू करने के बारे में 15 से 20 दिन में निर्णय लिया जाएगा। इस योजना के तहत सब्सिडी की मात्रा निर्धारित करने के लिए हितधारकों के साथ विचार-विमर्श जारी है। भारी उद्योग मंत्रालय में सचिव कामरान रिजवी का कहना है कि यदि कुल प्रोत्साहन 1,000 करोड़ रुपये से अधिक होता है, तो योजना को मंजूरी के लिए केंद्रीय मंत्रिमंडल के पास भेजा जाएगा। कुमारस्वामी ने संवाददाताओं से कहा, हैदराबाद की एक कंपनी इसमें दिलचस्पी दिखा रही है।

### कहां आता है काम

चीन द्वारा प्रमुख धातुओं के निर्यात पर हाल ही में लगाए गए प्रतिबंधों के कारण भारत सहित कई देशों में वाहन और सेमीकंडक्टर चिप के विनिर्माण में व्यापक व्यवधान उत्पन्न हुआ है। सचिव ने कहा कि दुर्लभ खनिज के वास्तविक उत्पादन में करीब दो वर्ष लगेंगे। इस दौरान सरकार उद्योग के साथ मिलकर जापान और वियतनाम सहित अन्य वैकल्पिक स्रोतों से खरीद की संभावना तलाशेगी। रिजवी ने कहा, 'आप जानते हैं कि जापान और वियतनाम में दुर्लभ खनिज उपलब्ध हैं। हम वहां से इसे लेने का प्रयास कर रहे हैं।'
रेयर अर्थ मैग्नेट में नियोडिमियम–आयरन–बोरॉन शामिल है। इसका उपयोग इलेक्ट्रिक वाहन में ट्रैक्शन मोटर और इलेक्ट्रिक वाहन एवं परंपरागत वाहनों में पावर स्टीयरिंग मोटर के लिए किया जाता है।
सब्सिडी से रेयर अर्थ ऑक्साइड को चुंबक में बदलने के लिए प्रसंस्करण सुविधाएं स्थापित करने को निवेश मिल सकेगा। अधिकारियों ने बताया कि परमाणु ऊर्जा मंत्रालय के तहत सार्वजनिक उपक्रम इंडियन रेयर अर्थ मैग्नेट्स लिमिटेड के पास ही रेयर अर्थ मैग्नेट का भंडार है।

### कितनी मिलेगी सब्सिडी

रिजवी ने कहा कि योजना केंद्रीय मंत्रिमंडल के पास मंजूरी के लिए जाएगी या नहीं, यह इस बात पर निर्भर करता है कि प्रोत्साहन की मात्रा कितनी होगी। उन्होंने कहा, 'यह प्रोत्साहन के स्तर पर निर्भर करता है। यदि यह 1,000 करोड़ रुपये से कम है, तो (भारी उद्योग) मंत्री और वित्त मंत्री इसे कर सकते हैं। यदि यह 1,000 करोड़ रुपये से अधिक है, तो इसे मंत्रिमंडल के पास भेजा जाएगा।' उन्होंने कहा कि हमें अभी तक आवश्यक सब्सिडी की मात्रा का पता नहीं है। स्टेकहोल्डर्स के साथ बातचीत जारी है और अलग–अलग प्रतिक्रियाएं आई हैं। कोई 50 प्रतिशत चाहता है, कोई 20 प्रतिशत चाहता है, इसलिए यह प्रतिस्पर्धी बोली के अधीन होगा, तब ही हमें आवश्यक समर्थन की मात्रा का पता चलेगा।'

# निया के सबसे ताकतवर देश अमेरिका में आने वाली है मंदी!

### खतरनाक संकेत दे रहे हैं इकनॉमिक इंडिकेटर्स



**नई दिल्ली।** दुनिया की सबसे बड़ी इकॉनमी वाले देश अमेरिका में अभी मंदी का खतरा टला नहीं है। देश के बड़े आर्थिक सूचकांक अब भी मंदी का संकेत दे रहे हैं। लीडिंग इकनॉमिक इंडेक्स में मई में लगातार छठे महीने गिरावट आई है। पिछले 39 महीनों में 37 बार इसमें गिरावट आई है जो देश के इतिहास में सबसे लंबे दौर में से एक है। पिछले छह महीने में 5 फीसदी की सालाना दर से गिरावट आई है जो इस बात का संकेत है कि देश में अब भी मंदी का खतरा बना हुआ है। एलआइइ अपने उच्चतम स्तर से 16 फीसदी गिर चुका है और यह नौ साल के अपने न्यूनतम स्तर पर पहुंच चुका है। इतिहास पर नजर डालें तो 1960 के बाद हर बार मंदी से पहले एलईआई में लंबे समय तक गिरावट आई है। इससे इस बात की आशंका बढ़ गई है कि अमेरिका का इकॉनमी मंदी में जा सकती है। अमेरिका की इकॉनमी मंदी में फंसी तो इसका असर पूरी दुनिया पर देखने को मिलेगा। तकनीकी रूप से लगातार दो तिमाहियों में जीडीपी में गिरावट को मंदी कहा जाता है।

### फेड का फंदा

इस बीच अमेरिका के सेंट्रल बैंक फेड रिजर्व के चेयरमैन जेरोम पॉवेल का कहना है कि ब्याज दरों में कटौती की फिलहाल कोई उम्मीद नहीं है। उन्होंने कहा कि पॉलिसी बदलावों का दौर अभी चल रहा है और इकॉनमी पर उनके प्रभाव के बारे में अभी कुछ नहीं कहा जा सकता है। अभी तो हम इंतजार कर रहे हैं। ट्रंप की टैरिफ नीति का इकॉनमी पर कुछ असर होगा लेकिन कितना प्रभाव होगा, यह देखना बाकी है। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ब्याज दरों में कटौती की मांग की है। फेड के कई अधिकारियों ने भी उनकी इस मांग का समर्थन किया है।

### मुकेश अंबानी ने किया बड़ा खुलासा

# जियो में निवेश करना जीवन का सबसे बड़ा जोखिम था

**नईदिल्ली, एजेंसी।** रिलायंस इंडस्ट्रीज के चेयरमैन मुकेश अंबानी ने मैकिन्से एंड कंपनी को दिए एक विशेष साक्षात्कार में खुलकर बताया कि किस तरह जियो में निवेश करना उनके जीवन का सबसे बड़ा जोखिम था। उन्होंने कहा कि विश्लेषकों ने इस पर संदेह जताया था कि क्या भारत आवश्यक डिजिटल बुनियादी ढांचे के लिए तैयार है। फिर भी यह निर्णय रिलायंस इंडस्ट्रीज के परोपकारी सोच को ध्यान में रखते हुए लिया गया। इसका उद्देश्य भारत के डिजिटल परिवर्तन में योगदान देना है।

**बोर्ड से कहा पैसा डूबता है तो कोई बात नहीं- अंबानी** – अंबानी ने बताया कि मैंने बोर्ड से कहा कि सबसे बुरे हालात में भी अगर हमें वित्तीय लाभ नहीं हुआ, तो भी ठीक है, क्योंकि ये पैसा हमारा खुद का है। लेकिन इस प्रक्रिया में हमने अगर भारत को डिजिटाइज कर दिया, तो ये हमारा सबसे बड़ा परोपकारी कार्य होगा।



**रिलायंस के भविष्य पर की चर्चा** – अंबानी ने रिलायंस इंडस्ट्रीज के भविष्य पर भी चर्चा की। उन्होंने कहा कि रिलायंस के लिए अब बदलाव यह है कि हम एक डीप-टेक और उन्नत विनिर्माण कंपनी बनने जा रहे हैं। हमने टेलीकॉम से शुरुआत की। 2021 में हमने 5जी लॉन्च किया। इसका पूरा सिस्टम कोर, हार्डवेयर, सॉफ्टवेयर सब खुद बनाया। हमने 20 प्रतिशथ की मदद के लिए एरिक्सन और नोकिया का इस्तेमाल किया, ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि हमने जो 80 प्रतिशथ लगाया वह अच्छा है और हमारी टीम खुद पर बहुत ज्यादा गर्व न करें।

**एआई को समाज के लिए उपयोग करना है** – रिलायंस इंडस्ट्रीज के चेयरमैन ने आगे कहा कि कंपनी का बड़ा उद्देश्य समाज की जटिल समस्याओं को हल करना और देश व जनता के लिए संपत्ति निर्माण करना है। उन्होंने कहा कि एआई में अपना लक्ष्य तय किया है, समाज की जटिल समस्याओं का समाधान करना।

# सोना–चांदी के दाम और गिरे

**नई दिल्ली, एजेंसी।** ईरान-इजरायल में सीजफायर का असर बुलियन मार्केट्स पर दिखने लगा है। शेयर मार्केट में रौनक लौटते ही सर्राफा बाजारों में सोने-चांदी के दाम गिरने लगे। आज यानी बुधवार 25 जून को 24 कैरेट सोना 112 रुपये प्रति 10 ग्राम सस्ता होकर 97151 रुपये पर खुला। जबकि, चांदी 317 रुपये टूटकर 105650 रुपये प्रति किलो पर आ गई है। जीएसटी के साथ 24 कैरेट सोना जहां 100065 रुपये प्रति 10 ग्राम के रेट से बिक रहा है तो चांदी 108819 रुपये किलो।



**18 कैरेट गोल्ड का भाव 72863 रुपये**– आईबीजेए रेट्स के मुताबिक 23 कैरेट गोल्ड भी 112 रुपये सस्ता होकर 96762 रुपये प्रति 10 ग्राम के भाव से खुला। वहीं, 22 कैरेट गोल्ड का औसत हाजिर भाव 103 रुपये टूटकर 89990 रुपये प्रति 10 ग्राम के रेट पर खुला। 18 कैरेट गोल्ड का भाव भी 84 रुपये सस्ता होकर 72863 रुपये प्रति 10 ग्राम पर है। जबकि, 14 कैरेट गोल्ड की कीमत 66 रुपये घटकर 56833 रुपये प्रति 10 ग्राम पर आ गई है। इसमें जीएसटी और मेकिंग चार्ज नहीं जुड़ा है। सोने-चांदी के हाजिर भाव इंडिया बुलियन एंड ज्वैलर्स एसोसिएशन ने जारी किए हैं। इनमें जीएसटी नहीं लगा है। हो सकता है आपके शहर में इससे 1000 से 2000 रुपये का अंतर आ रहा हो। आईबीजेए दिन में दो बार रेट जारी करता है। एक बार दोपहर 12 बजे के करीब दूसरा 5 बजे के आसपास।

**इस साल सोना 21411 और चांदी 19633 रुपये महंगी**– इस गिरावट के बावजूद साल 2025 में तेजी के मामले में सोना एक बार फिर चांदी को पछाड़ दिया है। सर्राफा बाजारों में इस साल सोना करीब 21411 रुपये और चांदी 19633 रुपये महंगी हो चुकी है। 31 दिसंबर 24 को सोना 76045 रुपये प्रति 10 के रेट से खुला था और चांदी 85680 रुपये प्रति किलो से। इस दिन सोना 75740 रुपये पर बंद हुआ। चांदी भी 86017 रुपये प्रति किलो पर बंद हुई थी।

## 4100 रुपये के पार जा सकता है टाटा का यह शेयर, झुनझुनवाला का कंपनी पर बड़ा दांव

**नई दिल्ली, एजेंसी।** टाटा ग्रुप की कंपनी टाइटन के शेयर बुधवार को क्रस्थ में 3 पर्सेंट से अधिक की तेजी के साथ 3633.10 रुपये पर कारोबार कर रहे हैं। टाइटन के शेयरों में और तेजी देखने को मिल सकती है। विदेशी ब्रोकरेज फर्म मैक्वरी के मुताबिक, टाइटन के शेयर अपने पिछले क्लोजिंग प्राइस से 17 पर्सेंट उछल सकते हैं। ब्रोकरेज फर्म के मुताबिक, ज्वैलरी सेगमेंट में मजबूत डिमांड कंपनी के परफॉर्मेंस को रफ्तार दे सकती है। टाइटन, दिग्गज इनवेस्टर रहे राकेश झुनझुनवाला का फेवरिट स्टॉक रहा है। झुनझुनवाला फैमिली का टाइटन पर बड़ा दांव है।



**4150 रुपये का दिया है टारगेट**– इंटरनेशनल ब्रोकरेज फर्म मैक्वरी ने टाइटन कंपनी के शेयरों को 4150 रुपये का टारगेट दिया है। ब्रोकरेज हाउस ने टाटा ग्रुप की इस कंपनी के शेयरों को आउटपरफॉर्म रेटिंग दी है। मैक्वरी ने अपने नोट में लिखा है कि सोने की ऊंची कीमतों के बावजूद पहली तिमाही में ज्वैलरी सेगमेंट में मजबूत डिमांड देखने को मिल सकती है। मैक्वरी का कहना है कि पहली तिमाही में टाइटन के ज्वैलरी सेगमेंट में 21 पर्सेंट की सेल्स/इबिट ग्रोथ देखने को मिलेगी। टाइटन के शेयर का कवरेज करने वाले 35 एनालिस्ट्स में से 23 ने कंपनी के शेयरों को बाय रेटिंग दी है। वहीं, 7 एनालिस्ट्स ने होल्ड रेटिंग और पांच ने सेल रेटिंग दी है। यह बात सीएनबीसी–टीवी 18 की एक रिपोर्ट में कही गई है।

**झुनझुनवाला फैमिली का टाइटन पर बड़ा दांव**– दिग्गज निवेशक रहे राकेश झुनझुनवाला की पत्नी रेखा झुनझुनवाला के पास टाइटन के कुल 45,793,470 शेयर हैं। कंपनी में रेखा झुनझुनवाला की 5.17 पर्सेंट हिस्सेदारी है। शेयरहोल्डिंग का यह डेटा मार्च 2025 तिमाही तक का है। राकेश झुनझुनवाला की 14 अगस्त 2022 में मृत्यु हो गई थी।

# जेफ बेजोस और लॉरेन सांचेज की सदी की सबसे भव्य शादी

### आएंगे कौन-कौन से मेहमान

**नई दिल्ली, एजेंसी।** अमेजन के मालिक जेफ बेजोस और उनकी प्रेमिका लॉरेन सांचेज की होने वाली सदी की सबसे भव्य शादी में शामिल होने के लिए मेहमानों का आने का सिलसिला शुरू हो चुका है। इवांका ट्रंप मंगलवार तड़के ही वेनिस पहुंच गईं। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की बेटी अपने पति जेरेड कुशनर और तीन बच्चों के साथ नजर आईं। परिवार को वेनिस की नहरों में वॉटर टैक्सी पर सवार होते देखा गया।

### मेहमानों के लिए शानदार ठिकाना

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, इवांका परिवार 5-स्टार अमान वेनिस होटल में ठहर सकता है। यह भव्य होटल ग्रैंड कैनाल के किनारे 16वीं सदी के महल में बना है। 2014 में हॉलीवुड स्टार जॉर्ज क्लूनी और अमल की शादी भी यहीं हुई थी।



### सुरक्षा डर से बदला वेडिंग वेन्यू

जेफ बेजोस की शादी की पार्टी का स्थान अचानक बदल दिया गया है। शुरुआत में कैनारेजियो इलाके में जश्न की योजना थी, लेकिन दो वजहों से आयोजकों ने विचार बदला–

**1. प्रदर्शन का खतरा**

एक्टिविस्ट्स हफ्तों से विरोध कर रहे हैं कि यह शादी वेनिस के पहले से कमज़ोर इकोसिस्टम को नुकसान पहुंचाएगी।

**2. सुरक्षा चिंताएं**

इतने बड़े आयोजन में सेलेब्रिटीज की सुरक्षा सुनिश्चित करना मुश्किल था।

### नया वेन्यू: ऐतिहासिक शिपयार्ड

अब शादी वेनिस आर्सेनल में होगी। यह 14वीं सदी का विशाल परिसर है जो पहले जहाज बनाने और हथियार रखने के काम आता था। यह जगह चारों तरफ पानी से घिरी है और पुलों के उठ जाने पर जमीनी रास्ते से पहुंच असंभव है। सुरक्षा के लिहाज से यह पुराने वेन्यू से अधिक सुरक्षित माना जा रहा है। आयोजकों ने शादी के मेहमानों के लिए वेनिस की विभिन्न कंपनियों से कम से कम 30 पानी टैक्सियों को भी बुक किया है। 250 मेहमानों के लिए पांच होटल शहर के पांच सबसे शानदार होटलों को अपेक्षित 200–250 मेहमानों की मेजबानी के लिए बुक किया गया है। 90 निजी जेट, 30 वाटर टैक्सी पहले निजी जेट मंगलवार को वेनिस हवाई अड्डे पर पहुंचे और लगभग 90 अगले कुछ दिनों में वेनिस और आसपास के हवाई अड्डों जैसे ट्रेविसो और वेरोना में उतरेंगे।

### राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की बेटी इवांका भी पहुंचीं

इस शादी में दुनिया भर के बड़े नाम शामिल होंगे। जैसे टेक दिग्गज मार्क जुकरबर्ग और बिल गेट्स। हॉलीवुड सितारों में लियोनार्डो डिकैप्रियो, कैटी पेरी और फैशन आइकॉन किम कार्दशियान, डायने वॉन फर्स्टनबर्ग आदि। जेरेड कुशनर और उनके दो बच्चे 24 जून, 2026 को वेनिस में अमेज़न के संस्थापक जेफ़ बेजोस की शादी से पहले सेंट रेजिस होटल पहुंचते समय टैक्सी बोट पर खड़े हैं।

**मेहमानों के लिए लग्जरी होटल्स**– जेफ और लॉरेन ने मेहमानों के ठहरने के लिए पांच शानदार होटल बुक किए हैं। इनमें अमान वेनिस, द ग्रिट्टी पैलेस, सेंट रेजिस, बेलमोंड सिप्रियानी और होटल डेनिएली शामिल हैं। इनमें से कुछ होटल पूरी तरह बुक हैं तो कुछ आंशिक रूप से। यह सदी की सबसे भव्य शादियों में से एक बनने जा रही है।

New page 9_page 12 29.05.2025.qxd 25-06-2025 21:38 Page 1



# दुष्कर्म के आरोपित को मिला सश्रम कारावास

## न्यायाधीश ने 25 हजार रुपया का लगाया अर्थदंड



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मेदिनीनगर (पलामू)।** पलामू जिला व्यवहार न्यायालय के चतुर्थ जिला व सत्र न्यायाधीश व पोक्सो कोर्ट के स्पेशल जज पवन कुमार की अदालत ने 14 वर्ष के नाबालिग युवती से दुष्कर्म के आरोपी सूरज कुमार भुइया को भारतीय दंड विधान की धारा 376 (1) व पोक्सो एक्ट की धारा छह व पांच (1) में दोषी पाते हुए 22 वर्ष सश्रम कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही 25 हजार रुपए अर्थदंड लगाए।अर्थदंड की राशि नहीं देने पर एक वर्ष अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी। इस संबंध में नावा बाजार थाना अंतर्गत सोहदाग निवासी महेश्वर भुइया (बदला नाम) ने नावा बाजार थाना अंतर्गत सोहदाग निवासी सूरज कुमार भुइया व भरोसा भुइया के विरुद्ध नामजद प्राथमिकी दर्ज कराया था। नावा बाजार थाना कांड संख्या 16/ 2022, 2 मार्च 2022 को भारतीय दंड विधान की धारा 376 (डी) व पोक्सो एक्ट की धारा 6 व (5) के तहत दर्ज किया गया था। मुदालय पर आरोप था कि 14 वर्षीय युवती अपने गांव के भंडार से पुराना घर जा रही थी। इस बीच रास्ते में सूरज कुमार भुइया व भरोसा भुईया दोनों मिलकर घसीटते हुए अरहर के खेत में ले गए।चाकू का भय दिखाते हुए दुष्कर्म किया। धमकी दिया कि किसी को कहा या थाना जाएगी तो पूरे परिवार सहित घर में बंद कर आग लगाकर मार देंगे। सूचक के आवेदन पर नावा बाजार थाना कांड संख्या 16/22, 2 मार्च 2022 को भारतीय दंड विधान की धारा 376 डी व लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम 2012 धारा 4 व 6 के तहत नावा बाजार थाना अंतर्गत सोहदाग कला निवासी सूरज कुमार भुइया व भरोसा भुईया के विरुद्ध नामजद प्राथमिकी दर्ज की गई थी ।अदालत ने साक्ष्य के आधार पर दोषी पाते हुए सूरज कुमार भुइया को 22 वर्ष सश्रम कारावास व 25 हजार अर्थदण्ड लगाया है। भरोसा भुइया को साक्ष्य के आभाव में बरी कर दिया है।

# डीआईजी ने किया रेहला थाना का औचक निरीक्षण

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मेदिनीनगर (पलामू)।** पलामू के डीआईजी नौशाद आलम ने रेहला थाना का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने थाना में पदस्थापित पुलिस पदाधिकारियों को कई आवश्यक दिशा निर्देश दिए। डीआईजी का रेहला थाना प्रभारी गुलशन बिरुवा ने गार्ड ऑफ ऑनर दिया।थाना में पदस्थापित पुलिस पदाधिकारियों ने डीआईजी को पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया। डीआईजी ने थाना में पदस्थापित पदाधिकारी व जवानों के टर्न आउट का निरीक्षण किया। उन्होंने थाना सिरिस्ता में संधारित अभिलेखों का अवलोकन कर त्रुटियों में सुधार का निर्देश दिया।कहा कि पुलिस पदाधिकारी आम जनता की शिकायतों का ईमानदारी से समाधान करें। आम लोगों के साथ अच्छा व्यवहार करें। लंबित मामलों का त्वरित निष्पादन करें। डीआईजी ने क्षेत्र में अपराध नियंत्रण व विधि व्यवस्था बनाये रखने, पुलिस मुख्यालय व वरीय

## लंबित मामलों का त्वरित निष्पादन व जनता की शिकायतों का ईमानदारी से समाधान का दिया निर्देश

पदाधिकारी से प्राप्त आदेश -निर्देश संबंधित पत्रों को पदाधिकारी व कर्मियों को अवगत कराते हुए अलग से गार्ड फाइल में रक्षित करने का आदेश दिया। स्कूल - कॉलेज व महिलाओं - लड़कियों का आने-जाने के मार्ग में अड्डाबाजी वाले क्षेत्रों में पेट्रोलिंग करने, मादक पदार्थों के विरुद्ध छापामारी, नशे के खिलाफ जागरूकता अभियान चलाने सहित कई निर्देश दिए। डीआईजी नौशाद आलम ने निरीक्षण के दौरान थाना में पदस्थापित पुलिस पदाधिकारी व जवानों का मनोबल बढाया व पुरष्कृत किया। मौके पर पुलिस निरीक्षक रामाशीष पासवान सहित कई पुलिस पदाधिकारी व जवान मौजूद थे।

# झारखण्ड में नई उत्पाद नीति 16 अगस्त से होगी लागू

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रांची।** राज्य में अब 16 अगस्त से नई उत्पाद नीति लागू करने की तैयारी है। 15 अगस्त ड्राई डे है, इसलिए 16 अगस्त को संभावित तिथि माना गया है। इस तिथि को ध्यान में रखकर ही नई नीति संबंधित प्रक्रिया पूरी की जा रही है।

विभागीय मंत्री योगेंद्र प्रसाद ने कहा कि नई नीति संबंधित प्रक्रिया पूरी करने में कम से कम 45 दिन लगेंगे। विभाग में इस नीति को लागू करने वाले सक्षम पदाधिकारियों की कमी थी, जिसके चलते इसमें विलंब हुआ है। पहले एक अगस्त से नई उत्पाद नीति लागू करने की संभावना जताई जा रही थी।

नई उत्पाद नीति के लागू होने पर राज्य में शराब की खुदरा दुकानें निजी हाथों में चली जाएंगी। उत्पाद एवं मद्य निषेध विभाग के माध्यम से नई नीति लागू होनी है। इस विभाग के दो मुख्य नए अधिकारी उत्पाद सचिव अमिताभ कौशल व उत्पाद आयुक्त रवि शंकर शुक्ला ने 23 जून को पदभार ग्रहण किया है।

इसके बाद से ही नई नीति लागू करने संबंधित प्रक्रिया को लेकर गतिविधि बढ़ी है। अधिकारियों ने पदभार ग्रहण के साथ ही जिलों में तैनात विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिया है कि जो भी बकाया है, उसका शीघ्र भुगतान करवाएं। बकाया वसूली की दिशा में सख्ती बरतें। किसी भी अनियमितता, एमआरपी से अधिक वसूली आदि की शिकायत मिलने पर कठोर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। शराब दुकानें पूर्वी सिंहभूम को छोड़कर राज्य के सभी जिलों की खुदरा शराब दुकानों में प्लेसमेंट एजेंसियों के माध्यम से मैनपावर आपूर्ति का ठेका 30 जून तक ही है। पूर्वी सिंहभूम जिले में कार्यरत प्लेसमेंट एजेंसी के पास 31 मई तक ही ठेका था।

विभाग के अधिकारियों ने सभी जिलों के सहायक आयुक्त उत्पाद, उत्पाद अधीक्षक व वहां कार्यरत प्लेसमेंट एजेंसियों को हैंडओवर-टेकओवर के लिए तैयार रहने व उससे संबंधित प्रक्रिया को शुरू करने का निर्देश दिया है। पूर्वी सिंहभूम में यह कार्य पूरा हो चुका है। अन्य जिलों में 30 जून के बाद शुरू होगा।

एक जुलाई से राज्य में शराब बिक्री से प्लेसमेंट एजेंसी बाहर हो जाएंगे। अब शराब बेचने की जवाबदेही सहायक आयुक्त उत्पाद, अधीक्षक उत्पाद के पास चली जाएगी।

खुदरा दुकानों में कार्यरत कर्मियों का भुगतान विभाग के स्तर से होगा। शराब दुकानों में किसी भी तरह की अनियमितता के लिए संबंधित जिले के सहायक आयुक्त उत्पाद व अधीक्षक उत्पाद जवाबदेह होंगे।

# आवासीय विद्यालयों के संचालन को ले बैठक



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**खूँटी।** समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में आज उपायुक्त आर. रॉनिटा की अध्यक्षता में एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय, रेवा (खूँटी) एवं कुदा (कर्रा) के सफल क्रियान्वयन एवं पर्यवेक्षण हेतु जिला स्तरीय एकलव्य विद्यालय समिति की बैठक आयोजित की गई।

बैठक में विद्यालयों के समुचित संचालन एवं छात्रहित को ध्यान में रखते हुए पठन-पाठन, साफ-सफाई, योग्य शिक्षकों की उपलब्धता, पेयजल एवं विद्युत आपूर्ति, रसोइयों की नियुक्ति, गृह रक्षा वाहिनी की प्रतिनियुक्ति सहित मूलभूत सुविधाओं की गहन समीक्षा की गई। उपायुक्त ने संबंधित पदाधिकारियों को निर्देशित किया कि विद्यालयों में आवश्यक सभी व्यवस्थाएं शीघ्र सुनिश्चित करते हुए संचालन प्रारंभ करने की दिशा में तीव्र गति से कार्य करें।

उक्त बैठक में उप विकास आयुक्त आलोक कुमार, परियोजना निदेशक (आईटीडीए) आलोक शिकारी कच्छप, जिला कल्याण पदाधिकारी प्रमोद राम, संबंधित विभागों के कार्यपालक अभियंता, वार्डन, शिक्षकगण एवं अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

# 50 करोड़ की टैक्स चोरी के आरोप में दो गिरफ्तार

## जीएसटी विभाग की खुफिया टीम ने दबोचा

## दोनों को कोर्ट ने भेजा न्यायिक हिरासत में

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**जमशेदपुर।** जीएसटी विभाग की खुफिया टीम ने 50 करोड़ रुपये के टैक्स घोटाले मामले में रांची से दो लोगों को गिरफ्तार किया है। आरोपितों में रांची के लालपुर निवासी लव अग्रवाल और गुलबहार आमिर रांची के रिंग रोड इलाके का रहने वाला है।

बता दें कि गुलबहार मूल रूप से दिल्ली के मुस्तफाबाद का रहने वाला है। दोनों पर स्क्रैप बैटरी खरीद-बिक्री के नाम पर फर्जी कंपनी बनाकर करीब 50 करोड़ रुपये का टैक्स घोटाला करने का आरोप है। आरोपितों को जीएसटी विभाग की टीम ने मंगलवार की देर शाम जमशेदपुर कोर्ट में पेश किया, जहां से दोनों को न्यायिक हिरासत में भेजने का आदेश दिया गया।

बता दें कि इससे पहले अप्रैल 2025 में लव अग्रवाल और गुलबहार के ठिकानों पर छापेमारी की गई थी। उस दौरान टीम को वे नहीं मिले थे। विभाग की ओर से दोनों को नोटिस भेजा गया था। जांच में 20 करोड़ रुपये का फर्जी इनकम टैक्स टैक्स क्रेडिट (आइटीसी) सामने आया है और लेनदेन करीब 250 करोड़ रुपये का होने का अनुमान है।

आरोपितों के पास से चार मोबाइल बरामद किए गए हैं। लव अग्रवाल अमरन बैटरी का डिस्ट्रीब्यूटर है और वह गुलबहार को स्क्रैप बैटरियां उपलब्ध कराता था। यह कारोबार कच्ची रसीदों पर होता था और फर्जी बिलिंग व दस्तावेजों के जरिए टैक्स क्रेडिट का लाभ उठाया जाता था। गुलबहार मलिक स्क्रैप बैटरियों का कारोबार करता है।

सुनियोजित साजिश के तहत गुलबहार मलिक लव अग्रवाल को बिना किसी सामग्री के जीएसटी बिल देता था। जांच के दौरान जीएसटी इंटेलिजेंस ने पाया कि गुलबहार मलिक ने एक दर्जन से अधिक कागजी फर्म बनाकर फर्जी जीएसटी बिल जारी किए थे। उसके कागजी कारोबारी प्रतिष्ठानों में न्यू इंडिया ट्रेडर्स, कैपिटल इंटरप्राइजेज, एफएम ट्रेडिंग, डीडी इंटरप्राइजेज, जिशान ट्रेडिंग समेत अन्य कंपनियां शामिल हैं। छापेमारी विभाग के अपर निदेशक सार्थक सक्सेना के नेतृत्व में की गई। टीम में रोशन झा, रोशन मिश्रा, राजीव रंजन, बबलू सिंह, साकेत, विजय पांडेय व हेमलता प्रभात शामिल थे

# अब बेंगलुरु के लिए मिलेगी डायरेक्ट ट्रेन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कोडरमा।** कोडरमा से बेंगलुरु जाने वालों की बहुप्रतीक्षित आस अब पूरी होने जा रही है। वर्षों से सीधी रेल सेवा की बाट जोह रहे कोडरमा व आसपास के यात्रियों के लिए यह खबर किसी सौगात से कम नहीं है। न सिर्फ नौकरीपेशा और छात्र, बल्कि वेल्लूर इलाज कराने जानेवाले मरीजों को भी इसका बड़ा लाभ मिलेगा। धनबाद रेल मंडल द्वारा प्रस्तावित नई साप्ताहिक रेल सेवा कोडरमा होकर बेंगलुरु तक चलाई जा सकती है। यह ट्रेन धनबाद से गोमो, पारसनाथ, कोडरमा, गया और पंडित दीनदयाल उपाध्याय नगर (डीडीयू) होते हुए दक्षिण भारत के महत्वपूर्ण मार्गों से गुजरते हुए बेंगलुरु पहुंचेगी। रास्ते में यह ट्रेन वेल्लूर के पास स्थित चिकित्सा नगरी काटपाड़ी स्टेशन पर भी रुकेगी, जिससे वेल्लोर में इलाज कराने जानेवालों को बड़ी राहत मिलेगी। धनबाद मंडल ने इस प्रस्ताव को मजबूत पक्षों सहित रेलवे मुख्यालय को भेज दिया है।

# प्लास्टिक की छत के नीचे रहने को मजबूर

## आश्वासन के बाद भी नहीं मिला योजना का लाभ

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बरवाडीह (लातेहार)।** बरवाडीह प्रखंड में जरूरतमंदों को आवास मुहैया कराने में अधिकारी रुचि नहीं ले रहे हैं। चाहे वह बीडीओ हों या पंचायत के मुखिया। ग्रामीणों का कहना है कि पिछले वर्ष सितंबर माह में भारी बारिश के कारण रामजन्म सिंह का घर गिर गया था। बता दें कि इस हादसे में परिवार तो बच गया, लेकिन घर पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। तब से रामजन्म सिंह, पत्नी मनीता देवी व तीन बच्चे घर पर हैं। प्रखंड प्रशासन की ओर से अब तक कोई मदद नहीं मिली है। घटना के बाद मुखिया वेरोनिका कुजूर व अन्य जनप्रतिनिधि मौके पर पहुंचे थे और हर संभव मदद का आश्वासन दिया था, लेकिन एक वर्ष बीत जाने के बाद भी न तो सरकारी सहायता मिली, न ही आवास योजना के तहत कोई लाभ। लाचार परिवार प्लास्टिक की छत बनाकर किसी तरह ठंड, गर्मी व बारिश को झेल रहा है। अब मानसून शुरू होने से परेशानी और बढ़ गई है। रामजन्म सिंह क्षतिग्रस्त घर की छत पर प्लास्टिक लगाकर किसी तरह अपने बच्चों को बारिश से बचाने का प्रयास कर रहे हैं। बता दें कि पीड़ित दंपती मजदूर हैं। मजदूरी कर परिवार का भरण-पोषण करते हैं। घर की आर्थिक स्थिति ठीक नहीं है। सरकारी तंत्र की मनमानी के कारण यह परिवार आज भी खुले आसमान के नीचे रहने को मजबूर है।

गरीब दंपती का आरोप है कि मैंने अपना आवेदन पत्र बीडीओ, सीओ और छिपादोहर पंचायत के मुखिया को दिया है। लेकिन एक साल बीत जाने के बाद भी कोई पूछने तक नहीं आया और न ही मुझे आवास मिला है।

# घर में घुसा बाघ, मकान मालिक ने दिखायी सूझबूझ

## विभाग ने धारा 144 लागू कर किया रेस्क्यू



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रांची।** राजधानी रांची के सिल्ली प्रखंड के मारदू गांव में उस समय अफरा-तफरी मच गई जब एक बाघ एक ग्रामीण के घर में घुस आया। यह घटना सुबह करीब पांच बजे की है, जब गांव निवासी पुरेंद्र महतो अपनी बकरी को बाहर निकाल रहे थे। उसी दौरान उनकी नजर अचानक बाघ पर पड़ी। हालात को भांपते हुए उन्होंने सूझबूझ दिखाई और बिना घबराए घर से बाहर निकल गए। उन्होंने अपनी बेटी सोनिका और उसकी सहेली को भी सुरक्षित बाहर निकालकर दरवाजा बाहर से बंद कर दिया, जिससे बाघ घर के भीतर ही कैद हो गया।

घटना की सूचना तुरंत स्थानीय थाना पुलिस और वन विभाग को दी गई। थोड़ी ही देर में यह खबर पूरे इलाके में आग की तरह फैल गई और बड़ी संख्या में ग्रामीण बाघ को देखने के लिए मौके पर जुटने लगे। स्थिति को देखते हुए जिला प्रशासन ने गांव में धारा 144 लागू कर दी है, ताकि भीड़ को नियंत्रित किया जा सके।

बाघ को पकड़ने के लिए वन विभाग की टीम के साथ-साथ रांची के बिरसा जैविक उद्यान की टीम भी मौके पर पहुंची है। इसके अलावा, पलामू टाइगर रिजर्व से भी विशेषज्ञों की टीम को बुलाया गया है। अनुमान लगाया जा रहा है कि यह वही बाघ हो सकता है जो हाल ही में पलामू के जंगलों से भटक कर यहां पहुंचा हो। फिलहाल वन विभाग की रेस्क्यू टीम बाघ को सुरक्षित तरीके से बाहर निकालने में जुटी है। खबर लिखे जाने तक बाघ को रेस्क्यू नहीं किया जा सका था।

# एनसीओआरडी की बैठक

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**लातेहार।** उपायुक्त की अध्यक्षता में जिला स्तरीय (एनसीओआरडी) समिति की बैठक आयोजित की गई। समीक्षा के क्रम में उपायुक्त ने वर्तमान में अवैध अफीम की खेती की विनष्टीकरण की जानकारी लेते हुए संबंधित अंचल अधिकारी एवं थाना प्रभारी को संलिप्त व्यक्तियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया।

उन्होंने कहा कि सभी अधिकारी मादक पदार्थ की बिक्री, सेवन, तस्करी व उपयोग पर सजगता के साथ लोगों के ऐसे कार्यों में संलिप्तता पर नजर रखें। जिन क्षेत्र में अफीम की खेती की सूचना मिलती है तो खेती के विनष्टीकरण के साथ-साथ जिनके द्वारा खेती की गई है और जो लोग उसमें संलिप्त हैं, उन्हें चिह्नित करते हुए उनके विरुद्ध कठोर कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया। मादक पदार्थों की तस्करी एवं इसकी खेती पर नियंत्रण, पहचान और विनष्टीकरण, एनडीपीएस एक्ट के प्रावधान के संबंध में जन-जागरुकता संबंधित आवश्यक दिशा-निर्देश दिया गया।

# द वे ऑफ वेलनेस क्लब की हुई शुरूआत



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मेदिनीनगर (पलामू)।** स्थानीय नावाटोली स्थित नामधारी रोड में द वे ऑफ वेलनेस क्लब का शुभारंभ किया गया। रांची से पहुंचे सीनियर मेंबर राजन कुमार, शंपा कुमारी, राकेश कुमार, पूनम कुमारी, उमेश कुमार, अंजली कुमारी, सोनू सिंह नामधारी व सपना कौर ने संयुक्त रूप से फीता काटकर क्लब का शुभारंभ किया। शहर के ख्याति प्राप्त व्यवसायी सह समाजसेवी सोनू सिंह नामधारी ने सभी वरीय सदस्यों को बुके प्रदान कर व अंग वस्त्र देकर स्वागत किया।

वरीय सदस्य राजन कुमार ने कहा कि क्लब शहर के लोगों को फिटनेस व पोषण की दिशा में जागरूक करेगा। साथ ही सेहतमंद जीवनशैली को अपनाने के लिए प्रेरित करेगा। मेदिनीनगर जैसे छोटे शहर में ऐसे क्लब का खुलना बहुत बड़ी बात है। आज हर दस में से छह व्यक्ति मोटापे से जूझ रहे हैं। ऐसे क्लब खुलने से उन्हें काफी राहत मिलेगी।

राकेश कुमार ने कहा कि शरीर को स्वस्थ रखने की जानकारी सभी के पास है। लेकिन सही माहौल की कमी के कारण लोग उसे अपनाते नहीं हैं।

यह क्लब एक ऐसा वातावरण प्रदान करेगा जहां लोग प्रेरित होकर स्वास्थ्य के प्रति गंभीर हो सकेंगे।

उमेश कुमार ने कहा कि वर्तमान समय में प्रदूषण, मिलावटी खानपान व जीवनशैली संबंधी समस्याएं लगातार बढ़ रही हैं। ऐसे में फिट रहना समय की सबसे बड़ी जरूरत बन चुकी है। सोनू सिंह नामधारी ने कहा कि अगर आप फिट हैं तो आपका घर भी फिट रहेगा। जब घर फिट रहेगा तो जीवन का आनंद भी दोगुना हो जाएगा।

मौके पर कमलेश कुमार दुबे, प्रमोद सिंह, दिलीप कुमार गुप्ता, नीतू देवी, रतन सिंह नामधारी, रत्ना कौर, सिमरन कौर, अविनाश वर्मा, वीरमणि दुबे, संतोष शुक्ला, ओम कुमार, परवेज अख्तर व मनोहर कुमार सहित बड़ी संख्या में गणमान्य मौजूद थे।


## दक्षिण पूर्व रेलवे - निविदा

**निविदा सूचना सं.: ईएलएसबी-25-रेट्रोफिट_एसी_95-06/टीएन, दिनांक: 24.06.2025।** भारत के राष्ट्रपति के लिए तथा उनकी ओर से वरिष्ठ डीईई, टीआरएस, बोकारो स्टील सिटी, दक्षिण पूर्व रेलवे निम्नलिखित कार्य के लिए **निविदा संख्या: ईएलएसबी-25-रेट्रोफिट_एसी_95-06, बंद होने की तारीख: 18.07.2025** के तहत ई-निविदा आमंत्रित करते हैं: **कार्य का नाम:** दक्षिण पूर्व रेलवे में विभिन्न लो को शेडों (बोकारो स्टील सिटी, बंडामुंडा, राउरकेला, सांतरागाछी एवं टाटानगर) के लिए 3-फेज इलेक्ट्रिक लोकोमोटिव में कैब में वातानुकूलित प्रणाली का रेट्रोफिटमेंट। **अवधि:** 24 महीना। **अनुमानित मूल्य:** ₹ 1,02,79,570। **बोली प्रतिभूति:** ₹ 2,01,400। **निविदा प्रपत्र की कीमत:** शून्य। निविदा दस्तावेज **दिनांक 18.07.2025 को सुबह 11.00 बजे तक** आईआरईपीएस वेबसाइट अर्थात **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध होगा। **निविदा-दाता द्वारा निविदा अपलोड करने की अंतिम तारीख/समय:** 18.07.2025 को सुबह 11.00 बजे तक। **निविदा खुलने की तारीख/समय:** 18.07.2025 को सुबह 11.00 बजे (निविदा बंद होने के तुरंत बाद)। सभी वास्तविक, अनुभवी एवं इच्छुक निविदादाता इस कार्य के लिए आवेदन कर सकते हैं। **(PR-315)**


# अब दो बार होगी 10वीं बोर्ड परीक्षा

**रांची।** देश के सबसे बड़े शैक्षणिक बोर्ड सीबीएसई बोर्ड से पढ़ाई कर रहे छात्र छात्राओं और अभिभावकों के लिए महत्वपूर्ण अपडेट सामने आया है। सीबीएसई ने 10वीं बोर्ड परीक्षा को वर्ष में दो बार आयोजित कराने के नियमों को मंजूरी दे दी है। अब 2026 से एक वर्ष में दो बार बोर्ड परीक्षाएं होंगी। सीबीएसई कक्षा 10वीं की बोर्ड परीक्षाएं वर्ष में दो बार होंगी। पहले चरण की परीक्षा फरवरी और दूसरे चरण की परीक्षा मई में होगी।


## पूर्व रेलवे

मंडल रेल प्रबंधक, पूर्व रेलवे, हावड़ा, डीआरएम बिल्डिंग, रेलवे स्टेशन के पास, हावड़ा-711101 द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए सिंचाई/सीपीडब्ल्यूडी/एसईबी/एमईएस या किसी भी सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम के पास पंजीकृत समेत समरूप प्रकृति के कार्य का अनुभव एवं आवश्यक वित्तीय क्षमता रखने वाले निविदादाताओं से ऑनलाइन के जरिये निम्नलिखित ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं: [**वरिष्ठ डीईएन/3/एचडब्ल्यूएच**]। **ई-निविदा संख्या: 92_2025-26, दिनांक: 23.06.2025। कार्य का विवरण:** सहायक अभियंता/आजिमगंज के अधीन मियाँग्राम से कर्णसुबर्ण तक रूफ कवरिंग, वाटर स्टोरेज रिजर्वर, निकासी व्यवस्था प्रदान करके वर्तमान एलएचएस का क्रमोन्नयन सहित सुधार। **अनुमानित लागत:** ₹ 2,26,93,274.25। **बयाना राशि:** ₹ 2,63,500। **पूरा करने की अवधि:** स्वीकृति पत्र जारी किये जाने की तारीख से 08 (आठ) महीना। निविदा आमंत्रण सूचना में उल्लिखित बंद होने की तारीख को किसी कारणवश छुट्टी/बंद/हड़ताल घोषित होने पर ऑनलाइन निविदा के बंद होने की तारीख में कोई परिवर्तन नहीं किया जायेगा क्योंकि आईआरईपीएस की वेबसाइट में आवेदन निविदा बंद होने की तारीख एवं समय के बाद किसी भी प्रस्ताव को जमा करने की अनुमति नहीं देता है। तथापि, ऑनलाइन निविदा को अगले कार्य दिवस में खोला जाएगा। **निविदा बंद होने की तारीख एवं समय:** 15.07.2025 को दोपहर 2.00 बजे। निविदा का सम्पूर्ण विवरण वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। निविदादाताओं से अनुरोध है कि वे उपर्युक्त वेबसाइट पर अपने प्रस्ताव ऑनलाइन जमा करें। ईएमडी और टीडीसी का भुगतान - ई-निविदा के सम्बन्ध में निविदा दस्तावेज की कीमत एवं जमा बयाना राशि (ईएमडी) का भुगतान सिर्फ नेट बैंकिंग या पेमेंट गेटवे के जरिये स्वीकार किया जायेगा। **द्रष्टव्य:** आईआरईपीएस (ई-निविदा पोर्टल) पर आमंत्रित निविदाओं के लिए जमा बयाना राशि के रूप में सावधि जमा रसीद (एफडीआर) स्वीकार नहीं की जाएगी। मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं किये जायेंगे।

(HWH-159/2025-26)

निविदा सूचना वेबसाइट:www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter


# फर्जी मृत्यु प्रमाण पत्र के सहारे जमीन करा ली रजिस्ट्री

## पीड़ित ने लगायी मंत्री से गुहार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रांची।** उत्पाद एवं मद्य निषेध विभाग सह पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के मंत्री योगेंद्र प्रसाद के समक्ष मंगलवार को एक अजीबोगरीब मामला सामने आया। रांची के अनगड़ा थाना क्षेत्र के राजाडेरा निवासी 64 वर्षीय जब्बार अंसारी ने मंत्री से मिलकर बताया कि वे जीवित हैं, लेकिन उन्हें मृत घोषित कर उनके बड़े बेटे मुस्लिम अंसारी ने फर्जी मृत्यु प्रमाण पत्र के आधार पर 14 मार्च 2024 को उनकी 19 डिसमिल जमीन की रजिस्ट्री करा ली है।

बता दें कि जमीन खरीदने वाला कोई और नहीं बल्कि रांची के अरगोड़ा अंचल के अंचल अधिकारी (सीओ) सुमन कुमार सौरभ हैं। उन्होंने उक्त 19 डिसमिल जमीन महज चार लाख रुपये में खरीदी है। निबंधन प्रमाण पत्र में विक्रेता मुस्लिम अंसारी को स्वर्गीय जब्बार अंसारी का पुत्र बताया गया है। जबकि जब्बार अंसारी जीवित हैं। उक्त जमीन का निबंधन 14 मार्च 2024 को रांची के सब रजिस्ट्रार वैभव मणि त्रिपाठी के हस्ताक्षर से हुआ है।

डीड में मुस्लिम अंसारी ने न तो अपनी मां को गवाह बनाया है और न ही अपने दो भाइयों या अपनी बहन को। अरगोड़ा सीओ सुमन कुमार सौरभ ने म्यूटेशन के लिए अनगड़ा सीओ पर दबाव भी बनाया, लेकिन जब्बार अंसारी के सामने आने और विरोध करने के बाद म्यूटेशन नहीं हो सका। अनगड़ा सीओ ने उक्त म्यूटेशन आवेदन को अस्वीकृत कर दिया है।

पीड़ित ने मंत्री से शिकायत की है कि उसका बड़ा बेटा उसका फर्जी मृत्यु प्रमाण पत्र प्रस्तुत कर उसकी जमीन की अवैध खरीद-बिक्री कर रहा है, और उसकी बची हुई जमीन पर जबरन कब्जा करने का प्रयास कर रहा है। मंत्री ने पूरे मामले को गंभीरता से लिया है। उन्होंने रांची की उपायुक्त मंजू नाथ भजंत्री को पत्र लिखकर पूरे मामले की जांच करने और दोषियों की पहचान कर उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई करने को कहा है।

पीड़ित जब्बार अंसारी ने मंत्री को दिए आवेदन में बताया है कि राजाडेरा में उनकी 50 डिसमिल जमीन है। उनका बड़ा बेटा मुस्लिम अंसारी उनसे अलग रांची के हिंदपीढ़ी थाना क्षेत्र के निजाम नगर में मोती मस्जिद के पास रहता है।

उसने उनका फर्जी मृत्यु प्रमाण पत्र बनवा लिया है और उनकी जमीन पर कब्जा कर रहा है। अतिक्रमणकारियों में उनके बेटे मुस्लिम अंसारी, मुस्लिम अंसारी की पत्नी नाजिया तरन्नुम, बेटियां मंतशा कासमी, अफशा कासमी उर्फ लाइबा, मंजर अंसारी, बिंदर उर्फ गुड्डू अंसारी शामिल हैं। इसमें अनगड़ा के राजाडेरा के कुछ लोग उनका साथ दे रहे हैं। वे सभी जबरन उनकी जमीन पर नींव खोदकर बाउंड्रीवाल बना रहे हैं। रोकने पर मारपीट करते हैं। जब्बार और उनकी पत्नी मजीरा खातून की पिटाई की गयी। वे पुलिस के पास भी गये, लेकिन उनसे स्टे ऑर्डर मांगा गया।



# रिंकू सिंह और सांसद प्रिया सरोज की शादी टली

**अब 18 नवंबर को काशी में नहीं होगा दोनों का विवाह**

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय क्रिकेटर रिंकू सिंह और समाजवादी पार्टी की सांसद प्रिया सरोज की शादी, जो 19 नवंबर को होने वाली थी, अब कथित तौर पर स्थगित कर दी गई है। इस महीने की शुरुआत में उत्तर प्रदेश के लखनऊ में एक भव्य समारोह में दोनों ने सगाई की थी। सगाई समारोह में कई बड़े चेहरे शामिल हुए थे। कुछ उल्लेखनीय मेहमानों में सपा अध्यक्ष और यूपी के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव, अभिनेत्री जया बच्चन और भारतीय तेज गेंदबाज भुवनेश्वर कुमार भी शामिल थे।

### अब फरवरी 2026 में होगी रिंकू और प्रिया की शादी

सगाई के बाद रिंकू सिंह और प्रिया सरोज ने अपने सोशल मीडिया हैंडल पर समारोह की कई तस्वीरें भी शेयर की थीं। रिंकू सिंह और प्रिया सरोज की शादी नवंबर में होने वाली उनकी क्रिकेट प्रतिबद्धताओं के कारण स्थगित कर दी गई है। अखबार ने जोड़े के परिवार के सदस्यों को स्रोत के हवाले से लिखा कि शादी अब फरवरी 2026 में होगी और सही तारीख जल्द ही बताई जाएगी।

### 19 नवंबर के लिए बुक था वाराणसी का ताज होटल

रिपोर्ट में कहा गया है, 'परिवार ने 19 नवंबर 2025 को रिंकू सिंह और प्रिया सरोज की शादी के लिए वाराणसी के ताज होटल को बुक किया था। हालांकि, भारतीय क्रिकेट टीम के लिए रिंकू सिंह की प्रतिबद्धताओं ने उन्हें शादी को स्थगित करने के लिए मजबूर किया।' आगे कहा गया है, 'होटल अब फरवरी के अंत के लिए बुक किया गया है, लेकिन सही तारीख की अब तक पुष्टि नहीं हुई है।'

### 8 जून 2025 को हुई थी रिंकू और प्रिया सरोज की सगाई

इससे पहले 8 जून 2025 को रिंकू सिंह और प्रिया सरोज ने लखनऊ में एक भव्य समारोह में सगाई की थी। बाएं हाथ के बल्लेबाज ने अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम हैंडल पर पोस्ट किया, 'यह दिन हमारे दिलों में बहुत लंबे समय से था, लगभग तीन साल और हर पल इंतजार के लायक था। सगाई- पूरे दिल से और हमेशा के लिए।'

# नीरज चोपड़ा ने 4 दिन के अंदर दूसरा टूर्नामेंट जीता

- **गोल्डन स्पाइक मीट में नंबर-1 रहे, 85.29 मी. भाला फेंका; पेरिस डायमंड लीग जीती थी**

**नई दिल्ली, एजेंसी।** नीरज चोपड़ा का पहला थ्रो अमान्य रहा। उन्होंने तीसरे प्रयास में 85.29 मीटर भाला फेंका।भारत के स्टार जेवलिन थ्रोअर नीरज चोपड़ा ने मंगलवार को गोल्डन स्पाइक मीट में पहला स्थान हासिल किया है। वे लगातार दूसरे टूर्नामेंट में नंबर-1 पर रहे हैं। नीरज ने 4 दिन पहले 20 जून को पेरिस डायमंड लीग में पहला स्थान हासिल किया था। नीरज ने मंगलवार रात को चेक रिपब्लिक (ओस्त्रावा) में आयोजित इस टूर्नामेंट में 85.29 मीटर भाला फेंका और पहले स्थान पर रहे। द. अफ्रीका के डोव स्मित (84.12 मीटर) पर्सनल बेस्ट के साथ दूसरे और ग्रेनाडा के एंडरसन पेटर्स (86.63 मीटर) तीसरे नंबर पर रहे। नीरज इस समय वर्ल्ड एथलेटिक्स के कॉन्टीनेंटल टूर पर हैं। इस टूर्नामेंट में 9 प्लेयर्स ने हिस्सा लिया। उन्होंने को पेरिस डायमंड लीग भी जीती थी।



तीसरे प्रयास में आया नीरज का बेस्ट थ्रो प्रतियोगिता में नीरज चोपड़ा का बेस्ट थ्रो तीसरे प्रयास में आया। उन्होंने फाउल से शुरुआत की। फिर 83.45 मीटर स्कोर किया। नीरज 85.29 मीटर के थ्रो के साथ वे टॉप पर आ गए। उन्होंने अगले 2 थ्रो में क्रमशः 82.17 मीटर और 81.01 मीटर स्कोर किया। आखिरी थ्रो फाउल रहा।

## तिलक ने काउंटी चैम्पियनशिप के डेब्यू पर जड़ा शतक, कहा- रहाणे से कह सकता हूं कि...



**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत और इंग्लैंड के बीच हेडिंग्ले क्रिकेट ग्राउंड पर पहले टेस्ट का अंतिम दिन जहां भारतीय गेंदबाजों को विकेट मिलने में मुश्किल हो रही है। वहीं दूसरी तरफ तिलक वर्मा ने यूके में हैम्पशायर के लिए खेलते हुए काउंटी चैम्पियनशिप में डेब्यू पर शतक लगा दिया है। बाएं हाथ के इस खिलाड़ी ने 98 के स्कोर से आगे खेलते हुए चेम्सफोर्ड में एसेक्स के खिलाफ शतक लगाया। वर्मा ने तीसरे दिन कुछ ही समय में अपना पहला काउंटी शतक बनाया, लेकिन शुरुआत को आगे नहीं बढ़ा सके। उन्होंने 241 गेंदों पर 100 रन बनाए। लेकिन वह साइमन हार्मर द्वारा आउट हो गए। वर्मा ने अपनी पारी के दौरान 11 चौके और तीन छक्के लगाए। वर्मा 2019 में अजिंक्य रहाणे के बाद हैम्पशायर के लिए शतक बनाने वाले दूसरे भारतीय बन गए हैं। वर्मा ने दूसरे दिन के बाद कहा, मैं रहाणे से कह सकता हूं कि मैंने भी यहां शतक बनाया है। आईपीएल में मुंबई इंडियंस के लिए खेलने वाले 22 वर्षीय रोमांचक खिलाड़ी सबसे बेहतरीन टी20 बल्लेबाजों में से एक हैं। नई द्रुष्ट रैंकिंग में वह दुनिया में नंबर 3 रैंक वाले टी20 बल्लेबाज है। वर्मा ने कहा, मैं हमेशा कहता हूं, टेस्ट क्रिकेट मेरा पसंदीदा है।

## नेमार ने सैंटोस के साथ कॉन्ट्रैक्ट दिसंबर 2025 तक बढ़ाया



**रियो डी जेनेरियो, एजेंसी।** नेमार ने सैंटोस के साथ अपना कॉन्ट्रैक्ट दिसंबर तक बढ़ा दिया है। इसका ऐलान ब्राजील के सीरी ए क्लब ने किया है। 33 वर्षीय पूर्व बार्सिलोना और पेरिस सेंट-जर्मेन फॉरवर्ड सऊदी प्रो लीग की टीम अल-हिलाल से अलग होने के बाद जनवरी में छह महीने के कॉन्ट्रैक्ट पर अपने बचपन के क्लब में लौट आया है। ब्राजील के सर्वकालिक शीर्ष गोल स्कोरर का नाम मेजर लीग सॉकर में जाने या यूरोप में वापसी की अटकलों से जुड़ा हुआ था, लेकिन उन्होंने अब 2025 सीजन के अंत तक सैंटोस क्लब में बने रहने पर सहमति जताई है। नेमार ने क्लब की वेबसाइट पर एक बयान में कहा, मैंने एक फैसला लिया और अपने दिल की बात सुनी। सैंटोस सिर्फ मेरी टीम नहीं है। यह मेरा घर, मेरी जड़ें, मेरा इतिहास और मेरा जीवन है। उन्होंने आगे कहा, यहां मैं एक लड़का था, जो एक आदमी बन गया। मुझे सच में बहुत प्यार मिलता है। यहां मैं वास्तव में खुश हूं। यहीं पर मैं अपने करियर में अधूरे सपनों को पूरा करना चाहता हूं। मुझे कोई नहीं रोक सकता। मैं जाता हूं, वापस आता हूं और यहीं रहता हूं। जहां से यह सब शुरू हुआ और जहां यह कभी खत्म नहीं होगा। नेमार ने 2009 में सैंटोस के लिए अपना प्रोफेशन डेब्यू किया और क्लब के लिए 243 मैच खेले। इस दौरान 141 गोल किए और 69 असिस्ट दिए। चोटों के कारण वह इस साल आठ बार के ब्राजीलियाई सीरी-ए चैंपियन के लिए सिर्फ 12 मैच ही खेल पाए हैं। सैंटोस के अध्यक्ष मार्सेलो टेक्सेरा ने कहा, यह ब्राजीलियन फुटबॉल के लिए एक ऐतिहासिक दिन है।

**एमएलसी 2025**

## दादा भारत के लिए खेले, पोते ने अमेरिकी लीग में दिलाई जीत



**नई दिल्ली, एजेंसी।** टेक्सास सुपर किंग्स ने मेजर लीग क्रिकेट-2025 (एमएलसी) के 15वें मैच में जीत दर्ज की। इस टीम ने लॉस एंजिल्स नाइट राइडर्स को 52 रन से हराया। टीम की जीत में शुभम रांझणे का अहम योगदान रहा, जिन्होंने ताबड़तोड़ 70 रन की पारी खेली। शुभम का जन्म 26 मार्च 1994 को महाराष्ट्र में हुआ। क्रिकेट उनके खून में है। इस ऑलराउंडर के पिता सुभाष महाराष्ट्र के लिए खेल चुके हैं। उन्होंने अंडर-19 टीम का प्रतिनिधित्व भी किया है। वहीं, दादा वसंत रांझणे भी एक ऑलराउंडर रहे, जिन्होंने भारत के लिए सात टेस्ट खेले।

शुभम रांझणे को आईपीएल-2019 में राजस्थान रॉयल्स ने खरीदा था, लेकिन उन्हें कोई मैच खेलने का मौका नहीं मिल सका। साल 2016 में मुंबई के लिए अपना फर्स्ट क्लास डेब्यू करने वाले शुभम 15 प्रथम श्रेणी मैच खेल चुके हैं। यह सीजन में टेक्सास सुपर किंग्स की चौथी जीत रही। शुरुआती तीन मैच जीतने के बाद इस टीम को लगातार दो हार का सामना करना पड़ा था।वहीं, दूसरी ओर लॉस एंजिल्स नाइट राइडर्स सीजन का अपना चौथा मैच गंवा बैठी है। इस टीम ने हार की हैट्रिक लगाने के बाद एक जीत दर्ज की, लेकिन इस लय को बरकरार नहीं रख सकी। डलास में खेले गए मुकाबले की बात करें, तो टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी टेक्सास की टीम ने आठ विकेट गंवाकर 196 रन बनाए।

# टेस्ट नहीं खेलेंगे जसप्रीत बुमराह!

**इंडिया-इंग्लैंड दूसरा टेस्टः गौतम गंभीर ने प्लान को लेकर दे दिया बड़ा अपडेट**

**नई दिल्ली, एजेंसी।** शुभमन गिल की कप्तानी में भारत इंग्लैंड के खिलाफ पहला टेस्ट हार गई, फील्डिंग के आलावा भारत की गेंदबाजी भी खराब रही. जसप्रीत बुमराह को छोड़ दें तो पहली पारी में कोई अन्य गेंदबाज इंग्लिश बल्लेबाजों पर दबाव नहीं बना पाया. दूसरी पारी में तो बुमराह भी कोई विकेट नहीं ले पाए. हालांकि अब टीम इंडिया की नजरें दूसरे टेस्ट पर है, लेकिन उससे पहले हेड कोच गौतम गंभीर ने बुमराह को लेकर बड़ा अपडेट दिया है. पहले टेस्ट की हार के बाद प्रेस के सवालों का जवाब देने खुद हेड कोच गौतम गंभीर आए, जिनकी कोचिंग में भारतीय टेस्ट टीम अच्छा नहीं कर पा रही है. इस दौरे पर सबसे मुख्य गेंदबाज जसप्रीत बुमराह हैं, लेकिन वर्कलोड मैनेजमेंट के चलते वह सिर्फ 3 ही टेस्ट खेलेंगे. प्रेस कांफ्रेंस में गौतम गंभीर ने भी कन्फर्म किया कि प्लान में कोई बदलाव नहीं हुआ है और पहले टेस्ट में हार के बावजूद बुमराह अब बचे हुए मैचों में से सिर्फ 2 में ही खेलेंगे.

### गौतम गंभीर ने जसप्रीत बुमराह को लेकर क्या अपडेट दिया

गंभीर ने कहा मुझे लगता है कि जसप्रीत बुमराह का वर्कलोड मैनेज करना हमारे लिए सबसे महत्वपूर्ण है, क्योंकि आगे बहुत सारा क्रिकेट होना है और हम जानते हैं कि वह कितने जरुरी हैं. इसलिए इस दौरे पर आने से पहले ही यह तय



हो गया था कि वह तीन टेस्ट खेलेंगे, लेकिन देखते हैं कि उसका शरीर कैसा रहता है. लेकिन हमने यह तय नहीं किया है कि वह कौन से दो अन्य टेस्ट मैच खेलेंगे. बेशक गौतम गंभीर ने साफ़ किया कि अभी ये तय नहीं है कि बुमराह कौन से 2 और टेस्ट खेलेंगे लेकिन खबर है कि वह दूसरे टेस्ट में नहीं खेलेंगे. भारत बनाम इंग्लैंड दूसरा टेस्ट 2 जुलाई से एजबेस्टन, बर्मिंघम में खेला जाएगा. गंभीर को लेकर खबर है कि वह दूसरे टेस्ट में नहीं खेलेंगे, वह तीसरे और फिर उसके बाद सीरीज के आखिरी टेस्ट में खेलेंगे.



## अंकतालिका में भारत की ये है स्थिति, इंग्लैंड बना नंबर 1

**डब्ल्यूटीसी पॉईट टेबल**

**नई दिल्ली, एजेंसी।** वर्ल्ट टेस्ट चैंपियनशिप 2023-25 साइकल में भारतीय क्रिकेट टीम अपना पहला टेस्ट सीरीज इंग्लैंड के खिलाफ खेल रही है। इस 5 मैचों की टेस्ट सीरीज के पहले ही मैच में भारतीय क्रिकेट टीम को इंग्लैंड के हाथों 5 विकेट से हार का सामना करना पड़ा और भारतीय टीम की शुरुआत शुभमन गिल की कप्तानी में खराब हुई।

बेन स्टोक्स की कप्तानी में मेजबान इंग्लैंड ने भारत को 5 विकेट से हरा दिया और वर्ल्ट टेस्ट चैंपियनशिप 2023-25 की अंकतालिका में टॉप पर पहुंच गई। वहीं भारतीय टीम फिलहाल इस अंकतालिका में चौथे नंबर पर है। भारतीय टीम को अपने पहले ही मैच में हार मिली और वो एक भी अंक अर्जित नहीं कर पाई।

लीड्स टेस्ट मैच में भारत ने इंग्लैंड को चौथी पारी में जीत के लिए 371 रन का मुश्किल टारगेट दिया था, लेकिन भारतीय गेंदबाजी काफी खराब रही और इंग्लैंड के बल्लेबाजों ने मैच के आखिरी दिन जीत के लिए बचे 350 रन के लक्ष्य को आराम से हासिल कर लिया। इंग्लिश टीम ने 5 विकेट पर 373 रन बनाते हुए मैच जीत लिया और भारत को निराश होना पड़ा। वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप 2023-25 की अंकतालिका की बात करें तो इसमें भारत के खिलाफ जीत के बाद इंग्लैंड पहले स्थान पर है जिसने अपने पहले मैच को जीतकर 12 अंक हासिल किए और इस टीम की जीत का प्रतिशत 100.00 है तो वहीं इसमें दूसरे नंबर पर बांग्लादेश तो तीसरे नंबर पर श्रीलंका है। बांग्लादेश और श्रीलंका के बीच खेला गया मैच ड्रॉ रहा था और दोनों टीमों के 4-4 अंक हैं जबकि जीत का प्रतिशत 33.33-33.33 है।

# 25 छक्के... वैभव सूर्यवंशी ने मारे इतने रन, शुभमन गिल की टीम इंडिया जहां गई हार, वहीं किया जीत का दीदार

**नई दिल्ली, एजेंसी।** शुभमन गिल की टीम इंडिया को इंग्लैंड में जहां हार का सामना करना पड़ा. वहीं वैभव सूर्यवंशी की टीम का सूरज जीत के साथ चमका है. ये दोनों ही घटनाएं एक ही दिन घटी हैं. 24 जून को ही शुभमन गिल को टेस्ट सीरीज के पहले मैच में हार मिली और उसी दिन वैभव सूर्यवंशी ने इंग्लैंड में जीत का दीदार किया. अब इंग्लैंड ने शुभमन गिल की टीम इंडिया को 5 विकेट से हराया कैसे, इस पर तो काफी कुछ लिखा जा चुका है. लेकिन वैभव सूर्यवंशी, आयुष म्हात्रे, हरवंश सिंह जैसे उभरते खिलाड़ियों से सजी भारत की अंडर 19 टीम ने जीत का बिगुल कैसे फूंका, आइए जानते है.

इंग्लैंड में भारत की अंडर 19 टीम की जीत की डफली 24 जून को एक प्रैक्टिस मैच में बजी. 50 ओवर के इस मुकाबले में भारत ने इंग्लैंड लायंस को उतने रन से हराया, जितने उसने बनाए भी नहीं. वैभव सूर्यवंशी, हरवंश सिंह, राहुल कुमार, आयुष म्हात्रे जैसे बल्लेबाजों से भरी भारत की अंडर 19 टीम ने मैच में कुल 25 छक्के और 37 चौके लगाए. इन 62 बाउंड्रीज



के दम पर भारत की अंडर 19 टीम ने 50 ओवर में 444 रन का विशाल स्कोर बनाया, जिसका पीछा करते हुए इंग्लैंड लायंस केवल 211 रन ही बना सकी. मतलब वो 231 रन से प्रैक्टिस मैच हार गए.

अब सवाल है कि 25 छक्के उड़ाने वाली भारत की अंडर 19 टीम की तरफ से किसने कितने रन बनाए? वैभव सूर्यवंशी ने कितने रन मारे? इंग्लैंड लायंस के खिलाफ 24 जून को खेले प्रैक्टिस मैच में आयुष म्हात्रे और वैभव सूर्यवंशी की ओपनिंग जोड़ी ज्यादा जमी नहीं. सिर्फ 9 रन पर ये पार्टनरशिप टूट गई. कप्तान आयुष म्हात्रे ने 1 रन बनाए. आयुष के जाने के बाद वैभव सूर्यवंशी भी ज्यादा देर रूके नहीं. मगर जब तक वो क्रीज पर रहे, अपनी मौजूदगी का एहसास खूब कराया. उन्होंने सिर्फ 13 गेंदों का सामना किया मगर उसमें भी एक छक्का और 2 चौके उनके बल्ले से देखने को मिले. उन्होंने 130 से ज्यादा की स्ट्राइक रेट से खेलते हुए 17 रन बनाए.

अब सवाल है कि ना आयुष चले ना वैभव सूर्यवंशी तो फिर भारत की अंडर 19 टीम ने कैसे 444 रन का स्कोर खड़ा कर दिया? तो इसका जवाब हैं हरवंशन सिंह, जिन्होंने 9वें नंबर पर उतरकर 9 छक्कों के साथ नाबाद 103 रन जड़े. हरवंश के अलावा राहुल कुमार ने 5 छक्के और 4 चौके के साथ 63 गेंदों पर 75 रन बनाए. कनिष्क चौहान ने 5 छक्के, 5 चौके के साथ 64 गेंदों में 79 रन ठोके तो वहीं आरएस अमबरीश ने 4 छक्के और 6 चौके के साथ 47 गेंदों में ही 72 रन ठोक दिए. इन 4 बल्लेबाजों के आतिशी खेल का ही नतीजा रहा कि मैच में भारत की अंडर 19 टीम की तरफ से 25 छक्के तो देखने को मिले ही, उसके अलावा 444 रन भी बनते दिखे.

### 27 जून से सीरीज का आगाज

भारत और इंग्लैंड की अंडर 19 टीम के बीच वनडे सीरीज की शुरुआत 27 जून से शुरू हो रही है. उससे पहले भारतीय बल्लेबाजों ने रनों की बारिश कर अपनी तैयारियों का ट्रेलर दिखा दिया है. वैभव सूर्यवंशी भले ही ज्यादा योगदान नहीं दे सके मगर वो ऐसे बल्लेबाज हैं जो कभी भी गियर बदल सकते हैं.

## संक्षिप्त समाचार



### आप सरकार में अस्पताल घोटाला भी हुआ? सौरभ भारद्वाज और सत्येंद्र जैन के खिलाफ जांच को मंजूरी

**नईदिल्ली, एजेंसी।** केंद्रीय गृह मंत्रालय ने दिल्ली के पूर्व स्वास्थ्य मंत्रियों सौरभ भारद्वाज और सत्येंद्र जैन के खिलाफ एसीबी जांच की मंजूरी दे दी। दोनों नेताओं पर दिल्ली सरकार के अस्पतालों से जुड़ी परियोजनाओं में देरी से संबंधित कथित घोटाले का आरोप है। दिल्ली के उप राज्यपाल वीके सक्सेना द्वारा जांच के लिए की गई सिफारिश के बाद सक्षम प्राधिकारी ने इसे मंजूरी दे दी है।

राजनिवास के सूत्रों के मुताबिक, एसीबी द्वारा इस घोटाले की जांच विजेन्द्र गुप्ता की ओर से 22 अगस्त 2024 को की गई शिकायत के आधार पर की जाएगी। शिकायत में कहा गया कि वर्ष 2018-19 में 24 अस्पताल परियोजनाओं को कुल मिलाकर 5590 करोड़ रुपये की मंजूरी दी गई थी, लेकिन बेवजह हुई देरी के चलते इनकी लागत में बढ़ोतरी हुई। आरोप है कि परियोजनों में यह देरी जानबूझकर की गई।

दिल्ली के पूर्व स्वास्थ्य मंत्रियों सौरभ भारद्वाज और सत्येंद्र जैन के खिलाफ एसीबी जांच की मंजूरी दे दी गई है। दोनों पर अस्पतालों से जुड़ी परियोजनाओं में घोटाले का आरोप है। आरोप के मुताबिक, कुल 6800 बिस्तर की क्षमता वाले सात आईसीयू अस्पतालों को सितंबर 2021 में छह महीने के भीतर पूर्व इंजीनियरिंग संचरनाओं के उपयोग से बनाया जाना था। जिसके लिए 1125 करोड़ रुपये की लागत मंजूर की गई थी। लेकिन, तीन साल से अधिक समय बीत जाने और 800 करोड़ की लागत के बाद भी इनका केवल 50 फीसदी काम ही पूरा हुआ।

इसी प्रकार, एनएलजेपी अस्पताल के न्यू ब्लॉक प्रोजेक्ट के लिए 465 करोड़ रुपये की लागत की मंजूरी दी गई थी। चार वर्षों में तीन गुना बढ़कर 1125 करोड़ रुपये हो गई। पालीक्लीनिक्स परियोजना भी भ्रष्टाचार के गठजोड़ के चलते पूरी नहीं हो सकी। स्वास्थ्य सूचना प्रबंधन प्रणाली को लागू करने में भी एक दशक से अधिक समय की देरी हुई। आरोप है कि इसे जानबूझकर रोका गया ताकि वित्तीय लेन-देन में अस्पष्टता बनी रहे।

### द्वारका एक्सप्रेसवे पर स्पीड मत पकड़िएगा; कैमरे रख रहे नजर, तुरंत कट जाएगा चालान



**नईदिल्ली, एजेंसी।** द्वारका एक्सप्रेसवे और दिल्ली-जयपुर हाईवे पर निर्धारित गति से अधिक रफ्तार से वाहन चलाने वालों का चालान अब सीसीटीवी कैमरों की मदद से कटेगा। भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण की तरफ से एकीकृत यातायात कमांड एवं नियंत्रण केंद्र का ट्रायल चल रहा है। अगले 15 दिन में ट्रायल पूरा हो जाएगा। अभी ट्रैफिक पुलिस मौजूद रहती है।

एनएचएआई ने उन्नत यातायात प्रबंधन प्रणाली के तहत द्वारका एक्सप्रेसवे और दिल्ली-जयपुर हाईवे पर 190 सीसीटीवी कैमरों को लगाया है। इस परियोजना पर एनएचएआई की तरफ से नियुक्त कंपनी दिल्ली और गुरुग्राम पुलिस के साथ मिलकर काम कर रही है। ट्रायल पूरा होने के बाद तेज रफ्तार वाहनों की जानकारी दिल्ली और गुरुग्राम पुलिस को अलग-अलग भेजी जाएगी।

ट्रायल के दौरान सामने आया है कि द्वारका एक्सप्रेसवे पर रोजाना 200 से अधिक वाहन निर्धारित गति से तेज वाहन दौड़ा रहे हैं। इससे सड़क हादसा होने का डर बना रहता है। एटीएमएस के तहत दिल्ली-जयपुर हाईवे और द्वारका एक्सप्रेसवे के 56.46 किमी हाइवे को शामिल किया है। इसमें दिल्ली-जयपुर हाईवे पर महिपालपुर से लेकर शिव मूर्ति से खेड़की दौला टोल प्लाजा तक 28 किमी का हिस्सा शामिल है। अधिकारी के मुताबिक एटीएमएस के माध्यम से सीट बेल्ट नहीं पहनने,हेलमेट नहीं पहनने,दुपहिया वाहन पर तीन लोगों की सवारी करना, गलत लेन में वाहन चलाना,मुख्य मार्ग पर दो पहिया वाहन चलाना,तेज गति से वाहन चलाना,गलत साइड से वाहन चलाना,मार्ग पर वाहन रोकना और गलत पार्किंग को यातायात उल्लंघन माना जाएगा।

# अब सरकारी सेवाएं आपके दरवाजे तक नहीं पहुंचेंगी, बीजेपी सरकार का नया प्लान




**नईदिल्ली, एजेंसी।** दिल्लीवालों को घर बैठे सरकारी सेवाएं पहुंचाने के लिए पिछली सरकार में शुरू हुई डोर स्टेप डिलीवरी योजना अब पूरी तरह बंद होने जा रही है। यह योजना पिछले साल से ही निष्क्रिय पड़ी थी और अब भाजपा सरकार इसे औपचारिक रूप से बंद करने जा रही है।

### खोले जाएंगे जन सेवा केंद्र

सूत्रों के मुताबिक, भाजपा सरकार डोर स्टेप डिलीवरी के बजाय घर के नजदीक मोहल्ले में जन सेवा केंद्र (सीएससी) खोलने की योजना बना रही है। विभाग ने इस योजना का कैबिनेट प्रस्ताव भी तैयार है। दिल्ली सरकार के एक वरिष्ठ अधिकारी के मुताबिक, नई सरकार राजधानी में जन सेवा केंद्र स्थापित करने की योजना बना रही है।

इन सेंटर्स के माध्यम से नागरिकों को मल्टी-डिपार्टमेंटल सेवाएं एक ही छत के नीचे मिलेंगी। हालांकि, उसके लिए आवेदनकर्ता तो 50 रुपये का सुविधा शुल्क चुकाना होगा। मगर इसके साथ यह सुनिश्चित किया जाएगा कि लोगों को समयबद्ध और बिना किसी रुकावट के ऑनलाइन सेवाएं उपलब्ध हो सकें। जन सेवा केंद्र जैसी योजना भाजपा शासित उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश समेत अन्य राज्यों में पहले से चल रही है।

भाजपा सरकार के मुताबिक, डोर स्टेप डिलीवरी के बजाय जन सेवा केंद्र लोगों के लिए ज्यादा उपयोगी होंगे। लोग अपनी सुविधानुसार अपने घर के नजदीक स्थित केंद्र पर जाकर उसका लाभ उठा सकें। शहरभर के मोहल्लों और बाजारों में यह सुविधा केंद्र खोले जाएंगे, जहां प्रशिक्षित स्टाफ नागरिकों की आवेदन प्रक्रिया में मदद करेंगे। इन केंद्रों के माध्यम से आय, जाति, निवास प्रमाणपत्र, ड्राइविंग लाइसेंस और वाहन पंजीकरण, पानी-बिजली से जुड़े बिल/सेवाएं, पेंशन और वृद्धावस्था योजनाएं, राशन कार्ड और आधार संबंधित सेवाएं भी मिलेंगी।

### यह है डोरस्टेप डिलीवरी योजना

पूर्व की आम आदमी पार्टी सरकार में वर्ष 2018 में डोर स्टेप डिलीवरी योजना की शुरुआत 40 सरकारी सेवाओं के साथ की गई थी। पिछले साल फरवरी से ही यह योजना जब निष्क्रिय हुई तब कुल ड्राइविंग लाइसेंस, जाति प्रमाणपत्र, पंजीकरण समेत अलग-अलग विभाग की 100 सेवाएं मिल रही थीं। इसके तहत लोगों को एक निश्चित शुल्क देकर घर बैठे आवेदन करने और सेवा पाने का सुविधा मिलती थी। कोविड के बाद से तकनीकी खामियों के चलते यह धीरे-धीरे निष्क्रिय हो गई। हालांकि, इस योजना के शुरू होने के बाद लाखों लोगों ने इसका लाभ उठाया था।

### दिल्ली में नई आबकारी नीति के लिए अभी इंतजार करना पड़ेगा

दिल्ली में नई आबकारी नीति के लिए अभी इंतजार करना पड़ेगा। नतीजतन, मौजूदा शराब नीति अभी लागू रहेगी। आधिकारिक सूत्रों के मुताबिक, मौजूदा नीति को सरकार अगले 3-6 महीने का विस्तार देने की तैयारी है। उम्मीद जताई जा रही थी कि मंगलवार को दिल्ली सरकार कैबिनेट बैठक में नई आबकारी नीति को लेकर चर्चा हो सकती है, लेकिन उसपर कोई चर्चा नहीं हुई है। सरकार के सूत्रों के मुताबिक अभी अगले तीन महीने नई आबकारी नीति लागू नहीं की जाएगी।

#### नई पॉलिसी पर काम शुरू करने के निर्देश

दरअसल मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने बीते दिनों मुख्य सचिव की अध्यक्षता में एक कमेटी का गठन करके नई आबकारी नीति पर काम शुरु करने को कहा था। मुख्य सचिव से जून के अंतिम सप्ताह तक एक रिपोर्ट सौंपने के लिए कहा था। मगर सूत्रों ने बताया कि मुख्य सचिव ने अभी तक नई आबकारी नीति की रुपरेखा को लेकर प्राथमिक रिपोर्ट भी नहीं सौंपी है। उन्होंने पूरी डिटेल रिपोर्ट व नीति बनाने के लिए अतिरिक्त समय मांगा है। यही वजह है कि नई आबकारी नीति को लेकर सरकार जल्दी में है।

#### तीन महीने के लिए पुरानी नीति बढ़ाने की योजना

दिल्ली में मौजूदा शराब नीति अगस्त 2022 में पिछली सरकार के दौरान लाई गई शराब नीति को लेकर उठे सवालों के बाद लागू हुआ था। मौजूदा शराब नीति में चार अलग-अलग एजेंसियां शराब की दुकानें चला रही है। वर्ष 2022 से बार-बार इसी नीति को आगे बढ़ाया जा रहा है क्योंकि नई आबकारी नीति तैयार नहीं हुई है। आखिरी बार 31 मार्च 2025 को इसे 30 जून तक के लिए बढ़ाया गया था।

### लुटियंस दिल्ली में 25 साल तक नहीं होगी पानी की दिक्कत, एनडीएमसी ने बनाया प्लान

**नईदिल्ली, एजेंसी।** नई दिल्ली नगर परिषद लुटियंस दिल्ली के पानी के नेटवर्क को नया रूप देने के लिए एक व्यापक स्टडी शुरू करने जा रही है। इसका मकसद अगले 25 साल के लिए एक मास्टरप्लान तैयार करना है। इस मास्टरप्लान के तहत नई दिल्ली एरिया में अगले 23 साल तक पानी की किल्लत नहीं होगी। एनडीएमसी ने 20 जून को इस प्रोजेक्ट के लिए कंसल्टेंट हायर करने का टेंडर जारी किया है, जिसकी प्रक्रिया 15 जुलाई तक पूरी होने की उम्मीद है। एनडीएमसी के उपाध्यक्ष कुलजीत सिंह चहल ने बताया, हमारा फोकस पुरानी पाइपलाइनों को अपग्रेड करने, रिसाव रोकने और स्मार्ट मीटर नेटवर्क जोड़ने पर है। विनय मार्ग और मोती बाग में 24×7 पानी की सप्लाई का पायलट प्रोजेक्ट शुरू हो चुका है, जिसे जल्दी अन्य क्षेत्रों में विस्तार मिले जाएगा।


**आजादी से पहले का है पानी का नेटवर्क :** लुटियंस दिल्ली कोई आम इलाका नहीं है। यहां राष्ट्रीय संस्थान, दफ्तर, होटल्स और 2.6-2 लाख की फ्लोइटंग पॉपुलेशन रोजाना आती-जाती है। एनडीएमसी की रिपोर्ट के मुताबिक, 42.7 वर्ग किमी के इस क्षेत्र में 2.25 लाख की स्थायी आबादी है। लेकिन दिक्कत यह है कि पानी का नेटवर्क आजादी से पहले का है। पुरानी पाइपें, अंडरग्राउंड रिजर्वायर और झुग्गी-झोपड़ियों तक सप्लाई की चुनौतियों को यह मास्टरप्लान हल करेगा।

**पानी की मांग और कमी का गणित :** लुटियंस दिल्ली में रोज़ाना 148 मिलियन लीटर पानी की जरूरत है, लेकिन दिल्ली जल बोर्ड से सिर्फ 125 मिलियन लीटर मिलता है। दिल्ली में पानी की कमी 250 मिलियन गैलन प्रतिदिन है, जिसका असर गर्मियों में यहां भी दिखता है। एनडीएमसी 18 इनलेट पॉइंट्स और चार वॉटर ट्रीटमेंट प्लांट्स के जरिए दिल्ली जल बोर्ड से कच्चा पानी लेता है। मास्टरप्लान में अतिरिक्त स्टोरेज और बैकअप सिस्टम पर जोर होगा।

**स्मार्ट मीटर्स और हाई-टेक सिस्टम :** एनडीएमसी ने 31 करोड़ रुपये की लागत से सभी पुराने मैकेनिकल मीटर्स को स्मार्ट मीटर्स में बदलने का फैसला किया है।

# रोमिल का 8 महीने में ही बन गया था खौफ, 3 राज्यों में थी तलाश, 3 लाख से ज्यादा का इनाम





**नईदिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली पुलिस स्पेशल सेल और हरियाणा एसटीएफ की संयुक्त टीम ने मंगलवार तड़के हरियाणा-दिल्ली सीमा पर हुई मुठभेड़ में तीन लाख के इनामी बदमाश रोमिल वोहरा को मार गिराया। इस दौरान दिल्ली और हरियाणा पुलिस के एक-एक जवान घायल हो गए। मारा गया रोमिल, बैंकॉक से प्रत्यर्पित गैंगस्टर वीरेंद्र प्रताप उर्फ काला राणा और नोनी राणा गिरोह का सक्रिय सदस्य था। वह कुरुक्षेत्र के शराब कारोबारी शांतनु हत्याकांड, यमुनानगर में तिहरे हत्याकांड और जबरन वसूली समेत कई मामलों में वांछित था। स्पेशल सेल के एडिशनल सीपी प्रमोद सिंह कुशवाहा के अनुसार, 23 जून को हरियाणा एसटीएफ को सूचना मिली थी कि रोमिल दिल्ली में किसी वारदात को अंजाम देने आ रहा है। इसके बाद हरियाणा एसटीएफ और दिल्ली पुलिस की संयुक्त टीम ने इलाके में निगरानी शुरू की। मंगलवार सुबह हरियाणा-दिल्ली सीमा पर पुलिस ने उसे रोका, लेकिन उसने पुलिस टीम पर फायरिंग कर दी और भागने लगा। जवाबी कार्रवाई में रोमिल घायल हो गया। उसे अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। हरियाणा पुलिस ने रोमिल पर 3.10 लाख का इनाम रखा था। यमुनानगर निवासी और महज 20 साल का रोमिल, बीते दो महीनों में हरियाणा में कई हत्याओं में शामिल रहा है। वह दिल्ली में दर्ज आर्म्स एक्ट के मामले में भी वांछित था। साथ ही पंजाब और हरियाणा में कई गोलीबारी की वारदातों में भी उसका नाम सामने आया है। कुख्यात काला राणा-नोनी राणा गिरोह से जुड़ा रोमिल, विदेश से निर्देश मिलने पर हत्याओं को अंजाम देता था। यमुनानगर तिहरे हत्याकांड में उसकी भूमिका की पुष्टि हुई थी।

**तीन राज्यों की पुलिस को थी रोमिल की तलाश :** रोमिल की तलाश हरियाणा के अलावा दिल्ली और पंजाब पुलिस को भी थी। रोमिल वोहरा ने पंजाब में भी वारदातों को अंजाम दिया है। इस कारण पंजाब पुलिस में भी उसकी तलाश में जुटी थी। उस पर मोहाली के सेक्टर-71 में एक प्रसिद्ध फिल्म प्रोड्यूसर के घर के बाहर अपने साथी के साथ मिलकर फायरिंग करने का आरोप था। उसके एक साथी पंजाब पुलिस पहले ही दबोच चुकी है। रोमिल तभी से फरार चल रहा था।

**गैंग में शामिल होते ही ताबड़तोड़ वारदातें कीं :** यमुनानगर के कासापुर अशोक विहार निवासी 20 वर्षीय रोमिल वोहरा पर हत्या, जबरन वसूली और फायरिंग के आठ से ज्यादा मामले दर्ज हैं। बताया जाता है कि वह आठ महीने पहले ही काला राणा और नोनी राणा गैंग से जुड़ा था। गैंग में शामिल होने के बाद उसने ताबड़तोड़ चार हत्याएं कीं और इलाके में दहशत फैला दी। उसकी बढ़ती आपराधिक गतिविधियों से पुलिस और स्थानीय लोग दोनों परेशान थे।

**गैंगस्टर काला राणा पर 28 मामले दर्ज हैं :** गैंगस्टर वीरेंद्र प्रताप उर्फ काला राणा पर हरियाणा में 28 गंभीर आपराधिक मामले दर्ज हैं। उसने अपराध की शुरुआत मार्च 2013 में यमुनानगर में कार लूट की वारदात से की थी। काला राणा ने हरनम सिंह के नाम से फर्जी पासपोर्ट बनवाया और वेश बदलकर थाईलैंड भाग गया था।

### बेरूत की सड़कों पर ईरान समर्थकों का जश्न, खामेनेई के सामने ट्रंप को घुटनों पर दिखाते पोस्टर

**बेरूत , एजेंसी।** ईरान और इजरायल के बीच 12 दिनों तक चला भीषण सैन्य संघर्ष अब थम चुका है। मंगलवार सुबह अमेरिकी मध्यस्थता से हुए युद्धविराम के बाद दोनों देशों ने हमले रोक दिए हैं। यह संघर्ष भले ही सीमित अवधि का रहा हो, लेकिन इसके प्रभाव दीर्घकालिक और गहरे हैं।

**जीत का जश्नः खाड़ी और लेबनान में जश्न का माहौलः** ईरान समर्थक संगठनों और क्षेत्रों में इस संघर्ष को जीत के रूप में देखा जा रहा है।



लेबनान की राजधानी बेरूत के दक्षिणी उपनगर दहीयेह, जो हिजबुल्लाह का गढ़ माना जाता है, में सड़कों पर बैनर लगाए गए जिनमें लिखा थाः ईरान ने इजरायल को युद्ध में पछाड़ दिया।

एक पोस्टर में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को ईरानी सर्वोच्च नेता आयतुल्ला खामेनेई के आगे घुटनों पर दिखाया गया।

**मिसाइल और ड्रोन हमलों की तीव्रताः** इजरायल के मुताबिक, ईरान ने इस संघर्ष के दौरान 550 से अधिक बैलिस्टिक मिसाइलें दागीं।

लगभग 1,000 ड्रोन भी लॉन्च किए गए, जिनमें से अधिकांश को इजरायल के एयर डिफेंस सिस्टम ने इंटरसेप्ट कर लिया, लेकिन कुछ मिसाइलें और शार्पनेल इजरायली इलाकों में गिरकर भारी नुकसान कर गईं।

इजरायली टैक्स अथॉरिटी के अनुसार, इस हमले से हुई संपत्ति की क्षति ने 7 अक्टूबर 2023 से अब तक के हमास, हिज़्बुल्लाह और हूथी हमलों के कुल नुकसान को दोगुना कर दिया है। अब तक 40,000 से अधिक लोगों ने मुआवजे के दावे दर्ज किए हैं। अनुमान है कि यह आंकड़ा 50,000 से अधिक तक पहुंच सकता है। क्षति का कुल मूल्य लगभग 5 अरब न्यू शेकेल (1.47 अरब डॉलर) आंका गया है।

**प्रभावित इन्फ्रास्ट्रक्चरः घरों से फैक्ट्रियों तकः** दर्जनों अपार्टमेंट, कारखाने और वाणिज्यिक भवन इस हमले में नष्ट हो गए हैं। कई फैक्ट्रियाँ अभी भी अपने नुकसान का आकलन कर रही हैं।

### सीजफायर के एक दिन बाद ईरान का कड़ा एक्शनः 3 इजराइली जासूसों को दी फांसी, 700 अन्य गिरफ्तार

**तेहरान , एजेंसी।** ईरान और इजराइल के बीच अमेरिका की मध्यस्थता से 12 दिन बाद सीज़फ़ायर लागू होने के एक दिन बाद ही ईरान ने सुरक्षा प्रतिबंध कड़ी करते हुए मोसाद से जुड़े तीन आरोपियों को फांसी पर लटका दिया और लगभग 700 अन्य लोगों को गिरफ्तार किया।दोनों ही कदमों ने सीज़फ़ायर की नाजुकता और तनावग्रस्त माहौल को उजागर किया है। फांसी और गिरफ्तारियों ने स्पषित संदेश भेजा है कि ईरान आंतरिक सुरक्षा में पूरी तरह नियंत्रण चाहता है, भले ही यह सीज़फ़ायर को प्रभावित करे। ईरानी न्यायपालिका की आधिकारिक एजेंसी 'मिज़ान' ने बताया कि 3 पुरुषों को इज़राइल की खुफिया एजेंसी मोसाद के साथ काम करने और हत्या के लिए उपकरण तस्करी के दोषी करार देने के बाद फांसी दी गई । इसी दौरान, ईरान में राज्य समर्थित मीडिया के अनुसार लगभग 700 लोगों को इज़राइल के साथ कथित संबंधों के आधार पर गिरफ्तार किया गया। यह कार्रवाई सीज़फ़ायर लागू होने के बाद की गई, जिससे इस समझौते की स्थिरता पर सवाल उठते हैं । यूएस दूत स्टीव विटकोफ़ ने कहा कि बातचीत प्रॉमिसिंग हैं और लंबे समय तक चले संघर्ष के बाद स्थायी शांति की दिशा में कदम बढ़ाया जा सकता है। ईरान और इजराइल संघर्ष में ईरान में लगभग 610 लोग मारे गए, जबकि इज़राइल में 28 की जान गई है। तेल की कीमतों में उतार-चढ़ाव देखने को मिला, क्योंकि सीज़फ़ायर से होर्मुज जलडमरूमध्य में तेल की आवाज़ाही पर अप्रत्यक्ष असर पड़ा ।

# तुर्की की सेना में भरे राष्ट्रपति एर्दोगन के विरोधी, अब 158 सैनिकों को जेल में डाला

**इस्तांबुल, एजेंसी।** तुर्की पुलिस ने मंगलवार को 158 सैन्य कर्मियों को गिरफ्तार किया। इन सैनिकों पर 2016 के असफल तख्तापलट की साजिश रचने के आरोपी फतेहुल्लाह गुलेन से संबंध होने का संदेह है। इस्तांबुल में सरकारी वकील के कार्यालय ने यह जानकारी दी। गुलेन एक धार्मिक नेता थे और 2024 में उनका निधन हो चुका है। वे कभी राष्ट्रपति रेसेप तईप एर्दोगन के करीबी सहयोगी थे, लेकिन बाद में दोनों कट्टर विरोधी बन गए।

गुलेन 1999 में अमेरिका चले गए थे और कभी तुर्की वापस नहीं लौटे। तुर्की सरकार का आरोप है कि गुलेन का हिजमत आंदोलन देश में एक समांतर राज्य की स्थापना की कोशिश कर रहा था। इसी आरोप में 2016 के बाद से अब तक करीब 26,000 लोगों को हिरासत में लिया जा चुका है। इनमें से 9,000 से अधिक लोगों को जेल भेजा गया है।

ताजा गिरफ्तारियों में मुख्य रूप से सेना के सदस्य शामिल हैं। इनमें कई बड़े सैन्य अधिकारी भी शामिल हैं जिन्हें राष्ट्रपति एर्दोगन का विरोधी माना जाता है। साथ ही



यह भी बताया गया कि 18 अन्य सैन्यकर्मियों की तलाश अभी भी जारी है। गौरतलब है कि मई के अंत में भी सेना के करीब 50 सदस्यों को इसी सिलसिले में गिरफ्तार किया गया था। इसके अलावा, मई में ही 65 सैनिकों और पुलिस अधिकारियों को गुलेन से संबंधों के संदेह में हिरासत में लिया गया था। तुर्की सरकार ने गुलेन के अनुयायियों को वैश्विक स्तर पर निशाना बनाने की कसम खाई है, और यह कार्रवाई उसी दिशा में एक कदम है। तुर्की सरकार हिजमत आंदोलन को आतंकी संगठन घोषित कर चुकी है।

2016 के तख्तापलट के प्रयास के बाद तुर्की में बड़े पैमाने पर छंटनी और गिरफ्तारियां देखी गई हैं। सरकार ने इस घटना के लिए गुलेन के आंदोलन को जिम्मेदार ठहराया था, जिसे तुर्की ने फतेहुल्लाहवादी आतंकी संगठन के रूप में नामित किया है। तब से, हजारों सैन्य कर्मियों, सिविल सेवकों, शिक्षकों और न्यायाधीशों को नौकरी से हटाया गया या गिरफ्तार किया गया है।

यह ताजा कार्रवाई तुर्की में चल रहे राजनीतिक और सैन्य तनाव को दर्शाती है, जहां सरकार अपने विरोधियों के खिलाफ सख्त रुख अपनाए हुए है। हालांकि, कुछ आलोचकों का कहना है कि इन गिरफ्तारियों का इस्तेमाल राजनीतिक विरोधियों को दबाने के लिए किया जा रहा है, जिससे देश में लोकतंत्र और कानून के शासन को लेकर चिंताएं बढ़ रही हैं।

इस बीच, तुर्की में विपक्षी दलों ने सरकार की इस कार्रवाई की आलोचना की है और इसे राजनीति से प्रेरित बताया है। इस्तांबुल के मेयर एकरेम इमामोग्लू एर्दोगन के प्रमुख राजनीतिक प्रतिद्वंद्वी हैं, उनकी हालिया गिरफ्तारी ने भी देश में बड़े पैमाने पर विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिए हैं, जिससे तुर्की की राजनीतिक स्थिति और अधिक जटिल हो गई है।

## संक्षिप्त समाचार

### आस्था ज्वेलर्स में डकैती मामले का 24 घंटे में उद्भेदन

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** भाजपा के पूर्व बोकारो जिला उपाध्यक्ष कमलेश राय ने बोकारो जिला पुलिस के कप्तान व उनकी पूरी टीम को हृदय की गहराइयों से बधाई दी है। चास के बाईपास रोड स्थित आस्था ज्वेलर्स में डकैती डालने वाले डकैतों को 24 घंटे से भी कम समय में दबोचने वाली पुलिस टीम के साथ-साथ उनके कप्तान हरविन्दर सिंह को बहुत-बहुत बधाई। पुलिस की इस कार्रवाई से बोकारो की जनता के मन में सुरक्षा का भाव भरा है। आशा ही नहीं पूर्ण विश्वास है की बोकारो पुलिस की टीम अपने वर्तमान कप्तान की अगुवाई में इसी तरह भविष्य में अपनी कार्यप्रणाली से अपराधियों के मन में खौफ पैदा करते रहेगी।

### जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने किया ईवीएम वेयर हाउस का निरीक्षण

**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त आदित्य रंजन ने बुधवार को राजनीतिक दलों के साथ कोहिनूर मैदान स्थित ईवीएम वेयर हाउस का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने ईवीएम व वीवीपैट कक्ष का सील, सुरक्षा, सीसीटीवी कैमरे, अग्निशमन यंत्र सहित पूरे परिसर



का निरीक्षण किया। साथ ही रख-रखाव एवं सुरक्षा व्यवस्था को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। निरीक्षण के बाद जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने बताया कि सभी राजनीतिक दलों के साथ यह ईवीएम वेयरहाउस का तिमाही निरीक्षण है। मौके पर उप निर्वाचन पदाधिकारी कालिदास मुंडा, भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के सोनु दुबे, भारतीय जनता पार्टी के नरेन्द्र त्रिवेदी, आजसू के रतिलाल महतो, आम आदमी पार्टी के अरविंद कुमार, बहुजन समाज पार्टी के अभय कुमार, निर्वाचन शाखा के सागर कुमार (भजोहरि) एवं अन्य कर्मी मौजूद थे।

### रथ यात्रा का आयोजन

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** इस्कॉन बोकारो की तरफ से शुक्रवार यानी 27 जून को रथ यात्रा का आयोजन किया जाएगा। यह रथ यात्रा बोकारो हवाई अड्डे से शुरू होकर चास के मगध बैंकट हॉल तक पहुंचेगी। जहां भगवान श्री जगन्नाथ जी का मौसी बड़ी बनाया गया है। जहां 5 जून तक लाखों की संख्या में श्रद्धालु प्रसाद ग्रहण करेंगे ।पिछले 6 वर्ष तक चंदनकियारी में यह रथ यात्रा आयोजित हुई थी। पिछले दो वर्षो से चास में इसका आयोजन किया जा रहा है। इसकी जानकारी देते हुए बोकारो इस्कॉन के संचालक जगन्नाथ दास में बताया कि रथ यात्रा के 9 दिन में प्रतिदिन भगवान जगन्नाथ को 56 भोग अर्पित होगा एवं प्रतिदिन भगवान को नई पोशाक अर्पण होंगे।

### भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन

**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** भारतीय रेडक्रास सोसाइटी धनबाद एवं एसबीआई बीआरओ धनबाद रूरल के संयुक्त तत्वावधान में रक्तदान कैंप मेमको मोड़ स्थित प्रांगण में एसबीआई बैंक के 70वें फाउंडेशन के उपलक्ष्य में आयोजित किया गया। जिसमें भारतीय रेडक्रास समिति धनबाद के चेयरमैन कौशलेंद्र कुमार सिंह, चेयरमैन सलाहकार कुमार मधुरेन्द्र सिंह , नोडल पदाधिकारी ब्लड डोनेशन प्रोग्राम बेनजीर परवीन, नोडल पदाधिकारी वाहन



अनिल भगत, रंजीत कुमार सिंह आजीवन सदस्य सिंदरी क्षेत्र, आजीवन सदस्य सुजीत कुमार, आजीवन सदस्य इरशाद आलम, एसबीआई की तरफ से निर्मल कुमार रीजनल मैनेजर, सुभाष कुमार, संजय कुमार वर्मा,ईशा सिंह, संगीता कुमारी, सुमन कुमारी ने आयोजन में अपनी सहभागिता सुनिश्चित की। कैंप में 44 युनिट रक्त संग्रह किया गया और सभी एसएनएमएमसीएच धनबाद ब्लड बैंक को सुपुर्द किया गया ब्लड बैंक, से अशोक कुमार , संजीव , विष्णु, राजु, साहनी एवं अन्य ने अपनी सहभागिता सुनिश्चित की है।

### बंद खदान क्षेत्र से अवैध रूप से भंडारित लगभग 16 हजार घन फीट बालू जब्त

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** जिला खनन पदाधिकारी रवि कुमार सिंह के निदेर्शानुसार मंगलवार को चास मुफ्फसिल थाना क्षेत्र के पुपुनकी, आश्रम रोड स्थित बंद खदान के समीप छापामारी अभियान चलाया गया। इस



दौरान टीम को उक्त स्थल पर अवैध रूप से लगभग 16,000 घनफीट बालू खनिज भंडारित पाया गया, जिसे विधिवत रूप से जब्त कर चास मुफ्फसिल थाना को सुपुर्द किया गया। इस संबंध में थाना में प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। उक्त छापामारी अभियान में खान निरीक्षक जितेन्द्र कुमार महतो, खान निरीक्षक श्री सीताराम टुडू, पु.अ.नि. रवि कुमार भारती, चास मुफ्फसिल थाना के अन्य पुलिसकर्मी एवं सुरक्षा बल सक्रिय रूप से मौजूद रहे। डीएमओ ने कहा कि प्रशासन की ओर से अवैध खनन एवं भंडारण के विरुद्ध सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

# शिक्षण संस्थान/सरकारी कार्यालय/अस्पताल एवं कोर्ट परिसर में धुम्रपान का उपयोग एवं तम्बाकू खाकर थूकने पर हो सकता है जुर्माना : जिला परामर्शी

**उक्त बाते कोटपा-2003 के तहत बोकारो स्टील सिटी अंतर्गत सेक्टर-12 थाना क्षेत्र में चलाए गए छापामारी अभियान के दौरान कही गई...**

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** दिनांक 25 जून, 2025 को उपायुक्त अजय नाथ झा के आदेशानुसार सिविल सर्जन डॉ अभय भूषण प्रसाद के निर्देशन एवं सेक्टर 12 थाना प्रभारी सुभाष चन्द्र सिंह के सहयोग से तंबाकू उत्पाद अधिनियम-2003 की धारा 4 व 6ए, 6बी के तहत विशेष जांच अभियान सेक्टर 12 थाना क्षेत्र के पुलिस लाईन, एलएच रोड एवं बारी कॉपरेटिव की कुल 84 दुकानों की जांच की गई, जिसमें 26 दुकानों/व्यक्तियों द्वारा कोटपा कानून उल्लंघन करते हुए पाया गया, जिनसे अर्थदंड के रूप में कुल 4200 रुपए की वसूली की गई। जिला परामर्शी मो असलम के द्वारा बताया गया कि छापामारी के दौरान विशेष रूप से स्कूल के आसपास यानी स्कूल के 100 मीटर के दायरे में आने वाले सभी दुकानों की जांच की गई साथ ही सभी दुकानदारों को सुझाव दिया गया कि शिक्षण संस्थान/सरकार कार्यालय/अस्पताल एवं कोर्ट परिसर के 100 मीटर के दायरे में धुम्रपान/



तम्बाकू उत्पाद का उपयोग एवं तम्बाकू खाकर थूकने पर 1000 रुपए तक का जुमार्ना हो सकता है।

***कोटपा झारखण्ड संशोधन अधिनियम 2021 के तह अब 18 वर्ष से कम आयु की समय सीमा 21 वर्ष कर दी गई-***

कोटपा-2003 की धारा-7 की उपधारा (2) के अनुसरण के तहत झारखण्ड राज्य में विनिर्दिष्ट चेतावनी (कैंसर वाला चित्र) के बिना किसी भी प्रकार के तम्बाकू उत्पाद/सिगरेट/खुली सिगरेट की बिक्री पर पूर्ण प्रतिबंध है। उक्त अधिनियम की धारा-7 की उपधारा-2 का उल्लंघन कोटपा-2003 की धारा 20 के अन्तर्गत दन्डनीय अपराध है। इस लिये सभी दुकानदारो को चेतावनी दी जाती है कि सिंगल सिगरेट की बिक्री न करें अन्यथा कोटपा-2003 की धारा 7 के तहत कार्रवाई की जायेगी। साथ ही सभी दुकानदारों को सूचित किया जाता है कि कोटपा झारखण्ड संशोधन अधिनियम 2021 के तह अब 18 वर्ष से कम आयु की समय सीमा 21 वर्ष कर दी गई है। यानी कोटपा 2003 की धारा 6ए के तहत 21 वर्ष के बच्चों को तम्बाकू उत्पाद न बेचे और न बेचेवाय। छापामारी के दौरान स्वास्थ्य विभाग से जिला छापामारी दल के सदस्य मो0 असलम जिला परामर्शी तम्बाकू नियंत्रण कार्यक्रम व सेक्टर 12 थाना से छापामारी दल के सदस्य प्रवीन सांगा व उनकी दल उपस्थित थे।

# रोटरी के संस्थापक पॉल हैरिस की प्रतिमा की स्थापना

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** रोटरी इंटरनेशनल के प्रतिष्ठित पूर्व डिस्ट्रिक्ट गवर्नर रोटेरियन बाघ सिंह पन्नू ने आज रोटरी क्लब ऑफ बोकारो स्टील सिटी के क्लब परिसर में पॉल हैरिस की 278वीं प्रतिमा का अनावरण किया। उनके साथ अध्यक्ष रोटेरियन महेश कुमार गुप्ता, प्रथम महिला रोटेरियन अल्का गुप्ता तथा क्लब के अन्य कई वरिष्ठ सदस्य इस ऐतिहासिक पल के साक्षी बने। यह पहली पॉल हैरिस प्रतिमा है जो रोटरी डिस्ट्रिक्ट 3250 (झारखंड व बिहार) में स्थापित की गई है और यह इस आयोजन को और भी विशेष बनाती है। रोटेरियन पन्नू द्वारा आरंभ की गई यह इंटर-डिस्ट्रिक्ट मल्टी-क्लब अनावरण श्रृंखला, रोटरी के संस्थापक पॉल हैरिस की स्मृति को समर्पित है। वे अब तक 19 राज्यों और 2 केंद्र शासित प्रदेशों के 18



रोटरी जिलों में 278 प्रतिमाएं स्थापित कर विश्व कीर्तिमान बना चुके हैं। अनावरण समारोह दोपहर 12:30 बजे सम्पन्न हुआ, जिसके उपरांत सभी सदस्यों ने सौहार्दपूर्ण रोटरी फेलोशिप एवं सहभोज का आनंद लिया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से पूर्व डिस्ट्रिक्ट गवर्नर रो. महेश केजरीवाल, रो. पुष्पा केजरीवाल, रो. अल्का गुप्ता, रो. (डॉ) आर एन प्रधान, रो. प्रदीप नारायण, रो. कुंजला नारायण, रो. प्रदीप रे, रो. अशोक तनेजा, रो. अशोक केडिया, रो. मन्नू श्रीवास्तव, रो. हरपाल सिंह, रो. (डॉ) अनिल त्रेहान, रो. अभय गिरी, रो. सीमा गिरी, रो. नरेश लोधा एवं क्लब केअन्य सदस्य उपस्थित थे।

### बीजीएच में विजिटिंग आवर के समय आरआईएफडी कार्ड की नहीं है आवश्यकता : प्रेम कुमार


**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** भारतीय इस्पात कर्मचारी संघ का एक प्रतिनिधिमंडल, कार्यवाहक महामंत्री प्रेम कुमार के नेतृत्व मे बोकारो जेनरल हॉस्पिटल के मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी प्रभारी, विभूति भूषण करुणामय से वार्ता हुई ' जिसमे भारतीय इस्पात कर्मचारी संघ के मुद्दे पर सहमति बनी मरीजों के परिजनों से मिलने के समय को (विजिटर ऑवर) अगले



सप्ताह से PFRID कार्ड से मुक्त कर दिया जायेगा, लेकिन इसके आलावा अन्य समय मे PFRID कार्ड लागु रहेगा। डॉक्टरों, नर्सो और बीजीएच के कर्मचारियों को व्यवहार कुशल बनाये रखने को कहा गया। बीजीएच और ओएचएस में स्पेशलिस्ट ईएनटी, हार्ट के डॉक्टरों की नियुक्ति की प्रक्रिया चल रही है। ओएचएस मे जल्द ही ईएनटी और हार्ट के डॉक्टर दिए जायेंगे। ओएचएस में रविवार को भी फार्मासिस्ट देने पर सहमति बनी है। बैठक मे मुख्य रूप से संघ के सुरेंद्र महतो, शम्भू कुमार, मुकेश कुमार, सुशील कुमार सिंह, एन के सिंह और धर्मेंद्र मल्लाह शामिल रहे।

### सांसद चंद्र प्रकाश चौधरी ने सीएमडी से मुलाकात कर 21 सूत्री मांगों को ले की विस्तृत चर्चा

**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** सांसद चन्द्रप्रकाश चौधरी ने कोयला भवन , धनबाद में बीसीसीएल के सीएमडी से मुलाकात कर ब्लॉक -2 के विस्थापितों के लिए मुआवजा, नियोजन, स्वास्थ्य, शिक्षा, बिजली, सड़क व आमजनों की सुरक्षा एवं प्रदूषण पर नियंत्रण, कोयले के ट्रांसपोर्टिंग में अनियमितता, कोयला चोरी, मैन्युअल लोडिंग, प्रशिक्षु अप्रेंटिस की बहाली सबंधित विभिन्न विषयों व 21 सुत्री मांगों को लेकर सकारात्मक वार्ता की । इसके साथ



हिलटॉप हायरिंग प्राइवेट लिमिटेड द्वारा अवैधानिक तरीके से काम किए जाने पर आपत्ति जतायी और काम रोकने का आदेश दिया । जिसके फलस्वरूप बीसीसीएल सीएमडी ने तुरंत हिलटॉप कंपनी द्वारा किए जा रहे कार्य को बंद कराया । कोयला चोरी पर रोक लगाने के लिए भी जरूरी दिशा निर्देश दिए । और 15 दिनों के अंदर कोयला चोरी पर रोक एवं अन्य मांगों पर अनुपालन करने का दिशा निर्देश भी दिया क्यूंकि नरेंद्र मोदी के विकसित भारत के संकल्प को पूरा करने में सभी का योगदान जरूरी है।

# आपातकाल के 50 वर्ष पूर्ण होने पर भाजपा ने 'संविधान हत्या दिवस' मनाया

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** 1975 में तत्कालीन कांग्रेस सरकार द्वारा देश में लगाए गए आपातकाल के 50 वर्ष पूर्ण होने पर भाजपा आज 'संविधान हत्या दिवस' के रूप में मना रही है। बोकारो जिला भाजपा द्वारा बोकारो स्थित पूर्व विधायक बिरंची नारायण के आवास पर आपातकाल पर एक विशेष संगोष्ठी का आयोजन की गई, जिसमे बतौर मुख्य अतिथि एवं वक्ता पूर्व मंत्री नीलकंठ सिंह मुंडा , गोड्डा के पूर्व विधायक अमित मंडल, निवर्तमान सांसद रविन्द्र पांडेय,शशि भूषण ओझा मुकुल, पूर्व जिला अध्यक्ष भरत यादव, आरती राणा, अर्चना सिंह ,ईश्वर चंद्र प्रजापति,सहित जिले के वरिष्ठ नेता मौजूद रहे। जिला अध्यक्ष जयदेव राय ने सभी अतिथियों का स्वागत व अभिनंदन किया। कार्यक्रम का संचालन जिला महामंत्री संजय त्यागी ने की। पूर्व मंत्री नीलकंठ सिंह मुंडा ने कहा कि 25 जून को देश के लोकतांत्रिक इतिहास में काला दिवस के रूप में जाना जाता है। तत्कालीन कांग्रेस सरकार ने देश पर जबरिया आपातकाल थोप कर लोकतंत्र का गला घोटने का कुकृत्य किया था। आपातकाल के दौरान जनता की अभिव्यक्ति की आजादी छीन ली गयी थी, आपातकाल के विरोध में उठने वाली हर आवाज को निर्ममता से दबा






कर नागरिकों के मौलिक अधिकारों का हनन किया गया थाला दिवस के रूप में जाना जाता है। तत्कालीन कांग्रेस सरकार ने देश पर जबरिया आपातकाल थोप कर लोकतंत्र का गला घोटने का कुकृत्य किया था। आपातकाल के दौरान जनता की अभिव्यक्ति की आजादी छीन ली गयी थी, आपातकाल के विरोध में उठने वाली हर आवाज को निर्ममता से दबा कर नागरिकों के मौलिक अधिकारों का हनन किया गया था। कांग्रेस ने 62 बार संविधान में संशोधन/परिवर्तन किया!! नेहरू: 16 बार, इंदिरा गांधी: 31 बार, राजीव गांधी: 11 बार, इंदिरा गांधी ने तो 50 बार राज्य सरकारों को निलंबित भी किया। कांग्रेस के कथाकथित राजकुमार राहुल गांधी आज संविधान बचाओ यात्रा कर कांग्रेस की कुर्तियों को छुपाने का काम कर रहे हैं। उनको बताना चाहिए संविधान को भाजपा को कैसे डर जबकि कांग्रेस ने सत्ता अपने हित के लिए 62 बार से अधिक संशोधन किए। पूर्व विधायक अमित मंडल ने कहा कि देश में आपातकाल 25 जून 1975 को लगा था, जिसके 50 वर्ष पूरे होने के मौके पर बुधवार को भाजपा देशभर में संविधान हत्या दिवस का आयोजन करेगी। भाजपा विभिन्न जिलों में कार्यक्रमों आयोजन के जरिए लोगों को आपातकाल के काले दौर की याद दिलाई जा रही। अगस्त 2023 तक, 1951 में पहली बार अधिनियमित होने के बाद से भारत के संविधान में 106 संशोधन हुए हैं। भारत के संविधान में तीन प्रकार के संशोधन हैं जिनमें से दूसरे और तीसरे प्रकार के संशोधन अनुच्छेद 368 द्वारा शासित हैं। निवर्तमान सांसद रविन्द्र पांडेय ने कहा कि कांग्रेस ने आपातकाल लाकर देश को बदनाम किया । निजी हित को पटल में लाने के लिए देश को आपतकाल थोपा । आज 50 साल हो गए आपातकाल के जिन्होंने इस काल को देखा उनके लिए सबसे बुरे दिन। आज भी उस दिन को याद कर आंखों में आशु आ जाते। अतिथियों द्वारा आपातकाल के काले अध्याय संगोष्ठी के उपरांत एक पेड़ माँ के नाम पौधरोपण किया गया। संगोष्ठी में कमलेश राय, विक्रम पाण्डेय, संजय सिंहा,धीरज झा, अनिल स्वर्णकार, अर्चना सिंह, रामलाल सोरेन, माथुर मंडल, विनय आनंद, श्रवण सिंह, संजय सिंह,महेंद्र राय, अमर स्वर्णकार, बिक्की राय, हरीश चंद्र सिंह, धनंजय चौबे, हरिपद गोप, बबलू चौबे,अविनाश सिंह,अनिल सिंह, ऋषभ राय, सुभाष सिंह, प्रकाश दास, सुनीता दास,ब्रज दुबे,रघुनाथ टुडू, राजीव मालाकार, गोलू उपाध्याय, पन्नालाल कांडू, राकेश राम, राजेश घोषाल,धर्मेंद्र महथा ,श्यामनाथ मंडल, अरविंद राय, चक्रधर शर्मा, भूतनाथ माहथा, मीनाक्षी सिंह, प्रकाश प्रामाणिक, सुजीत चक्रवर्ती, के के बोराल, विपिन कुमार,अवधेश यादव उमेश शर्मा, ,जितेंद्र गोस्वामी,कुलदीप महथा, ओम प्रकाश गुप्ता, बुद्धेश्वर घोषाल , शिवशंकर राय, चंद्रशेखर सिंह, गोविंद गोप, पीयूष गौरव, कुणाल कश्यप, मारुति नंदन, ऋषभ झा, संतोष सिंह आदि मौजूद रहे।

# 'स्वस्थ जीवन शैली' विषय पर मानव संसाधन विकास विभाग ने किया व्याख्यान का आयोजन

**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** सीएसआईआर-केंद्रीय खनन एवं ईंधन अनुसन्धान सस्थान, मे "वर्तमान स्वास्थ्य देखभाल चुनौतियाँ और स्वस्थ जीवन शैली" विषय पर मानव संसाधन विकास विभाग द्वारा, सिम्फर निदेशक प्रो. (डॉ) अरविन्द कुमार मिश्रा के अध्यक्षता में एक व्याख्यान का आयोजन किया गया, जिसमे विज्ञान भारती के राष्ट्रीय कार्यकारिणी के सदस्य प्रो.(डॉ.) जी एस तोमर ने अपना व्याख्यान दिया ककार्यक्रम की शुरूआत भगवान धन्वन्तरी की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर किया गया । बतौर मुख्य वक्ता आरोग्य भारती के राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य प्रो. (डॉ.) जी एस तोमर ने बताया कि आरोग्य भारती स्वास्थ्य संरक्षण एवं संवर्धन के क्षेत्र में कार्य कर रहा एक देश व्यापी संगठन है । काश्मीर से कन्याकुमारी तक लगभग सभी जिलों में इसके कार्यकर्ता सक्रिय हैं । सन 2002 में कोची से प्रारंभ हुआ यह संगठन राष्ट्रीय संगठन सचिव डॉ अशोक कुमार वार्ष्णेय के कुशल नेतृत्व में देश भर में स्वास्थ्य संरक्षण के क्षेत्र में नए नए आयाम स्थापित कर रहा है । उन्होंने बताया कि विश्व स्वास्थ्य संगठन का ध्यान वर्तमान में संक्रामक





रोगों से हटकर नॉन कम्युनिकेबल रोगों की तरफ आकृष्ट हो रहा है । इन रोगों को जीवनशैली जन्य रोग भी कहते हैं । चिकित्सा वैज्ञानिकों के अनुसार पचहत्तर प्रतिशत से अधिक जीवनशैली जन्य रोगों को जीवनशैली को सुधार कर रोका जा सकता है। डायबिटीज, हाइपरटेंशन, अर्थराइटिस, अस्थमा, कैंसर, आईबीएस, महिलाओं में पीसीओएस आदि बीमारियों की निरन्तर बढ़ती हुई संख्या विकृत जीवनशैली का ही परिणाम है । उन्होंने बताया कि आयुर्वेद में आहार, निद्रा और ब्रह्मचर्य जीवन के तीन उपस्तंभ बताए गए हैं । हमारा आहार ही स्वास्थ्य एवं रोग दोनों का कारण है । भोजन का चयन हमेशा प्रकृति, देश, काल एवं ऋतु के अनुसार करना चाहिए । पिज्जा, नूडल्स एवं बर्गर की पाश्चात्य संस्कृति आज की युवा पीढ़ी की पहली पसंद बनती जा रही है जिसके कारण हमारे पारंपरिक व्यंजन भारतीय रसोई से गायब होते जा रहे हैं। ज्वार, बाजरा, साँवा, कोदों, कुटकी, चैना, कुट्टू रामदाना जैसे मिलेट्स देखते ही देखते हमारी थाली से दूर होते जा रहे हैं। कार्य की व्यस्तता के चलते हम समय पर भोजन नहीं कर पाते। अधिक मानसिक तनाव हमारे पाचनतंत्र को बुरी तरह प्रभावित करता है। परिणामस्वरूप देखते ही देखते हम अनेक मनोदैहिक रोगों की चपेट में आ जाते हैं। शाम के आठ बजे के पहले हमें स्वल्प मात्रा में रात्रि भोजन अवश्य कर लेना चाहिये क्योंकि हमारे शरीर के अधिकांश अंग रात में चयापचय के कार्य को बंद कर देते हैं ।परिणामस्वरूप देर रात में मात्रा से अधिक किया गया भोजन अनेक रोगों को जन्म देता है । डॉ तोमर ने जोर देकर कहा कि ब्राह्म मुहूर्त में उठकर योग, व्यायाम एवं प्रशस्त जीवनशैली अपना कर व्यक्ति चिरकाल तक स्वस्थ जीवन जी सकता है। इसके अलावा सकारात्मकता जीवन की गुणवत्ता में चार चाँद लगा देती है। यह संस्थान देश में एक महत्वपूर्ण स्थान रखता है। यहाँ कार्यरत वैज्ञानिकों की कार्यक्षमता राष्ट्र को प्रत्यक्ष प्रभावित करती है। अतः आरोग्य भारती ने इस संस्थान को चुना है। सिम्फर के निदेशक प्रो. (डॉ) अरविन्द कुमार मिश्रा मार्गदर्शन में मानव संसाधन विकास विभाग द्वारा उपर्युक्त व्याख्यान का आयोजन किया गया । इसमें एचआरडी प्रमुख दिलीप कुम्भकार के साथ साथ डॉ जे. के. सिंह एवं जी सुरेश ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई । इस अवसर पर सिम्फर के मुख्य वैज्ञानिक ई. अमरनाथ, दिलीप कुम्भकर, डॉ पी के मंडल, राम लोलारक, डॉ अरुण कुमार सिंह समेत 50 से अधिक वैज्ञानिकों, तकनीकी अधिकारियों, कर्मचारियों एवं वोकेशनल प्रशिक्षुओं ने सक्रिय रूप से हिस्सा लिया क कार्यक्रम में सिम्फर कर्मियों के साथ साथ आरोग्य भारती झारखंड के संयुक्त सचिव जयप्रकाश नारायण सिंह, अध्यक्ष आरोग्य भारती धनबाद जिला डॉ विकास राणा एवं प्रांत पर्यावरण प्रमुख अरुण राय उपस्थित रहे।

### चास नगर निगम को लेकर पूर्व महापौर ने उपायुक्त से की मुलाकात

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** चास नगर निगम क्षेत्र की बदहाल व्यवस्था को लेकर पूर्व महापौर भोलू पासवान ने मंगलवार को बोकारो उपायुक्त से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने बिजली, पानी, एलईडी लाइट और सफाई जैसी मूलभूत सुविधाओं की गंभीर समस्याओं को लेकर विशेष ध्यान देने की मांग की। पूर्व महापौर भोलू पासवान ने उपायुक्त को बताया कि वर्तमान समय में चास नगर निगम में भ्रष्टाचार चरम पर है। उन्होंने नगर निगम द्वारा कराए जा रहे सभी कार्यों की जांच कराने की अपील की। उनका कहना था कि जनता को सुविधाएं नहीं मिल पा रही हैं और नगर निगम का रवैया उदासीन बना हुआ है। बरसात के इस मौसम में कई मोहल्लों की नालियां जाम हैं और समय पर सफाई न होने के कारण घरों में पानी घुस जाता है, जिससे आम लोगों को काफी परेशानी उठानी पड़ रही है। भोलू पासवान ने कहा कि चास की जनता आज मूलभूत सुविधाओं से वंचित है। अगर जल्द सुधार नहीं हुआ तो बड़ा जन आंदोलन किया जाएगा।

# बिरहोर बाल निवास और बीजीएच में महिला समिति ने उपलब्ध कराया वाटर कूलर


**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** 25 जून को महिला समिति, बोकारो की अध्यक्ष श्रीमती अनिता तिवारी द्वारा ट्रेनीज हॉस्टल स्थित बिरहोर बाल निवास में बिरहोर बच्चों के लिए समिति द्वारा उपलब्ध कराइ गई वाटर कूलर मशीन का शुभारंभ किया गया जिससे बच्चों को चौबीस घंटे जल शोधक सुविधा के साथ स्वच्छ पेयजल उपलब्ध हो सकेगा. इसी कड़ी में महिला समिति ने बोकारो जनरल अस्पताल में भी मरीजों की सुविधा के लिए जल शोधक सुविधा के साथ गर्म तथा ठंडा पानी उपलब्ध कराने हेतु दो मशीनें प्रदान की है जिसका शुभारंभ श्रीमती अनिता तिवारी द्वारा किया गया. उल्लेखनीय है कि महिला समिति, बोकारो अपनी विविध गतिविधियों के माध्यम से समाज सेवा की दिशा में हमेशा अग्रणी रही है. वाटर कूलर के शुभारम्भ के मौके पर समिति की उपाध्यक्षगण श्रीमती अल्का मनवती, श्रीमती देवजानी मिश्रा, सचिव श्रीमती ऋचा प्रियदर्शिनी, कोषाध्यक्ष श्रीमती अभिरुचि प्रिया, सांस्कृतिक सचिव श्वेता कुमार, सुरभि प्रभारी अनिशा झा, साबुन व सैनिटरी प्रभारी प्रीति राजेश, विद्यालय प्रभारी आशा राज,




समिता मोहंती आदि मौजूद थी. महिला समिति, बोकारो के इस प्रयास की सभी ने सराहना की.

**बीएसएल में 'फुल-स्टैक डैशबोर्ड डेवलपमेंट' प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन**


बोकारो स्टील प्लांट द्वारा डिजिटल परिवर्तन एवं डेटा-आधारित परिचालन उत्कृष्टता की दिशा में निरंतर प्रयासों के तहत 'फुल-स्टैक डैशबोर्ड डेवलपमेंट' विषय पर मानव संसाधन के ज्ञानार्जन एवं विकास विभाग में दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया. कार्यक्रम के उद्घाटन सत्र में श्री राजन कुमार, मुख्य महाप्रबंधक (सी एंड आईटी) एवं सुश्री नीता बा, मुख्य महाप्रबंधक (ज्ञानार्जन एवं विकास) उपस्थित थे. मुख्य महाप्रबंधक (ज्ञानार्जन एवं विकास) सुश्री नीता बा ने



प्रतिभागियों का स्वागत किया और वर्तमान समय में ऐसे कार्यक्रमों के महत्व को रेखांकित किया. राजन कुमार, मुख्य महाप्रबंधक (सी एंड आईटी) ने प्रतिभागियों को प्रशिक्षण से अधिकतम लाभ लेने और आत्म-अध्ययन के माध्यम से तकनीकी ज्ञान बढ़ाने के लिए प्रेरित किया. प्रशिक्षण कार्यक्रम में विभिन्न विभागों के कुल 18 अधिकारी शामिल हो रहे हैं. यह पहल बीएसएल की व्यापक डिजिटल रणनीति से जुड़ी है, जिसका उद्देश्य इन-हाउस क्षमताओं को मजबूत करना और बाहरी विक्रेताओं पर निर्भरता कम करते हुए डेटा सुरक्षा एवं गवर्नेंस को सुदृढ़ करना है. इस कार्यक्रम में श्री रंजीत कुमार, सहायक महा प्रबंधक (सीएंडआईटी) बतौर फैकल्टी





सहयोग प्रदान कर रहे हैं जिन्होंने बीएसएल में कई डैशबोर्ड के विकास में अग्रणी भूमिका निभाई है. कार्यक्रम के द्वितीय चरण का आयोजन जुलाई 2025 में किया जाएगा. कार्यक्रम के द्वितीय चरण के अंत तक प्रतिभागी डैशबोर्ड विकास एवं डेटा विजुअलाइजेशन, प्रतिक्रियाशील डैशबोर्ड बनाना, से सुरक्षित बैकएंड एपीआई का विकास, रीयल-टाइम डाटा कनेक्टिविटी, प्रदर्शन अनुकूलन, सुरक्षा प्रमाणीकरण और प्राधिकरण प्रोटोकॉल का कार्यान्वयन जैसे आधुनिक विजुअलाइजेशन टूल्स के प्रयोग की क्षमताओं में दक्ष हो सकेंगे. कार्यक्रम का संचालन तथा धन्यवाद ज्ञापन ज्ञानार्जन एवं विकास विभाग के सहायक महाप्रबंधक श्री



अमित आनंद ने किया. कार्यक्रम के आयोजन मे ज्ञानार्जन एवं विकास विभाग के पर्यवेक्षक श्री ऋषिकेश रंजन तथा प्रशिक्षक श्री सिधो चरण मुर्मू का सराहनीय योगदान रहा.

**स्टेट बैंक ऑफ इंडिया तथा बोकारो जनरल अस्पताल के तत्वावधान में रक्तदान शिविर का आयोजन**

बोकारो जनरल अस्पताल के तत्वावधान में आज दिनाँक 25 जून को स्टेट बैंक ऑफ इंडिया सेक्टर -04 शाखा में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया. रक्तदान शिविर में स्टेट बैंक ऑफ इंडिया सेक्टर -04 शाखा के कर्मचारियों तथा ग्राहकों से कुल 20 यूनिट रक्त का संग्रह किया गया.रक्तदान का मुख्य उद्देश्य, थैलेसिमीया, सिकल सेल एनीमिया के मरीजों को रक्त मुहैया कराना, तथा



रक्त की कमी से लोगों की जान न जाए इसलिए लोगों के बीच जागरूकता फैलाना है. एक यूनिट रक्त से तीन लोगों की जान बचाई जा सकती है. ब्लड बैंक के प्रभारी डा० सुरेन्द्र कुमार (ए सी एम ओ) ने बताया कि 18 वर्ष से 60 वर्ष तक का कोई भी स्वस्थ पुरूष स्वेच्छा से एक वर्ष में चार बार तथा एक स्वस्थ महिला एक वर्ष में तीन बार रक्तदान कर सकती है. रक्तदान करने से शरीर के किसी भी अंग में कोई कमजोरी नहीं आती है. इस रक्तदान शिविर को सफल बनाने के लिए रक्त केन्द्र, बोकारो जेनरल अस्पताल के काउन्सलर कविता कुमार (झारखण्ड सरकार), नर्सिंग सिस्टर रजिता एक्का, विनिता, लैब टेकनीशियन मनीष पैट्रिक, विभूतिका एवं कौशल कुमार का अहम योगदान था.

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा डी.बी. कॉर्प. लि. के लिए भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, गोविंदपुर मेन रोड, अशोक नगर, केजी आश्रम, धनबाद (झारखंड) से मुद्रित तथा प्लांट नंबर-31, कॉपरेटिव कॉलोनी, बोकारो स्टील सिटी, जिला बोकारो (झारखंड) से प्रकाशित। संपादक कमल किशोर, नवबिहार टाइम्स (दैनिक), सत्येंद्र नगर, औरंगाबाद (बिहार), स्थानीय संपादक : मनोज विशाल फोन नंबर- 9431145665 8210783623 आर.एन.आई. पंजीकरण संख्या : JHAHIN/2017/72655 E-mail- nbtimesbihar@gmail.com